www.anantgyaan.in

| | | |
|---|---|---|
| सूर्योदय 7:15 | सूर्यास्त 5:45 | |
| आज का तापमान | | |
| शिमला | 9.00 न्यू | 17.05 अधि |
| धर्मशाला | 9.02 न्यू | 21.00 अधि |
| बाजार | | |
| सेंसेक्स | 72568.45 | |
| निफ्टी | 21894.50 | |
| सोना 63,970 | चांदी 71,200 | |



# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

धर्मशाला | रविवार, 14 जनवरी 2024 | 1 माघ, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 27 कुल पृष्ठ 16 मूल्य : 5 रुपए


5100 दीपकों से जगमगाएगा संकट मोचन मंदिर ...पेज 5





AXIS BANK
मकर संक्रांति पर्व
के अवसर पर प्रदेशवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं
मुकेश अग्निहोत्री
उपमुख्यमंत्री हि.प्र.
डॉ. धनीराम शांडिल
स्वास्थ्य मंत्री
चौधरी चंद्र कुमार
कृषि मंत्री
जगत सिंह नेगी
राजस्व मंत्री
हर्षवर्धन चौहान
उद्योग मंत्री
रोहित ठाकुर
शिक्षा मंत्री
विक्रमादित्य सिंह
लोक निर्माण मंत्री
अनिरुद्ध सिंह
पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास मंत्री
राजेश धर्माणी
तकनीकी शिक्षा मंत्री
यादविंद्र गोमा
आयुष मंत्री और युवा सेवाएं एवं खेल
सुखविंद्र सिंह सुक्खू
मुख्यमंत्री हि.प्र.




मकर संक्रांति पर्व की प्रदेशवासियों
को हार्दिक शुभकामनाएं
स्व. राजा वीरभद्र सिंह
पूर्व मुख्यमंत्री
हि.प्र.
विक्रमादित्य सिंह
लोक निर्माण मंत्री
जारीकर्ताः- मुख्य अभियंता
लोक निर्माण विभाग शिमला
आभार
हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचार पत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा करता हूं भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।
अरविंद शर्मा
राज्य प्रमुख ब्यूरो
9418000783, 8894424704

www.anantgyaan.in

सूर्योदय 7:15 सूर्यास्त 5:45

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 9.00 न्यू | 17.05 अधि |
| धर्मशाला | 9.02 न्यू | 21.00 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 72568.45 |
| निफ्टी | 21894.50 |

सोना 63,970 चांदी 71,200

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार


धर्मशाला | रविवार, 14 जनवरी 2024 | 1 माघ, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 27 कुल पृष्ठ 16 मूल्य : 5 रुपए



5100 दीपकों से जगमगाएगा संकट मोचन मंदिर ...पेज 5

## न्यूज शॉर्ट्स

### हिमाचल में भूकंप से डोली धरती, 3.1 रही तीव्रता



**चंबा।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में शनिवार को भूकंप के झटके लगे। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मुताबिक, भूकंप के झटके दोपहर एक बजकर 16 मिनट पर लगे। भूकंप की तीव्रता रियेक्टर स्केल पर 3.1 रही। इसका केंद्र जमीन की सतह से लगभग नौ किलोमीटर नीचे रहा। एसडीएम चंबा अरूण शर्मा ने बताया कि भूकंप से कोई नुकसान नहीं हुआ है।

### महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले में दो और लोग गिरफ्तार

**रायपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऑनलाइन ऐप के जरिये सट्टेबाजी और गेमिंग ऐप मामले में दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। ईडी के अधिवक्ता सौरभ पांडे ने कहा कि नितिन टिबरेवाल और अमित अग्रवाल को हिरासत में लिया गया है। अदालत ने आरोपियों को 17 जनवरी तक ईडी की हिरासत में भेजा है।

### शराब घोटाले मामले में ईडी ने केजरीवाल को भेजा चौथा समन



**नई दिल्ली।** शराब घोटाले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को चौथी बार समन भेजा है। अब तक किसी भी समन में केजरीवाल पेश नहीं हुए हैं। उन्होंने अपनी लीगल टीम से समन का जवाब भेजा था। ईडी ने 18 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया है।

## टॉप स्टोरीज

कुल्लू, लाहौल-स्पीति के पहाड़ों में जमी झीलें ...पेज 4

प्रदेश में एनएच पर होती हैं 50 प्रतिशत दुर्घटनाएं ...पेज 5

सीरीज जीतने उतरेगा भारत कोहली की होगी वापसी ...पेज 14


## अनुभवी स्टाफ चाहिए

प्रदेश के उभरते मीडिया ग्रुप 'अनंत ज्ञान' को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**

मुख्य संपादक, डेस्क पर सब एडिटर और उपमंडल स्तर पर जुझारु, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है।

**मार्केटिंग विभाग**

मार्केटिंग रणनीतियों के इम्प्लीमेंटेशन की देखरेख और मैनेजमेंट के लिए अनुभवी और तेज तर्रार मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

**सर्कुलेशन विभाग**

रीडरशिप और अखबारों की प्रसार संख्या के लिए कुशल और अनुभवी सर्कुलेशन एग्जीक्यूटिव चाहिए।

अपने सीवी भेजें

मोबाइल नंबर: 8894521702

ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

## एजेंसी लेने एवं अनंत ज्ञान की प्रति न मिलने पर

निम्न नंबरों पर संपर्क करें :

मंडी-कुल्लू : 88949-01670

कांगड़ा-चंबा : 98166-45634, 98052-49634



ऊना-हमीरपुर-बिलासपुर : 82192-07770

सोलन-शिमला, सिरमौर 98160-10065


# अयोध्या में सात दिन नहीं आएगी कोई भी ट्रेन

अनंत ज्ञान विशेष




**अयोध्या** में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इसके लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं। रेलवे ने 16 से 22 जनवरी तक यानी सात दिन के लिए अयोध्या जाने वाली सभी ट्रेनों को रद्द या डाइवर्ट कर दिया है।

वहीं, रोडवेज बसें भी 21और 22 जनवरी को अयोध्या में प्रवेश नहीं कर सकेंगी। प्राण प्रतिष्ठा को देखते हुए रूट डायवर्जन किया गया है।

### 16 से 22 जनवरी तक ट्रेनों को कैंसिल और डायवर्ट किया



### सीतामढ़ी से आएगा 2101 दउरा सनेश

**सीतामढ़ी** से 101 वाहनों से 2101 दउरा सनेश भार भेजा जाएगा। वहीं, 500 से अधिक साधु-संत और राम भक्त भी अयोध्या जाएंगे। इस यात्रा में तीन ट्रक और रथ भी शामिल होंगे।

### लड्डुओं का बंटेगा प्रसाद

अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में रामलला को महाकाल मंदिर के लड्डुओं का भोग लगेगा। उज्जैन में महाकाल मंदिर की चिंतामन यूनिट पर लड्डू बनाने का काम शुरू हो गया है।



स्वागत द्वार पर लगाई सात घोड़े पर सवार सूर्य भगवान की प्रतिमा।

### 50 प्रकार के व्यंजनों का स्वाद चखेंगे मेहमान

प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आने आने अतिथियों को 50 प्रकार के व्यंजनों का स्वाद चखने को मिलेगा। अलग-अलग राज्यों की पहचान रखने वाले व्यंजन भी बनेंगे। मसलन लिट्टी-चोखा, राजस्थानी दाल बाटी चूरमा, पंजाबी तड़का, दक्षिण भारतीय मसाला डोसा और इडली, बंगाली रसगुल्ले, जलेबी जैसे कई खास व्यंजन और मिठाइयों को मेन्यू में शामिल किया गया है।

### मायावती और सचिन तेंदुलकर को भेजा निमंत्रण पत्र

बसपा सुप्रीमो मायावती और पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को मिला प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण भेजा गया है। विश्व हिंदू परिषद ने शनिवार को बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को कार्यक्रम के लिए निमंत्रण पत्र भेजा गया है। विहिप के अनुसार, उन्होंने निमंत्रण स्वीकार कर लिया है, लेकिन कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगी।

### एक क्लिक पर घर बैठे मिलेगा प्रसाद

**रामलला** का प्रसाद अपने घर पर मंगवाने के लिए आपको किसी को प्रसाद लाने के लिए नहीं कहना पड़ेगा। इसके लिए आपको घर बैठे ऑनलाइन इस वेबसाइट पर प्रसाद का ऑर्डर देना होगा। khadiorganic.com वेबसाइट पर ऑर्डर कर सकते हैं।

**हैप्पी लोहड़ी...**



प्रदेशभर में लोहड़ी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। शिमला के लोअर बाजार में अलाव में आहुति डालते लोग।

# मल्लिकार्जुन खड़गे होंगे विपक्षी गठबंधन के अध्यक्ष

## बैठक में बनी सहमति, लोकसभा चुनावों की तैयारियों पर भी चर्चा

एजेंसी, नई दिल्ली

**लोकसभा** चुनाव को लेकर विपक्षी गठबंधन ने अपना अध्यक्ष चुन लिया है। सूत्रों के अनुसार, विपक्षी गठबंधन की वर्चुअल बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम पर सहमति बनी है। इससे पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को संयोजक बनाए जाने की चर्चा थी।



भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए निमंत्रण

विपक्षी दलों के नेताओं ने डिजिटल माध्यम से बैठक की और गठबंधन के विभिन्न पहलुओं और लोकसभा चुनावों की तैयारियों पर चर्चा की। सूत्रों ने बताया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना और समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता बैठक में शामिल नहीं हुए। सूत्रों के मुताबिक, खड़गे को विपक्षी गठबंधन का अध्यक्ष बनाने पर आम सहमति बनी। अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के संबंध में आधिकारिक घोषणा का इंतजार है।

सूत्रों ने कहा कि नेताओं ने बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल(यूनाइटेड) अध्यक्ष नीतीश कुमार को विपक्षी गठबंधन का संयोजक बनाने का भी फैसला किया, लेकिन अंतिम फैसला उन पार्टियों से परामर्श करने के बाद लिया जाएगा, जिनके प्रतिनिधि बैठक में मौजूद नहीं थे।

आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से मुकाबला करने के लिए विपक्षी गठबंधन के बैनर तले 28 विपक्षी दल एक साथ आए हैं। बैठक के बाद एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने कहा कि बैठक में जल्द से जल्द सीट शेयरिंग पर फैसला करने पर बातचीत हुई है। पवार ने कहा कि हमने आने वाले दिनों में योजना बनाने के लिए एक समिति भी बनाई है।

### नीतीश बोले- किसी पद में दिलचस्पी नहीं

**नीतीश** ने कहा कि कांग्रेस से ही किसी को गठबंधन का संयोजक बनाया जाए। नीतीश ने कहा कि उनकी किसी पद में दिलचस्पी नहीं है। जमीन पर गठबंधन का काम बढ़ता रहे उनकी चाहत है। संयोजक बनाने के लिए ममता अखिलेश से भी सलाह ली जाएगी। नीतीश के इनकार के बाद कुछ दलों ने लालू के नाम का प्रस्ताव संयोजक के लिए दिया। इस पर नीतीश ने कहा कि अगर ऐसा है, तो लालू जी को ही बना दीजिए। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शीर्ष पद के दूसरे दावेदार थे। हालांकि बैठक में खुद नीतीश कुमार ने कहा कि कांग्रेस से किसी को कमान संभालनी चाहिए। बैठक में नीतीश के संयोजक बनने से इनकार के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को कन्वेनर बनाने पर चर्चा हुई।

### सीट बंटवारे पर किया मंथन

**विपक्षी** गठबंधन को 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए सीट-बंटवारे की कोई योजना अभी तक सामने नहीं आई है। पहली बार ऑनलाइन जुड़े तमाम नेताओं में सीट बंटवारे, संयोजक जैसे मुद्दों पर मुख्य रूप से चर्चा हुई। बैठक में तृणमूल कांग्रेस के अलावा सभी पार्टियां शामिल रहीं। वहीं, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सीएम अरविंद केजरीवाल के बीच बैठक हुई। इस दौरान राहुल गांधी भी मौजूद रहे। लोकसभा चुनाव को लेकर सीट शेयरिंग पर मंथन हुआ।

### भारत ने ब्रिटिश उच्चायुक्त की पीओके यात्रा पर जताई आपत्ति

**नई दिल्ली।** भारत ने इस्लामाबाद में ब्रिटिश उच्चायुक्त की पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) की हालिया यात्रा पर कड़ी आपत्ति जताई है। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को जारी बयान में 10 जनवरी को ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी के साथ इस्लामाबाद में तैनात ब्रिटिश उच्चायुक्त की पीओके की यात्रा को गंभीरता से लेते हुए इसे अत्यधिक आपत्तिजनक बताया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का ऐसा उल्लंघन अस्वीकार्य है। विदेश सचिव ने इस उल्लंघन पर नई दिल्ली में तैनात ब्रिटिश उच्चायुक्त के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न अंग हैं और हमेशा रहेंगे। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान में ब्रिटेन की उच्चायुक्त जेन मैरियट ने 10 जनवरी को पीओके के मीरपुर क्षेत्र का दौरा किया था।

### हमें धमकाने का लाइसेंस किसी को नहीं : मुइज्जू

**नई दिल्ली।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारत पर परोक्ष रूप से कटाक्ष किया है। अपनी पांच दिवसीय चीन यात्रा पूरी कर मालदीव लौटे मुइज्जू ने कहा कि हम छोटे हो सकते हैं, लेकिन उनको हमें धमकाने का लाइसेंस नहीं मिल जाता है। मोहम्मद मुइज्जू ऐसे समय पर चीन गए थे, जब भारत और मालदीव के बीच विवाद चल रहा था। उनके मंत्रियों ने भारत और पीएम मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। दिखाने के लिए ही लेकिन मुइज्जू ने अपने तीन मंत्रियों को सस्पेंड कर दिया था। उन्होंने वापस लौटते ही अपने भारत विरोधी तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। इससे एक बार फिर वह विवाद को बढ़ाते दिख रहे हैं।



### बीआरओ के कैजुअल मजदूरों का होगा 10 लाख का बीमा

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को सीमा सड़क संगठन (बीआरओ), परियोजना कार्यों में जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स की ओर से नियोजित कैजुअल पेड मजदूरों के लिए एक समूह (टर्म) बीमा योजना शुरू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह योजना परियोजना के दौरान किसी मजदूर की मृत्यु होने पर उसके निकटतम परिजन को बीमा के रूप में 10 लाख रुपए का बीमा मूल्य प्रदान करेगी। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रक्षा मंत्री ने हाल ही में सीपीएल की बेहतरी के लिए कई कल्याणकारी उपायों को मंजूरी दी है। इनमें नश्वर अवशेषों का संरक्षण और परिवहन और परिचारक का परिवहन भत्ता अधिकार शामिल हैं।

## प्रदेश के कई इलाकों में दिनभर छाए रहे बादल, मौसम में आए बदलाव से बढ़ी ठंड

# लाहौल-स्पीति और रोहतांग में हल्की बर्फबारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**हिमाचल** प्रदेश के कई भागों में मौसम ने करवट बदली है। प्रदेश के जनजातीय क्षेत्र लाहौल-स्पीति की ऊंची चोटियों सहित प्रसिद्ध पर्यटन स्थल रोहतांग दर्रा में हल्की बर्फबारी हुई है।

मौसम से आए बदलाव से घाटी में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। शनिवार सुबह से रोहतांग दर्रा सहित कुंजम दर्रा, बारालाचा पास, शिंकुला दर्रा, घेपन पीक, चंद्राभागा रेंज की पहाड़ियों पर हल्की बर्फबारी का दौर शुरू हुआ, जबकि कुल्लू व लाहौल घाटी में दिनभर बादल छाए रहे। राजधानी शिमला में सुबह हल्की धूप खिलने के साथ ही शाम तक बादल छाए रहे। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश के मध्य व उच्च पर्वतीय कुछ भागों में 16 व 17 जनवरी को बारिश-बर्फबारी के आसार हैं। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में यह बदलाव आने की संभावना है।



रोहतांग दर्रे पर शनिवार को हुई बर्फबारी के बाद का नजारा।

### मैदानी क्षेत्रों में कोहरे को लेकर येलो अलर्ट

**मैदानी** इलाकों में 14 जनवरी तक घना कोहरा छाए रहने का येलो अलर्ट जारी किया है। शनिवार सुबह भी कई क्षेत्रों में कोहरे के चलते वाहन चालकों को परेशानी हुई।

### कुकुमसेरी सबसे ठंडा स्थल

**मौसम** विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, लाहौल-स्पीति जिला का कुकुमसेरी सबसे ठंडा स्थल रहा, जहां न्यूनतम तापमान 0.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। सुंदरनगर में 3.6 डिग्री, भुंतर में 5.1 डिग्री, कल्पा में 3.8, धर्मशाला में 9.2, ऊना में 4, मनाली में 6.1, कांगड़ा में 6.6, मंडी में 3.8, चम्बा में 5.9, डलहौजी में 6.4, जुब्बलहट्टी में 8.8, कुफरी में 9.2, नारकंडा में 7.3, भरमौर में 9.3, रिकांगपिओ में 7.1 और सियोबाग में 5.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। अगले दो दिनों के दौरान सुबह के समय मंडी, बिलासपुर, हमीरपुर, ऊना, कांगड़ा, सिरमौर और सोलन के अलग-अलग हिस्सों में घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। वाहन चालकों को सुबह के समय सावधानी से यात्रा करने की सलाह दी गई है।

### अमेरिका ने हूतियों पर किए टॉमहॉक मिसाइल से हमले

**सना।** अमेरिका ने दूसरे दिन भी यमन में हूतियों पर हमला किया है और रडार फैसेलिटी को निशाना बनाया है। शनिवार सुबह करीब 3:45 बजे टॉमहॉक मिसाइल से अटैक किया। वहीं, अमेरिका ने कहा कि यह रडार साइट लाल सागर में जहाजों के लिए खतरा थी। यह हमला 12 जनवरी के स्पेशल मिलिट्री ऑपरेशन का फॉलोअप था। इसका मकसद समुद्र में हूतियों के हमला करने की क्षमता को कम करना है। गौर रहे कि शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए व्हाइट हाउस प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा था कि हम जो भी कर रहे हैं, उसका मकसद तनाव बढ़ाना नहीं, बल्कि इसे कम करना है।

**गिरावट** ड्रैगन की अर्थव्यवस्था को बड़ा झटका, सात साल के निचले स्तर पर पहुंचा एक्सपोर्ट

# चाइनीज सामान से किनारा, पहली बार निर्यात घटा

एजेंसी, नई दिल्ली

**चीनी** अर्थव्यवस्था को बड़ा झटका लगा है और सात के निचले स्तर पर एक्सपोर्ट पहुंचा है। कई देश चाइनीज सामान नहीं खरीद रहे हैं। सीमा शुल्क आंकड़ों के अनुसार, 2016 के बाद पहली बार चीनी निर्यात घटा है। दुनिया के देशों ने चीन का सामान खरीदना अब कम कर दिया है। 2024 में मंदी से उबरना मुश्किल होगा।

चीन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अपस्फीति के दबाव से निपटने के लिए संघर्ष कर रही है। साल 2023 में खुदरा महंगाई 14 साल में सबसे कमजोर रही थी। न सिर्फ दुनिया के देश चीनी माल कम खरीद रहे हैं, बल्कि खुद चीन में भी डिमांड काफी कमजोर है।



### हालत सुधरने के आसार नहीं

**सीमा** शुल्क के सामान्य प्रशासन के प्रवक्ता ल्यू डेलियांग ने कहा कि पिछले साल वैश्विक आर्थिक सुधार कमजोर रहा है। सुस्त बाहरी मांग ने चीन के निर्यात को प्रभावित किया है। चीन के निर्यात बाजारों में चुनौतियां जारी रहने की आशंका है। क्योंकि वैश्विक मांग कमजोर रहने की संभावना है।

### चीन झेल रहा दोहरी मार

**चीन** कमजोर डिमांड की दोहरी मार झेल रहा है। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो ने बताया कि नवंबर की तुलना में दिसंबर में खुदरा महंगाई थोड़ी बढ़ी, लेकिन दिसंबर 2022 की तुलना में यह 0.3 फीसदी कम है। 2023 में कीमतें साल 2022 की तुलना में केवल 0.2 फीसदी बढ़ी हैं, जो 2009 के बाद से सबसे कमजोर रीडिंग है। उस समय वैश्विक मंदी के कारण खुदरा महंगाई 0.7 प्रतिशत गिर गई थी। पिछले साल चीन के आयात में भी गिरावट आई है। यह 5.5 फीसदी गिरकर 2.56 ट्रिलियन डॉलर रह गया है। चीन में 823 अरब डॉलर का ट्रेड सरप्लस रहा। साल 2023 में चीन का निर्यात 3.38 ट्रिलियन डॉलर रहा। यह एक साल पहले की तुलना में 4.6 प्रतिशत कम है। साल 2022 में चीन का निर्यात एक साल पहले की तुलना में सात फीसदी बढ़ा था। पिछली बार चीन ने विदेशी शिपमेंट में साल 2016 में गिरावट दर्ज की थी, जब निर्यात 7.7 प्रतिशत गिर गया था।

### सिकुड़ती जा रही चीन की अर्थव्यवस्था

**चीन** की अर्थव्यवस्था में सुधार के लक्षण नहीं दिख रहे हैं। आयात-निर्यात के ताजा आंकड़ों ने उसकी मुश्किल बढ़ा दी है। चीन के निर्यात में आई गिरावट उसके धीमी अर्थव्यवस्था को दिखा रहा है। चीन की इकनॉमी दवाब में है। अगस्त में चीन के निर्यात में 8.8 फीसदी की गिरावट आई है और यह घटकर 287.87 अरब डॉलर पर पहुंच गया। निर्यात ही नहीं आयात के आंकड़ों ने भी शी जिनपिंग की मुश्किलें बढ़ा दी है। आयात एक साल पहले ही तुलना में 7.3 फीसदी गिरकर 216.51 अरब डॉलर पर पहुंच गया है।

### राहुल करें न्याय यात्रा की जगह ज्ञान यात्रा

**रायपुर।** केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि राहुल गांधी को न्याय यात्रा की जगह ज्ञान यात्रा करनी चाहिए। किसी न किसी गांव में उन्हें किसी से ज्ञान जरूर मिलेगा। उन्होंने राज्य की पूर्ववर्ती बेघल सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि यहां के ग्रामीणों को पुरानी सरकार ने जिस ढंग से लूटा, उसे ठीक करने आया हूं।



छत्तीसगढ़ सरकार कैसे बेहतरी के काम करे उसके लिए सबके साथ बैठक करके आगे की कार्रवाई की जाएगी। कांग्रेस नेताओं के अयोध्या न जाने पर गिरिराज सिंह ने कहा कि कांग्रेस हिंदू विरोधी रही है।

## नमो नवमतदाता अभियान की शुरुआत पर बोले नड्डा

# विपक्षी गठबंधन है एक अभासी गठबंधन

एजेंसी, नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी मुख्यालय में 'नमो नवमतदाता' अभियान की शुरुआत की गई। नमो नव मतदाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि 25 जनवरी तक नमो नवमतदाता अभियान के तहत एक करोड़ से अधिक नए मतदाताओं को जोड़ा जाएगा।



राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर 25 जनवरी को प्रधानमंत्री इन सभी नए मतदाताओं को संबोधित करेंगे। इसके लिए देशभर में 5000 से अधिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि विपक्षी गठबंधन एक अभासी गठबंधन है। एक आभासी गठबंधन केवल एक आभासी बैठक करेगा। वे इससे ज्यादा कुछ नहीं कर सकते।

### विपक्षी गठबंधन का परिवार बचाओ और संपत्ति बचाओ एजेंडा

**जेपी** नड्डा ने प्रधानमंत्री मोदी का एजेंडा विकसित भारत, युवा सशक्तिकरण, महिला सशक्तीकरण और गरीबी कम करना है, लेकिन विपक्ष का एजेंडा 'मोदी हटाओ' है। विपक्षी गठबंधन के केवल दो एजेंडे हैं, 'परिवार बचाओ और संपत्ति बचाओ'।

## विश्वभर में आतंक से निरंतर युद्ध लड़ने वाली एकमात्र भारतीय सेना, देश की सुरक्षा के वास्ते सर्वस्व न्यौछावर के लिए है विख्यात

# राष्ट्र 15 को मनाएगा 76वां सेना दिवस, उत्तर प्रदेश में होगा भव्य आयोजन

**अनिल शर्मा, मंडी**

भारत 15 जनवरी को अपना 76वां सेना दिवस मनाने जा रहा है और पहली बार इसका आयोजन राजधानी में न करके उत्तर प्रदेश में किया जाएगा। सेना दिवस की महत्वपूर्ण जानकारी को लेकर अनंत ज्ञान टीम ने कै. जगदीश वर्मा सेवानिवृत्त से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने जानकारी दी कि हर साल 15 जनवरी के दिन भारतीय सेना दिवस मनाया जाता है।



कै. जगदीश वर्मा सेवानिवृत्त

भारतीय सेना एक पेशेवर सेना है, जो देश की सुरक्षा को लेकर हमेशा प्रतिबद्ध रहती है। युद्ध लड़ना हो, देश में किसी बड़ी त्रासदी के आने के बाद रेस्क्यू करना हो या आपातकाल स्थिति में जल्द से जल्द जरूरतमंद लोगों के पास मदद पहुंचाने का काम हो, हमारे भारतीय सैनिक हर जगह मुस्तैदी के साथ काम करते हैं। देश के लिए जवान अपना सर्वस्व न्यौछावर करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।

आतंकवाद से लड़ने के लिए जवान अपनी जान जोखिम में डालने से भी नहीं डरते। आजादी के बाद से ही भारतीय सेना लगातार आतंकवादियों से हर रोज लड़ाई लड़ती आ रही है, यह विश्व की एकमात्र ऐसी सेना है, जो निरंतर युद्ध लड़ती रहती है और 76 सालों में पांच से अधिक बड़े युद्ध और आतंकवादियों से दर्जनों छोटे युद्ध लड़ चुकी है। इस बार 15 जनवरी, 2024 को भारत अपना 76वां सेना दिवस मनाने जा रहा है।

इस गौरवपूर्ण मौके पर नई दिल्ली और देश के विभिन्न सैन्य मुख्यालय में सैन्य परेड, सैन्य प्रदर्शनी और कई दूसरे रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया है। इस दिन देश की सेना की वीरता, शौर्य और कुर्बानी को याद किया जाता है। आजादी के बाद भारतीय सेना ने कई युद्ध लड़े हैं।

इसके अलावा देश में आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए भी भारतीय सेना ने कई बड़े अभियानों को चलाया है। ऐसे में भारतीय सेना दिवस देश की स्वतंत्रता और अखंडता की सुरक्षा के लिए वीर सैनिकों की कुर्बानियों को याद करने का दिन है।

(अनंत ज्ञान)





फाइल फोटो

### कौन थे फील्ड मार्शल केएम करियप्पा



**भारतीय** सेना में फील्ड मार्शल की पांच सितारा रैंक वाले दो ही अधिकारी रहे हैं। पहले केएम करियप्पा और दूसरे अधिकारी फील्ड मार्शल शैम मानेकशॉ हैं। केएम करियप्पा का जन्म 28 जनवरी, 1900 को कर्नाटक में हुआ था। पहले विश्वयुद्ध (1914 से 1918) के दौरान उन्हें सैन्य प्रशिक्षण मिला था। 1942 में करियप्पा लेफ्टिनेंट कर्नल का रैंक पाने वाले पहले भारतीय अफसर बने। 1944 में उन्हें ब्रिगेडियर बना दिया और बन्नू फ्रंटियर ब्रिगेड के तौर पर तैनात किया। 15 जनवरी 1986 को उन्हें फील्ड मार्शल बनाने की घोषणा की, तब उनकी उम्र 86 साल की थी।

### लेह को भारत का हिस्सा बनाने में रही महत्वपूर्ण भूमिका

**फील्ड** मार्शल करियप्पा अपने 1947 में भारत पाकिस्तान युद्ध में पश्चिमी कमान संभाली थी। लेह को भारत का हिस्सा बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। नवंबर 1947 में करियप्पा को सेना की पूर्वी कमान प्रमुख बनाया गया था, लेकिन दो महीने के अंदर ही कश्मीर में हालत खराब हुए तो उन्हें जल्द दिल्ली और पूर्वी पंजाब का जीओसी इन चीफ बनाया गया। उन्होंने ही इसका नाम पश्चिम कमान रखा। लेह जाने वाली सड़क आदेशों के मुताबिक तब तक नहीं खोली जा सकती थी, जब तक भारतीय सेना का जोजिला, द्रास और कारगिल पर कब्जा नहीं हो जाता। ऊपर के अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करते हुए भी करियप्पा ने वही किया। उन्होंने ऐसा नहीं किया होता तो आज लेह भारत का हिस्सा नहीं होता। इसके साथ ही करियप्पा ने उनकी योजनाओं के तहत भारतीय सेना ने पहले नौशेरा और झनगर पर कब्जा किया और फिर जोजिला द्रास से भी हमलावरों को पीछे धकेल दिया था। केएम करियप्पा 1953 में सेवानिवृत्त हो गए थे और वर्ष 1993 में 94 साल की उम्र में उनका निधन हो गया।

### इसलिए मनाया जाता है भारतीय सेना दिवस

**भारतीय** सेना का गठन ब्रिटिश साम्राज्य के अधीन किया गया था। यह वह समय था, जब सेना सेना में वरिष्ठ अधिकारी ब्रिटिश के ही हुआ करते थे। गौर करने वाली बात है कि 1947 में भारत के आजाद होने के बाद भी सेना में जो वरिष्ठ अधिकारी थे, वे ब्रिटिश मूल के ही थे। साल 1949 में जनरल फ्रांसिस बुचर आखिरी ब्रिटिश सेना के कमांडर थे और वह भी ब्रिटिश मूल के थे। उनके जाने के बाद लेफ्टिनेंट जनरल केएम करियप्पा भारत के पहले भारतीय अधिकारी बने थे। 15 जनवरी के दिन ही भारतीय लेफ्टिनेंट जनरल केएम करियप्पा ने भारतीय सेना की कमान जनरल फ्रांसिस बुचर से ली थी। वह भारतीय सेना के लिए बहुत ही खास क्षण था। इसी दिन देश की सेना का नेतृत्व पहली बार किसी भारतीय के हाथ में पहुंचा था। इसी वजह से हर साल 15 जनवरी के ही दिन भारतीय सेना दिवस मनाया जाता है।

## न्यूज ब्रीफ

### चिट्टे के साथ पकड़े गए आरोपी को तीन दिन का रिमांड



**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर पुलिस ने चिट्टे के मामले में पकड़े गए आरोपी को शनिवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से आरोपी को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। बता दें कि जोगिंद्रनगर पुलिस ने कन्या पाठशाला के पास नाका लगाया था। नाके के दौरान मिनी सचिवालय की तरफ से आ रही गाड़ी को जब जांच के लिए रोका गया, तो चेकिंग के दौरान वाहन चालक से छह ग्राम हेरोइन बरामद की गई। इसके आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी से नाके में हुई चेकिंग के दौरान उपरोक्त मात्रा का चिट्टा बरामद हुआ है। इसमें जोगिंद्रनगर के बालकरूपी के एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। नाके में पुलिस टीम में एसआई संजीव, एएसआई पंकज, मुख्य आरक्षी अमर सिंह, रविराज शामिल रहे।

### 23.15 ग्राम चरस के साथ एक गिरफ्तार



**ज्वालामुखी।** पुलिस थाना ज्वालामुखी के अंतर्गत शुक्रवार रात पुलिस ने गश्त के दौरान ज्वालामुखी से भैरो मंदिर मार्ग पर स्ट्रीट लाइट के पास एक व्यक्ति को अकेला बैठे हुआ पाया, जो कि पुलिस की गाड़ी को आता देखकर घबराकर इधर-उधर जाने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उक्त युवक को पकड़ा और तलाशी के दौरान उससे 23.15 ग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी युवक अनिल कुमार पुत्र श्रवण कुमार (29) निवासी खग्गल हमीरपुर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि डीएसपी ज्वालामुखी विकास धीमान ने की है।


### 16 किलो चूरापोस्त के साथ दो गिरफ्तार



**सोलन।** कुनिहार पुलिस ने शिमला की ओर से आ रहे एक ट्रक की तलाशी के दौरान वाहन में छिपा कर रखा गया लगभग पौने 16 किलो चूरापोस्त बरामद करते हुए ट्रक में सवार दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक व्यक्ति सोलन के नालागढ़ का और दूसरा कंडाघाट का रहने वाला है। सोलन के पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार वीरवार को पुलिस थाना कुनिहार की एक टीम गश्त पर निकली थी। कुनिहार बाजार में स्यांवा बांवड़ी गांव के पास शिमला की तरफ से आ रहे ट्रक नंबर (एचपी12 क्यू - 7847) से चेकिंग के दौरान ट्रक के केबिन से प्लास्टिक लिफाफों के अंदर छिपाई गई कुल 15 किलो 648 ग्राम चूरा पोस्त (भुक्की) बरामद की। इस अभियोग में ट्रक चालक नालागढ़ के मनलोग कला क्षेत्र के लूणा गांव निवासी तथा कंडाघाट के कांशीपट्टा गांव के मुकेश कुमार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों का चार दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया है। एसपी गौरव सिंह ने बताया मामले की जांच जारी है।

### राज्यपाल और सीएम ने प्रदेशवासियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं





**शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मकर संक्रांति के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने संदेश में आशा व्यक्त की कि यह शुभ अवसर राज्य के लोगों के जीवन में समृद्धि और खुशहाली लाएगा। उन्होंने कहा कि यह पर्व जीवन में नवीन ऊर्जा के संचार का भी प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उत्सव हमें अपने प्रियजनों एवं मित्रों के साथ खुशियां बांटने का अवसर प्रदान करता है और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कामना की कि उत्साह और उल्लास से परिपूर्ण यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और उन्नति लेकर आए।

# कुल्लू, लाहौल-स्पीति के पहाड़ों में जमी झीलें

## अब चार महीने बाद झीलों से हटेगी बर्फ की चादर, पर्यटकों व स्थानीय लोगों को बर्फबारी का इंतजार

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

पहाड़ी क्षेत्रों में पारा शून्य के नीचे लुढ़क गया है। तापमान में आई भारी गिरावट के कारण कुल्लू, लाहौल-स्पीति, के पहाड़ों की झीलें जम गई हैं। जिला कुल्लू के भुंतर में न्यूनतम तापमान माइनस 0.5 डिग्री सेल्सियस, जबकि मनाली में माइनस 0.4 न्यूनतम तापमान पहुंच चुका है। वहीं, लाहौल-स्पीति में पारा शून्य से नीचे जाने से ठिठुरन बढ़ गई है, जिले के ऊंचे क्षेत्रों में स्थित झीलों को निहारने के लिए लाखों पर्यटक हर वर्ष आते हैं, लेकिन अब सर्दियों में झीलें जम जाने से इन स्थानों ओर सन्नाटा छा गया है।

प्रदेश की इन झीलों का अपना ही महत्व है। कई धार्मिक दृष्टि से तो कई पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। अब गर्मियां आने पर ही इन झीलों के पास पर्यटकों की चहलकदमी हो सकेगी। उधर, जिला कुल्लू के आनी स्थित सरयोलसर झील भी इन दिनों पूरी तरह जम चुकी है। मणिकर्ण घाटी के तहत आने वाली मानतलाई झील गर्मियों के दिनों में पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है। यह झील पार्वती घाटी में स्थित है और पार्वती नदी का उद्गम इसी झील से होता है। इस झील के जमने के साथ ही पार्वती नदी का जल प्रवाह भी कम हो गया है। दूसरी ओर भृगु झील, ऋषि भृगु को समर्पित है। ऐसी मान्यता है कि उन्होंने यहां पर तपस्या की थी। यह झील 4300 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। लिहाजा, लाहौल-स्पीति जिला की तमाम झीलें, नदी-नाले और झरने सब जम गए हैं, इससे इन झीलों का सौंदर्य निखर उठा है। अटल टनल के मुहाने पर सिस्सू में बनाई गई कृत्रिम झील जम जाने के कारण यह पर्यटकों के लिए आकर्षण का विषय बन गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार बर्फबारी नहीं होने के चलते मौसम खुष्क बना हुआ ह। ऐसे में हर बार झील जमने से इस बार झील पर अधिक मोटी परत जम गई है, जो बर्फबारी होने पर इतनी अधिक नहीं जमती थी। घाटी में समुद्र तल से 14 हजार फुट की ऊंचाई में चंद्रताल झील, 16 हजार फुट की ऊंचाई पर बनी सूरज ताल, 13,700 फुट ऊंचाई डंखर लेक के साथ साथ मनाली की पहाड़ियों में दौशेर, भृगु लेक जम गई है और यहां सर्दियों में लोगों के जाने पर मनाही है।

(अनंत ज्ञान)



पर्यटन स्थल सिस्सू की झील, जो कि इन दिनों पूरी तरह से जमी हुई है।



ठंड से बर्फ बनी जिला कुल्लू के आनी स्थित सरयोलसर झील।

### लाहौल-स्पीति की मुख्य झीलें

**सूरजताल,** चंद्रताल झील, दशहर झील व ढंखर झील, कंठ झील आदि प्रमुख झीलें हैं। यह सभी झीलें इन दिनों तापमान में आई भारी गिरावट के कारण जमने लगी हैं। यहां लोगों को पेयजल की भारी किल्लत रहती है। सभी पाइपें भी जमने लगी हैं।

### ये है कुल्लू जिले की झीलें

**कुल्लू** की सरयोलसर, मानतलाई, मठासौर, डायनासौर, बड़ासौर व भृगु, मनतलाई झील,दशोहर झील सहित अन्य झीलें इन दिनों पूरी तरह जम चुकी हैं। ठंड में झीलों के जमने के साथ ही लोगों ने भी इन रास्तों पर चलने से गुरेज ही किया है। यह सभी झीलें इन दिनों तापमान में आई भारी गिरावट के कारण जमने लगी हैं।

# बद्दी में रीगल सिंथेटिक कंपनी से छह लाख का माल चोरी

## औद्योगिक क्षेत्र में बढ़ रहीं चोरियां, मामला दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**



औद्योगिक क्षेत्र बद्दी के उद्योग पिछले कुछ दिनों से चोरों के निशाने पर चल रहे हैं। शातिर रात के समय कंपनियों में प्रवेश कर माल पर हाथ साफ कर रहे हैं। ताजा मामला बद्दी में बाथरूम फिटिंग निर्माता उद्योग में छह लाख के करीब माल चोरी का मामला सामने आया। पुलिस को दी शिकायत में रीगल सिंथेटिक के मालिक लाजपत राय ने कहा कि इसने अपनी कंपनी का कार्य पूरा होने के बाद तैयार माल कंपनी परिसर में ही रखा था।

बीते दिन कंपनी बंद थी तो सुबह आकर देखा तो छह लाख के करीब का माल गायब था, जब कंपनी में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो पता लगा कि कुछ अज्ञात व्यक्ति कंपनी के परिसर में आकर माल चोरी कर रहे थे। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। डीएसपी बद्दी प्रियंक गुप्ता ने बताया कि चोरी की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और जल्द ही आरोपी हिरासत में होंगे।



कंपनी में चोरों ने लगाई सेंध।

### छेड़छाड़ के आरोपी को कोर्ट से मिली अंतरिम जमानत

**मंडी।** मंडी के एक ट्यूशन सेंटर चलाने वाले टीचर पर छेड़छाड़ के आरोप में अब तक 3 एफआईआर दर्ज हो चुकी है। चार दिन पहले हुई एक एफआईआर की तहकीकात करने के उपरांत पुलिस ने आरोपी टीचर को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से अंतरिम जमानत पर रिहा कर दिया है। वहीं एएसपी सागर चंद्र ने बताया कि मामले को लेकर अब तक तीन छात्राओं ने शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस निष्पक्षता के साथ काम कर रही है और सभी पहलुओं पर गौर करते हुए अपनी जांच को आगे बढ़ा रही है। गौर हो कि 10वीं कक्षा की एक छात्रा ने पुलिस में दी शिकायत में कहा है कि पहले इसे गलती से हुआ स्पर्श मान कर अनदेखा किया, मगर जब टीचर ने पुनः उसके साथ अश्लील हरकत की, तो उसने सेंटर से भाग कर अपनी सहेलियों को यह बात बताई। सहेलियां ने यह मामला माता-पिता के ध्यान में लाया। महिला पुलिस थाना भ्यूली में परिजनों से शिकायत दर्ज करवाई, उसके उपरांत दो अन्य छात्राओं ने भी शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# रिजर्व बैंक में ग्रेड-बी ऑफिसर की परीक्षा में फर्स्ट अतुल शर्मा का जोरदार स्वागत

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर उपमंडल की बुहला भड़याड़ा पंचायत के बैला गांव के अतुल शर्मा ने भारतीय रिजर्व बैंक में ग्रेड-बी ऑफिसर की परीक्षा में पूरे भारत में प्रथम स्थान हासिल किया है पर शनिवार को अतुल शर्मा का उनके गांव पहुंचने पर भव्य स्वागत किया। भारतीय रिजर्व बैंक में ग्रेड बी आफिसर परीक्षा में अतुल शर्मा ने पहला स्थान प्राप्त करके देशभर में समूचे जोगिंद्रनगर का नाम रोशन किया है। अतुल शर्मा वर्तमान में नेहरू युवा केंद्र बिलासपुर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत में बतौर जिला युवा अधिकारी के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। अतुल के पिता बृज लाल हिमाचल पुलिस विभाग से सब-इंस्पेक्टर के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। अतुल ने जवाहर लाल गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज सुंदरनगर से बीटैक करने के बाद भारतीय वन प्रबंधन संस्थान से पोस्ट ग्रैजुएशन की है।

वर्ष 2019 में अतुल पहली बार रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की परीक्षा में बैठे, परंतु आधे नंबर से अंतिम सूची में नाम दर्ज कराने से चूक गए थे। इसके बाद कठिन परिश्रम, निष्ठा एवं परिवार के सहयोग से वह इस वर्ष पूरे भारत वर्ष में पहले स्थान पर रहे। अतुल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने ताया, माता-पिता, पत्नी और पूरे परिवार को दिया है। अतुल की इस उपलब्धि पर उसके ताया, माता पिता, पत्नी और पंचायत के लोग गर्व महसूस कर रहे हैं। अतुल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा दादी, ताया, माता-पिता, पत्नी और अपने गुरुजनों को दिया है। उन्होंने युवा पीढ़ी को संदेश देते हुए कहा कि उठो चलो जब तक आप अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं करते हो।

(अनंत ज्ञान)



अतुल शर्मा का जोगिंद्रनगर में स्वागत।

**मुलाकात** सर्व अनुबंध कर्मचारी महासंघ के प्रतिनिधिमंडल को सीएम ने दिया आश्वासन

# अनुबंध नियमितिकरण पर किया जाएगा विचार-विमर्श

**अनंत ज्ञान, अर्की**

हिमाचल प्रदेश सर्व अनुबंध कर्मचारी महासंघ का प्रतिनिधिमंडल प्रदेशाध्यक्ष कामेश्वर शर्मा की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी से प्रदेश सचिवालय शिमला में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से गत दो दिसंबर को अनुबंध कर्मचारियों के नियमितिकरण के संदर्भ में जारी अधिसूचना को निरस्त करने का प्रस्ताव दिया।

इस अधिसूचना के अनुसार अब वर्ष में केवल एक बार मार्च महीने में ही अनुबंध कर्मचारियों को नियमित किया जाएगा, जबकि पहले नियमितिकरण वर्ष में दो बार मार्च तथा सितंबर महीने में होता था।



सीएम सुक्खू से मांगों को लेकर मिलता सर्व अनुबंध कर्मचारी महासंघ का प्रतिनिधिमंडल।

### 6000 कर्मचारी हो रहे प्रभावित

**महासंघ** के प्रदेशाध्यक्ष कामेश्वर शर्मा ने बताया कि साल में एक बार अनुबंध कर्मचारियों को नियमित करने की इस अधिसूचना से प्रदेशभर में लगभग 6000 कर्मचारी प्रभावित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू तथा मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने आश्वासन दिया है कि शीघ्र ही इस समस्या पर विचार-विमर्श किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलदीप गुलेरिया, प्रदेश महासचिव संधिरा तेगटा ठाकुर, सलाहकार समिति सदस्य अमित शर्मा, जितेंद्र शर्मा, आतिश, दिनेश नायक, विनोद शर्मा, भुपेंद्र शर्मा, सुरेंद्र, राकेश, दीपक व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# नालागढ़ के स्टोन क्रशर का बिजली कनेक्शन काटा

## नियम पूरे न होने और प्रदूषण फैलाने पर की गई कार्रवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बीबीएन**

औद्योगिक क्षेत्र के अंदरोला स्थित स्टोन क्रशर पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने बड़ी कार्रवाई कर बिजली कनेक्शन काट दिया है। स्टोन क्रशर पिछले काफी समय से नियमों की अनदेखी करते हुए प्रदूषण फैला रहा था, जिसकी कई लोग शिकायत भी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को दे चुके थे। बीते दिनों एक टीम ने निरीक्षण करते हुए रिपोर्ट बोर्ड के सदस्य सचिव को भेजी थी। रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई की गई।

इस क्रशर से साथ लगते गांव में ध्वनि और वायु प्रदूषण हो रहा था। शिकायत के बाद हुए निरीक्षण में पाया गया कि क्रशर में वाटर स्प्रिंकल की कोई भी व्यवस्था नहीं थी। इससे धूल उड़ रही थी। लोगों की फसलें व चारा खराब हो रहा था। इसके अलावा लोगों को धूल से सांस लेने में भी दिक्कत हो रही थी। वहीं, कई अन्य प्रकार की कई कमियां पाई गईं। सचिव ने लोगों की समस्या को ध्यान में रखते हुए इस क्रशर के बिजली के कनेक्शन काटने के आदेश किए। शनिवार को बिजली बोर्ड ने क्रशर के कनेक्शन काट दिए। बिजली बोर्ड के सहायक अभियंता सीआर वर्मा ने कनेक्शन काटने की पुष्टि करते हुए बताया कि प्रदूषण बोर्ड के आदेश पर उन्होंने यह कार्रवाई की है।



फाइल फोटो

# राजधानी में सुंदर मुंदरिए हो, तेरा कौन बेचारा हो...

## लोहड़ी की बधाइयां देते हर लोगों में बांटी मूंगफली और रेवड़ी, शिमला में धूमधाम से मनाया लोहड़ी का त्योहार, शाम छह से आठ बजे तक लोहड़ी मनाने का रहा शुभ मुहूर्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला में लोहड़ी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। शाम छह से आठ बजे तक लोहड़ी मनाने का शुभ मुहूर्त रहा। इस दौरान लोगों ने मूंगफली और रेवड़ी बांटकर एक-दूसरे को बधाइयां दीं। बच्चों की टोलियां ने भी जमकर मस्ती की।

शहर में कई जगहों पर रात में डीजे पार्टी भी की गई। इस दौरान कई क्षेत्रों में अलाव जलाया गया और एक-दूसरे को लोहड़ी की शुभकामनाएं दीं। लोगों ने सुंदर मुंदरिए हो, तेरा कौन बेचारा हो गाना गाकर लोहड़ी मनाई। शिमला के लोअर बाजार, माल रोड, विकासनगर, न्यू शिमला, कसुम्पटी और संजौली में भी लोहड़ी धूमधाम से मनाई गई। गंज बाजार और लोअर बाजार समेत आसपास के इलाकों तथा होटलों में भी अलाव जलाए गए। बाहरी राज्यों से आए पंजाबी पर्यटकों ने अलाव के पास जाकर मस्ती की ओर ढोल की थाप पर जमकर नाच-गाना किया।



शिमला में लोहड़ी पर्व के पावन अवसर पर लोअर बाजार में लोहड़ी मनाते लोग।

### लोहड़ी में बनाए गए विशेष पकवान

लोहड़ी के दिन विशेष पकवान बनाए गए। इसमें गजक, रेवड़ी, मूंगफली, तिल-गुड़ के लड्डू, मक्का की रोटी और सरसों का साग प्रमुख है। लोहड़ी से कुछ दिन पहले से ही छोटे बच्चे लोहड़ी के गीत गाकर लोहड़ी हेतु लकड़ियां, मेवे, रेवडियां, मूंगफली इकट्ठा करने लग जाते हैं।

### त्योहार का महत्व

लोहड़ी का सबंध भी पंजाब के गांव, फसल और मौसम से है। इस दिन से मूली और गन्ने की फसल बोई जाती है। इससे पहले रबी की फसल काटकर घर में रख ली जाती है। खेतों में सरसों के फूल लहराते दिखाई देते हैं।



शिमला में लोहड़ी पर्व के पावन अवसर पर लोअर बाजार में लोहड़ी मनाते लोग।

---

सेना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा

# सेना के इतिहास और वीरता की झलक देखने को मिलेगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- शहरवासियों सहित पर्यटकों को सेना की वीरता और शौर्य की गाथाओं की मिलेगी जानकारी

प्रदेश की राजधानी शिमला में लोगों को भारतीय सेना के समृद्ध इतिहास और वीरता की झलक दिखने को मिलेगी। 15 और 16 जनवरी को शिमला स्थित, सेना प्रशिक्षण कमान की ओर से सेना दिवस 2024 के अवसर पर नो योर आर्मी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इन दिनों में शिमला में यह अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है।

यह कार्यक्रम 15 जनवरी 2024 को अन्नाडेल तथा आर्मी हेरिटेज म्यूजियम में और 16 जनवरी को रिज, शिमला में आयोजित किया जाएगा। इसमें सेना के हथियार एवं उपकरण प्रदर्शन और कई अन्य कार्यक्रम शामिल होंगे। बच्चों के लिए 16 जनवरी को 'द रिज' पर एक पेंटिंग प्रतियोगिता और एक्सटेम्पोर स्पीच प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी और कार्यक्रम के दौरान पुरस्कारों के साथ नो योर आर्मी क्विज भी आयोजित किया जाएगा। भारतीय सेना के समृद्ध इतिहास और वीरता की झलक दिखाने वाली ऑडियो-वीडियो फिल्में दिखाई जाएंगी। इसके अलावा भारतीय सेना में शामिल होने की जानकारी समेत विभिन्न स्टॉल लगाए जा रहे हैं।

जनरल (बाद में फील्ड मार्शल) के एम करियप्पा ने 1949 में अंतिम ब्रिटिश कमांडर-इन-चीफ जनरल फैंसिस रॉय बुचर से भारतीय सेना की कमान संभाली थी, और स्वतंत्रता के बाद भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ बने थे। उस अवसर को याद करने के लिए हर साल 15 जनवरी को 'सेना दिवस' के रूप में मनाया जाता है। यह आयोजन सभी लोगों के लिए खुला है। इस तरह के आयोजनों से भारतीय सेना के लंबे और गौरवशाली इतिहास के बारे में समाज में जागरूकता बढ़ेगी।

# शाम को स्केटिंग का सत्र हो रहा प्रभावित



शिमला के आइस स्केटिंग रिंक में स्केटिंग करते स्केटर्स।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

आइस स्केटिंग रिंक में बर्फ की अच्छी परत जमने से लगातार सत्र आयोजित हो रहे हैं। हालांकि दो दिनों से दोपहर के समय तापमान में बढ़ोतरी होने से शाम का सत्र प्रभावित हो रहा है। बीते 18 दिसंबर से जारी आइस स्केटिंग का सत्र जारी है और अब तक 36 सत्र हो चुके हैं।

आने वाले दिनों में आइस स्केटिंग के लिए मौसम अनुकूल ही रहेगा। शनिवार को भी आइस स्केटिंग का सुबह का सत्र आठ से 10 बजे तक चला। इस दौरान काफी संख्या में लोगों विशेषकर बच्चों व युवाओं ने आइस स्केटिंग का लुत्फ उठाया।

आइस स्केटिंग क्लब के सचिव मनप्रीत सिंह सेंबी ने बताया कि शनिवार को सुबह का सत्र आयोजित होते ही इस बार सत्रों की संख्या 36 हो गई है, जोकि पिछले सत्र की तुलना में अधिक है।

# फिल्मी हस्तियों में लगा जमावड़ा कुफरी पहुंचे अभिनेता नाना पाटेकर

**जय ठाकुर, शिमला**

- फिल्म शूटिंग के सिलसिले में अभिनेत्री सिमरत कौर और उत्कर्ष शर्मा सहित कलाकार पहुंचे
- 16 जनवरी शिमला सहित आसपास के क्षेत्रों में शूटिंग का कार्यक्रम

राजधानी शिमला में सर्दी के मौसम में बॉलीवुड की खुमारी छा गई है। बॉलीवुड अभिनेता नाना पाटेकर और अभिनेत्री सिमरत कौर व उत्कर्ष शर्मा सहित अन्य कलाकार भी आज शिमला के मशोबरा पहुंचे। मिली जानकारी के अनुसार बॉलीवुड अभिनेता यहां पर फिल्म जर्नी की शूटिंग के सिलसिले में पहुंचे हैं।

बॉलीवुड प्रसिद्ध अभिनेता नाना पाटेकर ने पहली बार शिमला की वादियों का रुख किया है। फिल्म की शूटिंग मशोबरा, कुफरी, नालदेहरा और माल रोड पर होगी। 20 फरवरी तक कलाकार हिल्सक्वीन की वादियों में अभिनय करेंगे। इससे पहले फिल्म की बनारस में शूटिंग की गई है।

यहां मंदिर, घाट, नाव के दृश्यों के साथ फिल्म को शूट किया गया है। यह फिल्म पिता और बेटे के रिश्तों पर बनाई जा रही है। इसमें नाना पाटेकर पिता का किरदार निभा रहे हैं। गदर टू में सनी देओल के बेटे और जीनियस फिल्म में नायक का किरदार निभाने वाले उत्कर्ष शर्मा इस फिल्म में नाना पाटेकर के बेटे का किरदार निभाएंगे। इसके साथ ही राजपाल यादव कॉमेडियन का किरदार निभाएंगे।

अभिनेत्री सिमरत कौर फिल्म की नायिका हैं। फिल्म के डायरेक्टर अनिल शर्मा भी शिमला आएंगे। उन्होंने शिमला में इससे पहले गदर और गदर-टू फिल्म की शूटिंग की है। लंबे समय के बाद शिमला की वादियों में बड़े पर्दे की फिल्म शूट की जाएगी। इससे पहले 2022 में बॉलीवुड की फिल्म शूट की गई थी।

इसमें अभिनेता अनिल कपूर और आदित्य रॉय कपूर ने अभिनय किया था। सुत्रों की प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 जनवरी से मशोबरा में फिल्म की शूटिंग होगी। इसके बाद शिमला के अन्य पर्यटक स्थलों में शूटिंग होगी। 20 फरवरी तक शिमला में फिल्म की शूटिंग चलेगी। (अनंत ज्ञान)

### लाइट कैमरा और एक्शन रहेगा गुंजायमान



शूटिंग के दौरान कई जानमाने क्षेत्रों में लाइट कैमरा और एक्शन गुंजायमान रहेगा। शिमला के स्थानीय लोगों सहित पर्यटकों को भी फिल्म की शूटिंग देखने का मौका मिल सकता है। बॉलीवुड अभिनेताओं की एक झलक पाने के लिए लोग शूटिंग स्थल की ओर भी रुख कर सकते हैं। राजधानी में इससे पहले भी कई फिल्मों की शूटिंग के दौरान लोगों की ओर से फिल्म देखने में भारी दिलचस्पी देखी गई है।

---

# मुद्रा लोन योजना, ऋण योजनाओं के लाभ से लोगों को अवगत करवाया

## हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक ने ढली में लगाया वित्तीय जागरूकता शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक की ओर से ढली मंडी में एक दिवसीय वित्तीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इसमें जिला वित्तीय साक्षरता समन्वयक आकाश गुप्ता ने लोगों को वित्तीय साक्षरता के लाभ के बारे में बताया व साथ ही विभिन्न ऋण योजनाएं, जो कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार की ओर से शुरू की गई हैं, उसकी जानकारी भी दी गई। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम मुद्रा लोन योजना और विभिन्न ऋण योजनाओं के लाभ से लोगों को अवगत किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को बचत खाता खोलने के बारे में भी जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति, प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और एटीएम, गूगल-पे, भीम दो ऐप, फोन-पे, हिम पैसा आदि भिन्न भिन्न डिजिटल माध्यमों से लेन-देन करने के बारे में बताया। आकाश गुप्ता ने बताया कि डिजिटल के माध्यम से लेन-देन करते समय सावधानी बर्तनी चाहिए। अपना एटीएम का नंबर, पिन नंबर, आधार कार्ड नंबर, ओटीपी, सिविवि नंबर किसी अनजान व्यक्ति से शेयर नहीं करना चाहिए।




बैंक की ओर से ढली में एकदिवसीय वित्तीय जागरूकता शिविर के आयोजन पर मौजूद लोग।

# एबीवीपी ने स्कूल, कॉलेजों में पीरियड आधार पर भर्ती का किया विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- कहा-छात्रों के विश्वास और भविष्य के साथ खेल रही प्रदेश सरकार
- मुख्यमंत्री ने विभाग को इसका प्रस्ताव बनाकर मंत्रिमंडल को सौंपने के निर्देश दिए हैं
- नेट, सेट की परीक्षा को उत्तीर्ण कर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए युवाओं के साथ धोखा


हिमाचल प्रदेश सरकार ने प्रदेश भर में 2600 अतिथि शिक्षकों को स्कूल और कॉलेजों में पीरियड आधार पर भर्ती करने की बात कही है।

एबीवीपी इसका पूर्ण रूप से विरोध कर रही है। शुक्रवार को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में दुर्गम, जनजातीय सहित अन्य क्षेत्रों में रिक्त पदों को भरने के लिए यह फैसला प्रदेश सरकार की ओर से लिया गया है। स्कूल व कॉलेजों में गेस्ट फैकल्टी की नियुक्ति करने की तैयारी में है। छठी कक्षा से कॉलेज तक के विद्यार्थियों को पढ़ाने का जिम्मा इन शिक्षकों को दिया जाएगा। यह फैसला शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान लिया गया। मुख्यमंत्री ने विभाग को इसका प्रस्ताव बनाकर मंत्रिमंडल को सौंपने के निर्देश दिए हैं। एबीवीपी के प्रदेश मंत्री आकाश नेगी ने कहा कि गैप अरेंजमेंट के नाम पर स्कूली स्तर से कॉलेज स्तर तक अब गेस्ट फैकल्टी के भरोसे छात्रों को पढ़ाया जाएगा। कहीं न कहीं इस कारण शिक्षण संस्थानों में छात्रों की सालों की मेहनत पर पानी फिर जाएगा।

यह नेट, सेट की परीक्षा को उत्तीर्ण कर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए युवाओं के साथ धोखा है। हिमाचल के हजारों युवाओं को उनकी शिक्षा पूर्ण करने के बाद में स्थायी तौर से रोजगार न दे पाना और चुनाव से पहले युवाओं को रोजगार के सपने दिखाना गलत है।

# तत्तापानी में कल शिरकत करेंगे लोक निर्माण मंत्री

**शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह कल 14 जनवरी को तत्तापानी में जिला स्तरीय मकर संक्रांति मेले में शिरकत करेंगी। इस दौरान उनके साथ लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी साथ होंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के राजनीतिक सचिव अमित पाल सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिभा सिंह अपने संसदीय क्षेत्र मंडी के करसोग विधानसभा क्षेत्र के तत्तापानी के एकदिवसीय दौरे पर रहेंगी। प्रतिभा सिंह 14 जनवरी की सुबह 11,30 बजे शिमला से तत्तापानी के लिए रवाना होंगी, वहां मकर संक्रांति के मेले में शिरकत करने के बाद सायं शिमला वापस लौट आएंगी।



# राजधानी के शहर में दो दिन सताएगी पानी की कमी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला में रविवार और सोमवार के दिन पानी की कमी लोगों को सताएगी। गिरी पेयजल परियोजना में बिजली ट्रांसफार्मर खराब हो गए हैं, जिस वजह से पानी की पंपिंग कम हुई है। गिरी पेयजल परियोजना से 18 एमएलडी पानी शिमला शहरवासियों को मिलता है, लेकिन पंपिंग खराब होने की वजह से नौ एमएलडी पानी ही शहर को मिल पाया। लिहाजा शनिवार को भी लोगों को 31.14 एमएलडी पानी मिला, जो कि जरूरत से 17 एमएलडी कम है।

बिजली बोर्ड के कर्मचारियों की ओर से ट्रांसफार्मर को ठीक करने का काम किया जा रहा है, लेकिन शाम तक भी बिजली आपूर्ति नहीं हो सकी। पेयजल कंपनी का कहना है कि जैसे ही बिजली बोर्ड अपना काम पूरा करेगा सप्लाई सुचारु रूप से दो जाएगी। पेयजल कंपनी की ओर से कोई परेशानी नहीं हो रही है।

### शहर में आया कुल पानी

- गुम्मा - 13.22
- गिरी - 9.56
- चुरट - 3.06
- सियोग - 0.17
- चेड़ - 0.87
- कोटि ब्रांडी - 4.17

---

**चिंता** 20 साल की उम्र के युवाओं को भी लगा दिल का रोग, एक माह में प्रदेशभर से आईजीएमसी पहुंच रहे 200 से 300 मरीज

# डाइट में बदलाव और तंबाकू के सेवन से हिमाचलियों के दिल हो रहे कमजोर

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

- बढ़ा दिल का मर्ज, आईजीएमसी में हर 70 से 80 मरीज हो रहे दर्ज, कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र भी इस बीमारी से अछूते नहीं

हिमाचल में दिल के रोग ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। डाइट में बदलाव व तंबाकू के सेवन से हिमाचलियों के दिल कमजोर हो रहे हैं। अब दिल का रोग कम नहीं, बल्कि दिन-प्रतिदिन बढ़ ही रहा है। प्रदेशभर से दिल की बीमारी से 200 से 300 मरीज एक माह के अंदर आईजीएमसी में अपना इलाज करवाने आ रहे हैं।

खासकर 20 साल के युवा भी दिल के रोग की चपेट में आ रहे हैं। यह खुलासा आईजीएमसी के कार्डियोलॉजी के डॉक्टरों ने किया है। कार्डियोलॉजी के डॉक्टर अरविंद कंदोरिया ने बताया कि लोग हैवी भोजन कर अपने अंदर मोटापा अधिक करने से भी इस बीमारी को खुला न्योता दे रहे हैं। हैरान करने वाली बात तो यह है कि कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र भी दिल की बीमारी से अछूते नहीं हैं। युवा आबादी तेजी से हृदय की बीमारियों की ओर एक खतरनाक दर से बढ़ रही है। अगर समय रहते इस बीमारी पर काबू न पाया गया तो यह बीमारी कई लोगों को मौत के घाट उतार सकती है।



डॉक्टर अरविंद कंडोरिया, कार्डियोलॉजी आईजीएमसी।

हालांकि, स्वास्थ्य विभाग ने हार्ट सर्जरी को सुरक्षित बना दिया है और अब मृत्यु का खतरा घट कर सिर्फ 25 फीसदी रह गया है। अब तो कुछ घंटों पहले जन्मे नवजात बच्चे का भी सफल ऑपरेशन किया जा सकता है। सही निदान और समय रहते सर्जरी होने से जानें बचाई जा सकती हैं। आईजीएमसी में प्रतिदिन 70 से 80 मरीज दिल की बीमारी के आ रहे हैं। चिकित्सकों की ओर से सलाह दी जा रही है कि इस बीमारी से बचना है तो समय रहते अस्पताल में आकर अपना इलाज करवाएं। (अनंत ज्ञान)

### जानिए दिल के रोग

दिल के रोग कई प्रकार के होते हैं, लेकिन बल्ड प्रेशर, मोटापा, कोलेस्ट्रोल बढ़ना, तनाव, आदि इसके मुख्य कारण हैं। इनके कारण दिल को खून भेजने वाली नसें ब्लॉक हो जाती हैं और दिल की बीमारी की शिकायत हो जाती है।



### हार्ट की बीमारी के लक्षण

छाती में दर्द, सांस चढ़ना, कंधों और पीठ में दर्द होना, भारीपन प्रतीत होना, दम घूटना, आदि हार्ट की बीमारी के लक्षण हैं।

### दिल की बीमारी बढ़ने का यह भी मुख्य कारण

आधे से ज्यादा लोग ऐसे हैं जो सब्जियों को बाजार से खरीदकर बिना धोए पका देते हैं। वहीं, लोगों की डाइट में बदलाव हो चुका है। लोग ज्यादातर बाजारों में जाकर फास्ट फूड आदि का सेवन करते हैं। फास्ट फूड भी दिल की बीमारियों को खुला न्योता दे रहा है। हिमाचल में पहले दिल की बीमारी इसलिए कम होती थी, क्योंकि लोग घरेलू चीजों का प्रयोग करते थे। अब लोग सब्जियों उगाने में केमिकलयुक्त खाद का इस्तेमाल भी करते हैं। ये भी दिल की बीमारी के लिए खतरनाक है।

### इन चीजों का करें सेवन

हार्ट की बीमरी होने पर नींबू का रस, अंगूर, कच्चे नारियल का पानी, गाजर, कच्चा प्याज, लहसून, पालक, सौंफ, मैथीदाना, बिना दाने वाला अनार, ताजे फल आदि का सेवन करें। बीमारी से बचने के लिए लोगों को सुबह के समय जल्द उठकर रोजाना व्यायाम करना चाहिए। ज्यादा हैवी भोजन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। जितनी शरीर में क्षमता हो उसके अनुसार ही भोजन लेना चाहिए।



### इन चीजों का न करें सेवन

चिकित्सकों का कहना है कि हार्ट के मरीज मांसाहार, मदिरापान, धूम्रपान, तंबाकू, कॉफी, नशीले पदार्थ का सेवन, अधिक नमक, घी, तेल, तेज मसालेदार वाली चीजें, फास्टफूड, आदि का सेवन न करें। हृदय रोग के होने वाला सबसे बड़ा कारण कोलेस्ट्रोल होता है। कोलेस्ट्राल बढ़ाने वाले चर्बी वाले पदार्थ जैसे मक्कखन, घी, मीट, अंडे, आदि का सेवन कम करना चाहिए।



# बर्फबारी नहीं होने से नहीं आ रहे पर्यटक

## कसौली और चायल में पर्यटन कारोबार ठप, होटलों में दस प्रतिशत से कम ऑक्यूपेंसी

**आर मोहन चौहान, सोलन**


प्रदेश में बर्फबारी नहीं होने से पर्यटकों की संख्या में भारी कमी दर्ज हुई है। जिला के सोलन मुख्यालय सहित कसौली और चायल में पर्यटन कारोबार ठप पड़ गया है। होटलों में दस प्रतिशत से कम ऑक्यूपेंसी रह गई। सोलन जिले के पर्यटन स्थलों पर इस सप्ताहांत पर सन्नाटा छाया है।

नववर्ष के मौके पर अच्छा कारोबार होने के बाद इस सप्ताहांत पर पर्यटन नगरी कसौली और चायल में पर्यटन कारोबार बिलकुल ठप हो गया है। हालांकि पिछले सप्ताहांत पर होटलों में फिर भी 50 प्रतिशत तक ऑक्यूपेंसी थी, लेकिन इस सप्ताहांत पर कारोबार ठप हो गया है। होटल कारोबारियों का कहना है कि होटलों में दस प्रतिशत से भी कम ऑक्यूपेंसी है।

इसका एक बड़ा कारण लोहड़ी और मकर संक्रांति का पर्व भी है। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली सहित बाहरी राज्यों में लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। लोग त्योहार अपने परिजनों के साथ ही मनाना पसंद करते हैं। इस कारण कम संख्या में ही लोग इस पर्व के अवसर पर घरों से बाहर निकलते हैं।

वहीं, दूसरा बड़ा कारण इस बार अभी तक प्रदेश में बर्फबारी नहीं हुई है, जिसके चलते अब पर्यटकों की संख्या में कमी आ रही है। होटल कारोबारियों का कहना है कि पिछले वर्षों की बात की जाए तो लोहड़ी पर्व पर इतना कम कारोबार कभी देखने को नहीं मिला है। पिछले वर्ष कसौली के होटलों में करीब 50 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी लोहड़ी के दौरान थी। इस वर्ष तो लोहड़ी का त्योहार सप्ताहांत था और दो दिनों की छुट्टियां भी पड़ रही हैं, लेकिन इसके बावजूद कम संख्या में बाहरी राज्यों से पर्यटकों ने हिमाचल का रुख किया है। होटल संघ कसौली की मानें तो शुक्रवार तक होटलों में 20 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी थी, लेकिन शनिवार को दस प्रतिशत से भी कम कारोबार है।

वहीं, चायल में तो न के बराबर की होटलों में कमरे बुक हुए हैं। पर्यटकों के न आने से शनिवार को कसौली, चायल, काली टिब्बा, साधुपुल सहित अन्य पर्यटन स्थलों के बाजारों में सन्नाटा छाया रहा। कारोबार कम होने से होटल कारोबारियों सहित स्थानीय दुकानदारों के चेहरे पर भी मायूसी नजर आई। (अनंत ज्ञान)


कसौली में बर्फबारी नहीं होने से पर्यटकों की काफी कमी रही है जिससे होटल संचालकों को आर्थिक संकट पैदा हो गया है।

> इस सप्ताहांत पर चायल के होटलों को न के बराबर ही कारोबार है। इस वर्ष बर्फबारी न होने के चलते पर्यटन कारोबार प्रभावित हो रहा है। पिछले सप्ताहांत पर 50 प्रतिशत के करीब ऑक्यूपेंसी होटलों में थी।
> -देवेंद्र वर्मा, अध्यक्ष होटल संघ चायल।

> कसौली के होटलों में शनिवार को दस प्रतिशत से भी कम ऑक्यूपेंसी रही। जबकि शुक्रवार को 20 प्रतिशत तक कारोबार था। लोहड़ी पर्व के चलते भी पर्यटकों की संख्या में कमी आई है। वहीं इस वर्ष बर्फबारी न होने से कम संख्या में पर्यटक प्रदेश का रुख कर रहे हैं।
> -राजेंद्र चोपड़ा, अध्यक्ष होटल संघ कसौली।

# नौणी विवि में विशेष एनएसएस शिविर आयोजित

**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में वीरवार से एक सप्ताह तक चलने वाला एनएसएस का विशेष शिविर शुरू हुआ। शिविर में वानिकी महाविद्यालय, नौणी के लगभग 100 वालंटियर भाग ले रहे हैं।

शिविर के उद्घाटन सत्र के दौरान डीन कॉलेज ऑफ फॉरेस्ट्री डॉ. सीएल ठाकुर और डीन छात्र कल्याण डॉ. राजेश भल्ला उपस्थित रहे। ओच्छघाट और नौणी पंचायतों में इस शिविर के दौरान वालंटियर की ओर से विभिन्न गतिविधियों की जाएंगी।

शुक्रवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर वॉलंटियर्स के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम की विशेष स्क्रीनिंग रखी गई। इसके उपरांत छात्रों ने ओच्छघाट से नौणी तक सड़क पर सफाई अभियान भी चलाया। इस शिविर के दौरान छात्र नौणी से ओच्छघाट तक सड़क और विश्वविद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाएंगे। नशे के दुष्प्रभाव के बारे जागरूकता लाने के लिए रैली और धारो-की-धार किले पर ट्रैकिंग सह सफाई अभियान भी शिविर का हिस्सा होगा।

# ग्राम पंचायत निर्वाचन के संबंध में अधिसूचना जारी

## दावे एवं आपत्तियां 17 तक दाखिल की जा सकेंगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के साथ-साथ सोलन जिले की उन पंचायतों में मतदाता सूचियों का विशेष पुनरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं, जहां आठ जनवरी तक कोई पद खाली हुए हैं। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा की ओर से अधिसूचना जारी की गई है।

सोलन जिला के विकास खंड सोलन की पंचायत जौणाजी और कोरों कैंथड़ी, विकास खंड कंडाघाट की पंचायत चायल, विकास खंड कुनिहार की पंचायत समोग और विकास खंड नालागढ़ की पंचायत बधोखरी तथा मंझोली के लिए 11 जनवरी को मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशित कर दिया गया है।

अधिसूचना के अनुसार इन पंचायतों की प्रारूप मतदाता सूचियों के संबंध में संशोधन प्राधिकरण के समक्ष दावे एवं आपत्तियां 17 जनवरी तक दाखिल की जा सकेंगी। 20 जनवरी तक संशोधन प्राधिकरण द्वारा इन दावों एवं आपत्तियों का निपटारा किया जाएगा। 24 जनवरी तक अपील प्राधिकरण के समक्ष अपील दायर की जा सकेगी। 29 जनवरी तक अपील प्राधिकरण की ओर से अपीलों का निपटारा किया जाएगा।

31 जनवरी को उक्त पंचायतों के लिए मतदाता सूचियां अंतिम रूप से प्रकाशित कर दी जाएंगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त सोलन ने हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज (निर्वाचन) नियम के नियम 17 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सोलन जिला के धर्मपुर विकास खंड के अतिरिक्त अन्य सभी खंड विकास अधिकारियों को अपने-अपने विकास खंडों में दावे एवं आपत्तियों पर निर्णय लेने के लिए संशोधन अधिकारी नियुक्त किया है।

# आईईसी यूनिवर्सिटी ने इंजीनियरिंग विभाग के छात्रों के लिए करवाया कैंपस इंटरव्यू



आईईसी विवि अटल शिक्षा कुंज में कैंपस इंटरव्यू में हिस्सा लेते हुए विद्यार्थी।

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

सोलन जिले के अटल शिक्षा कुंज स्थित आईईसी यूनिवर्सिटी में कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया गया। कैंपस इंटरव्यू में चंडीगढ़ की प्रतिष्ठित कंपनी क्रिएटिवान टेक्नोलॉजीज के एमडी दिनेश ठाकुर और डिस्पैच मैनेजर गुरविंदर सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

उन्होंने इंटरव्यू राउंड, ऑनलाइन टेस्ट और समूह चर्चा (जीडी) के आधार पर उज्ज्वल कुमार सिंह, दीपम भारद्वाज, हिमांशु मिश्रा और सतविंदर सिंह का मौके पर ही चयन कर लिया, जबकि अन्य अच्छा-प्रदर्शन करने वाले छात्रों को इंटर्नशिप प्रशिक्षण का मौका दिया।

उन्होंने छात्रों को आत्मविश्वास बढ़ाने के टिप्स और कंपनियों की कार्यप्रणाली के परिप्रेक्ष्य में भी विस्तार से समझाया। उन्होंने आईईसी यूनिवर्सिटी के छात्रों को हर साल कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से नौकरी के बेहतर अवसर प्रदान करते रहने का आश्वासन भी दिया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अशोक पुरी ने अपने संदेश में चयनित छात्रों को बधाई दी और उनके बेहतर भविष्य की कामना की। उन्होंने बच्चों को आश्वासन दिया कि आने वाले समय में भी विश्वविद्यालय इस तरह के कैंपस इंटरव्यू का आयोजन कर बच्चों को रोजगार के अवसर प्रदान करता रहेगा।

### प्रगतिशील नागरिक कल्याण सभा ने प्रस्ताव किया पारित

# विभिन्न मुद्दों पर सीपीएस से मुलाकात करेगा प्रतिनिधिमंडल

**अनंत ज्ञान, अर्की**

प्रगतिशील नागरिक कल्याण सभा अर्की की मासिक बैठक सभा के उपप्रधान बलीराम सांख्यान की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक की जानकारी देते हुए कार्यकारिणी सदस्य हेमंत शर्मा ने बताया कि बैठक में अर्की क्षेत्र के विकास संबंधी विभिन्न मदों पर चर्चा हुई तथा सीपीएस संजय अवस्थी व अन्य अधिकारियों से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए समय लेने के प्रस्ताव पारित हुआ।

इस अवसर पर हेमंत शर्मा, मोहन लाल शर्मा, पदम देव, कुलदीप ठाकुर, धनपत राम, सुरेश ठाकुर, मनोज डोगरा, दिनेश ठाकुर सहित अन्य मौजूद रहे।


बैठक में हिस्सा लेते प्रगतिशील नागरिक कल्याण सभा के पदाधिकारी।

# शहीद लायक राम स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू



प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर पहुंचे अतिथियों के साथ आयोजक।

**अनंत ज्ञान, अर्की**

उपमंडल के डाडल (भूमती) में सुभाष-नेहरू युवक मंडल, डाडल की ओर से आयोजित शहीद लायक राम मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।

इस प्रतियोगिता में एटीटीओयू दाड़लाघाट के प्रधान ऋषिदेव बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए। उनके साथ जिला कांग्रेस महासचिव प्यारे लाल, ब्लॉक कांग्रेस महासचिव कमलेश कुमार, प्रदेश युवा कांग्रेस सचिव शशिकांत तथा कैलाश चंद, जयदेव, मोहन लाल वर्मा, परमानंद, धनीराम, ओम प्रकाश, दयानंद आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस प्रतियोगिता का पहला मैच रॉयल राजपूत, डाडल व देवधार युवक मंडल सोयली के बीच खेला गया। इसमें देवधार मंडल, सोयली ने रॉयल राजपूत, डाडल को हराकर प्रतियोगिता का पहला मैच जीत लिया। युवक मंडल के मुख्य सलाहकार पंकज कुमार ने शहीद लायक राम की माता कौशल्या देवी को स्मृति चिन्ह व शॉल प्रदान कर सम्मानित किया।

ऋषिदेव ने अपनी ओर से युवक मंडल, डाडल को 10 हजार रुपए की राशि प्रदान की। उन्होंने अपने संबोधन में युवाओं को इस तरह की खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया, जिससे वे शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहें।

# कल से शिलाई क्षेत्र प्रवास पर रहेंगे उद्योग मंत्री हर्षवर्धन

**पांवटा साहिब।** उद्योग एवं संसदीय मामले मंत्री हर्षवर्धन चौहान कल से 18 जनवरी तक शिलाई विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान उद्योग मंत्री जहां 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे, वहीं विभिन्न स्थानों पर जनसमस्याएं भी सुनेंगे।

उद्योग मंत्री 15 जनवरी को सायं साढ़े पांच बजे पांवटा साहिब पहुंचेंगे। हर्षवर्धन चौहान 16 जनवरी को प्रात: 10:30 बजे कांडो च्योग पंचायत के सेनगा में आयोजित किए जा रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे और इसके उपरांत दोपहर दो बजे शिलाई में जनसमस्याएं सुनेंगे।

हर्षवर्धन चौहान 17 जनवरी को प्रात: 11 बजे बकरास पंचायत में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे एवं इसके उपरांत सायं चार बजे शिलाई में जनसमस्याएं सुनेंगे। उद्योग मंत्री 18 जनवरी को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शिलाई के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे एवं श्रीनिवास रामानुजन स्टूडेंट डिजिटल योजना की अध्यक्षता करेंगे।

# 22 को दुल्हन की तरह सजेगा पांवटा साहिब


लोगों को अक्षत व प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के निमंत्रण बांटते राम भक्त।

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को अविस्मरणीय बनाने के लिए पांवटा में भी विभिन्न संगठन और धार्मिक संस्थाएं दिन-रात जुटी हुई हैं।

राम भक्त अजय संसरवाल, मयंक महावर और नीरभ ने जानकारी दी कि इस ऐतिहासिक दिन को पांवटा में भी धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दिन शोभायात्रा निकाली जाएगी, कीर्तन व भंडारे का भी आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि न केवल सनातनियों के लिए बल्कि पूरे देश के लिए यह गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि पांवटा के गीता भवन मंदिर, विश्वकर्मा मंदिर, राधा कृष्ण यमुना मंदिर, आदि को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा। हर जगह कीर्तन होंगे। शहर में एक अलग चमक और रोशनी देखने को मिलेगी।

उन्होंने कहा कि देश भर में इस दिन को दिवाली की तरह मनाया जाएगा। वे घर घर जाकर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निमंत्रण पत्र दे रहे हैं।

# माता वैष्णवी मंदिर से घर-घर में बांटे पूजित अक्षत

**अनंत ज्ञान, श्रीरेणुका जी**

भरौग बनेड़ी पंचायत के कलहाडी आश्रम के माता वैष्णवी मंदिर में अयोध्या से आए पूजित अक्षत लोगों को घर-घर जाकर वितरित किए गए। ये अक्षत कलश आश्रम में स्थापित किए गए थे।

इन पूजित अक्षत को राम भक्तों ने पूजित अक्षत के साथ निमंत्रण पत्र घर-घर जाकर ग्रामीणों को वितरित किए।

लोगों को 22 जनवरी के दिन अपने अपने घर 51 दीपक जलाने और दिवाली मनाने का भी आग्रह किया जा रहा है। पूर्व वार्ड सदस्य श्रवण कुमार ने बताया कि पूजित अक्षत वितरण में समोन कनोन्न और बकहन वार्ड के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम में पूर्व वार्ड सदस्य शकुंतला ठाकुर, पुजारी गीता राम पंडित, ओमप्रकाश, ए त्यागी आदि लोग उपस्थित थे।


अक्षत व राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण बांटते रामभक्त।

# अर्की नगर पंचायत क्षेत्र में अक्षत वितरण का कार्य जोरों पर


**अनंत ज्ञान, अर्की**

उपमंडल अर्की नगर पंचायत में अयोध्या से आए पवित्र अक्षत का वितरण रामभक्तों द्वारा घर-घर जाकर किया जा रहा है। इस अवसर पर रामभक्तों का ओर से सभी को पवित्र अक्षत व अयोध्या में श्री रामलला के नवनिर्मित भव्य मंदिर में स्थापना कार्यक्रम में आने के लिए निमंत्रण पर भी वितरण किया जा रहा है, जिसे लोग सहर्ष कर स्वीकार कर रहे हैं। निमंत्रण प्राप्त करने वाले लोगो में सभी धर्मो के लोग हैं, जो श्रद्धापूर्वक पवित्र अक्षत व निमंत्रण पत्र को सहर्ष माथे से लगा रहे है। लोगों मे इतना उत्साह है कि लोग अभी से दीये तथा पटाखे आदि खरीद रहे हैं, ताकि 22 जनवरी को दीपावली मना सकें।


नगर पंचायत अर्की में रामभक्त घर-घर निमंत्रण व पवित्र अक्षत देते हुये।

# कल रात अढ़ाई घंटे सोलन में कई जगह नहीं आएगी बिजली

**सोलन।** बिजली लाइनों के रखरखाव व मरम्मत को देखते हुए 15 जनवरी को बिजली खंड सोलन के कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता राहुल वर्मा ने दी।



राहुल वर्मा ने बताया कि 15 जनवरी सोमवार की रात्रि 10 से रात्रि 12.30 बजे तक सोलन के ठोडो मैदान क्षेत्र, नगर निगम कार्यालय क्षेत्र, लोक निर्माण विभाग कॉलोनी, सर्कुलर मार्ग, रेनोल्ट शोरूम, स्मार्ट ट्रेंडस, डांग परिसर, पुराने उपायुक्त कार्यालय के कुछ क्षेत्र, धोबीघाट क्षेत्र तथा आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि उपरोक्त निर्धारित तिथि व समय में खराब मौसम व अन्य परिस्थितियों के दृष्टिगत परिवर्तन किया जा सकता है। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

# विद्यासागर बने दुधारू पशु सुधार सभा के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, अर्की**

सोलन मुख्यालय पर स्थित दुधारू पशु सुधार सभा में सर्वसम्मति से दाड़लाघाट के मांगू निवासी वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता विद्या सागर ठाकुर को अध्यक्ष चुना गया।

उन्हें रामेश्वर शर्मा के स्थान पर नया अध्यक्ष चुना गया। रामेश्वर शर्मा ने उन्हें अध्यक्ष पद की कुर्सी सौंपी। वहीं, नवनियुक्त अध्यक्ष विद्या सागर ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व मुख्य संसदीय सचिव व अर्की विधायक संजय अवस्थी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पूरी निष्ठा से किसानों के हित में कार्य करेंगे। ठाकुर के अध्यक्ष बनने से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।


फूल मालाएं पहनाकर विद्यासागर का स्वागत करते दुधारू पशु सुधार सभा के सदस्य।

**आयोजन** | सोलन में विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर आयोजित कार्यक्रम में बोले केंद्रीय राज्य मंत्री

# 2047 तक भारत बनेगा विकसित राष्ट्र और विश्व गुरु : सोम प्रकाश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर सोलन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री सोम प्रकाश विशेष रूप से उपस्थित हुए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र और विश्व गुरु बनाने का संकल्प है। मंत्री सोम प्रकाश ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है।

प्रधानमंत्री की कल्याणकारी नीतियों और योजनाओं से देश विश्व की पांच सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन कर उभरा है। सरकार ने देश को 2027 तक विश्व की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने का लक्ष्य है। देश की अर्थव्यवस्था सात फीसदी से अधिक ग्रोथ से आगे बढ़ रही है। देश में पिछले कुछ वर्षो से रिकॉर्ड विदेशी निवेश हुआ है। केंद्र सरकार के प्रोत्साहन से देश में युवाओं के लिए एक लाख से अधिक स्टार्टअप शुरू किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पारंपरिक पेशेवर लोगों को नए उपकरण खरीद के लिए सरकार 15 से 50 हजार तक की ऋण सुविधा प्रदान कर रही है। इसी तरह स्वनिधी योजना के तहत रेहड़ी-फड़ी वालों के स्वरोजगार को प्रोत्साहन के लिए भी 10 से 50 हजार रुपए तक का ऋण दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण योजना के तहत 80 करोड़ लोगों को 2028 तक मुफ्त अनाज योजना शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि देश के गरीब वंचितों को चार करोड़ मकान आवंटित किए गए हैं, जिसमें 11 करोड़ टॉयलेट्स भी शामिल है। उन्होंने कहा उज्ज्वला योजना से 11 करोड़ घरों में धुंआ मुक्त ईंधन मिल पाया है।

सरकार ने हर घर नल योजना से 70 फीसदी घरों तक पानी पहुंचाया है, जिससे आने वाले समय में शत-प्रतिशत करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि देश 2047 तक विकसित बने इसी के लिए गांव-गांव शहर-शहर विकसित भारत संकल्प यात्रा निकल जा रही है। इस यात्रा का सबसे बड़ा उद्देश्य यही है कि सरकारी योजनाओं के लाभ से कोई भी व्यक्ति वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के जरिए सरकार सुनिश्चित कर रही है कि समयबद्ध तरीके से इन योजनाओं का लाभ सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचे। पिछले वर्ष 15 नवंबर को इस यात्रा की शुरुआत के बाद से प्रधानमंत्री देश के अलग-अलग भागों से विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से नियमित बातचीत कर रहे हैं। इस यात्रा का उद्देश्य लोगों को पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम आयुष्मान भारत और पीएम आवास योजना जैसी केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना और उन्हें इसका लाभ पहुंचाना है। इस अवसर पर विकसित भारत की शपथ भी दिलाई गई।

वहीं, स्वनिधि, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान, आवास योजना और स्वयं सहायता समूहों के लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद किया। शिमला सीट के सांसद सुरेश कश्यप ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री सोम प्रकाश हमें प्रधानमंत्री मोदी का संदेश देने पहुंचे हैं। कार्यक्रम में नगर निगम की मेयर उषा शर्मा ने भी शिरकत की। उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व से सोलन नगर निगम के विकास में भी सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि नगर निगम विकसित भारत संकल्प यात्रा की दो बार नेतृत्व कर चुका है।


कार्यक्रम को संबोधित करते केंद्रीय राज्य मंत्री सोम प्रकाश।

### विश्व के सबसे प्रभावशाली नेता के रूप में उभरे हैं मोदी

सोम प्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्व के सबसे प्रभावशाली नेता के रूप में उभरे हैं, जिनके नेतृत्व में देश में ऐतिहासिक निर्णय लिए गए। जम्मू-कश्मीर से धारा 350 हटाकर इसे भारत का अभिन्न अंग बनाया। इसी तरह 500 वर्षों के इंतजार के बाद राम मंदिर का निर्माण भी ऐतिहासिक है। उन्होंने 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर विमोचन और मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज देश को अंग्रेजों की गुलामी की मानसिकता को छोड़कर नई सोच के साथ आगे बढ़ाने की आवश्यकता है, जिसमें सभी का सहयोग आवश्यक है

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कार्यक्रम की प्रभारी डेजी ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मि धर सूद, भाजपा जिला सोलन के अध्यक्ष रतन सिंह पाल, मंडल अध्यक्ष मदन ठाकुर, महासचिव भरत साहनी, नगर निगम की डिप्टी मेयर मीरा आनंद, नगर निगम के आयुक्त जफर इकबाल, एसडीएम सोलन कविता ठाकुर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्रद्धालुओं ने की तैयारियां, चंडीगढ़ से लाए जा रहे स्पेशल दीपक

# 5100 दीपकों से जगमगाएगा संकट मोचन मंदिर

**आशिमा वैरागी, शिमला**

हिंदुओं की पवित्र नगरी अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा की जोरों शोरों के साथ तैयारियां की जा रही हैं। ऐसे में देशभर में हिंदू समाज इस प्राण प्रतिष्ठा से अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। भारतवर्ष के अधिकांश हिंदू मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अलग-अलग कार्यक्रम किए जा रहे हैं। राजधानी शिमला के संकटमोचन मंदिर में भी भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। 22 जनवरी को मंदिर परिसर में सूर्यास्त के बाद 5100 दीपक जलाए जाएंगे।

राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए चंडीगढ़ से स्पेशल दीपक मंगवाए जा रहे हैं। मंदिर परिसर की साफ-सफाई का कार्य शुरू हो चुका है। गेंदे और गुलाब के फूलों से मंदिर को आकर्षित बनाया जाएगा। रामलला के स्वागत के लिए सुबह चार बजे से मंदिर के कपाट खोल दिए जाएंगे। उसके बाद अखंड पाठ शुरू कर दिया जाएगा, जिसमें कुल आठ पंडित शामिल होंगे। शंखनाद के बाद ही सारे कार्यक्रम शुरू होंगे, जिसमें भजन-कीर्तन, सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। सूर्यास्त के बाद मंदिर 5100 दीपक से जगमगाना शुरू हो जाएगा। (अनंत ज्ञान)


संकटमोचन मंदिर शिमला

### घी के जलाए जाएंगे दीए

**शिमला** के संकटमोचन मंदिर में 22 जनवरी को घी के दीपक जलाए जाएंगे, जब श्रीराम रावण का वद्ध कर अयोध्या पहुंचे थे तो उनके स्वागत के लिए अयोध्यावासियों ने घी के दीए जलाए थे। अब उसी प्रकार राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर भी मंदिरों में घी के दीए जलाए जा रहे हैं।

### सीसीटीवी कैमरों से रखी जाएगी मंदिर में नजर

**संकटमोचन** मंदिर में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है। मंदिर में कुल 25 सीसीटीवी कैमरा लगाए गए हैं। श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी न हो इसके लिए पुलिस कर्मियों को भी मंदिर के बाहर तैनात किया जाएगा।

### संकट मोचन मंदिर का इतिहास

**वर्ष** 1986 में मंदिर का निर्माण कार्य पूरा हुआ था। बाबा नीब करोरी महाराज उस स्थान पर ध्यान साधना करने के लिए वर्ष 1950 वर्ष में आए थे। करीब दस दिन गुजरने के बाद उनकी इस जगह एक हनुमान मंदिर बनवाने की इच्छा हुई। उस वक्त एक गवर्नर और बाबा के भक्तों ने मिलकर उनकी इस इच्छा को पूरा करने के लिए पवन पुत्र हनुमान को समर्पित मंदिर का निर्माण कार्य शुरू किया। जुलाई 1986 में मंदिर का निर्माण कार्य हुआ और उसके बाद मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए धर्मशाला सहित अन्य सुविधाओं का विस्तार किया गया। इस मंदिर में केवल हनुमान और श्रीराम ही स्थापित नहीं हैं, बल्कि महाकाल और उनके पुत्र गणपति भी विराजमान हैं। इसके अलावा नौ ग्रहों की पूजा भी इस मंदिर में की जाती है।

हिंदुओं की पवित्र नगरी अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा हिंदुओं के लिए गौरवान्वित की बात है। इसके लिए संकटमोचन मंदिर में भी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सभी श्रद्धालु इसमें सम्मिलित हो सकते हैं और अपनी इच्छानुसार दीप प्रज्वलन कर सकते हैं।

**अनूप चौहान**
**प्रबंधक, श्री संकटमोचन मंदिर न्यास**

### 'सुंदर मुंदरिए हो, तेरा कौन बेचारा हो'


सोलन के माल रोड स्थित मुरारी मार्केट में भाजपा नेता मुकेश गुप्ता व उनके साथियों ने लोहड़ी जलाई। इस मौके पर बाजार के अन्य दुकानदार भी शामिल हुए। लोहड़ी जलाने के बाद सभी को मूंगफली, गजक आदि का प्रसाद बांटा गया।

## पश्चिम बंगाल सरकार भ्रष्टाचारियों की पनाहगार : अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान, शिमला**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर शनिवार को पश्चिम बंगाल प्रवास पर हैं। कोलकाता एयरपोर्ट पर पत्रकारों से वार्तालाप करते हुए उन्होंने विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर अपनी प्रतिक्रिया दी और मीडिया के सवालों का जवाब भी दिया।

पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर निशाना साधते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज ममता दीदी के राज में पश्चिम बंगाल की कानून-व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है, जो पैसा जनता की भलाई के लिए आता है, उसे लूटने का पूरा प्रबंध यहां है। भ्रष्टाचार के मामलों में कार्रवाई करने आईडी की टीम पर भी यहां पथराव और मारपीट कर उनका सर फोड़ने का काम किया जाता है। पश्चिम बंगाल की सरकार भ्रष्टाचारियों की पनाहगार है। क्या ममता बनर्जी ने अपने मंत्रियों,


पत्रकारों को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर।

सांसदों और विधायकों को लूट की खुली छूट दे रखी है या यह लोग इनकी सुनते नहीं हैं। पश्चिम बंगाल में अगर किसी पुलिस अधिकारी के ऊपर भी भ्रष्टाचार के आरोप लगते हैं तो ममता बनर्जी उसको बचाने के लिए सड़क पर उतर आती हैं। रेड होती है। करोड़ों रुपए बरामद होते हैं। टीएमसी के ही लोगों का नाम उसमें क्यों आता है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि शुक्रवार को पूरे भारत में स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष पर राष्ट्रीय युवा महोत्सव मनाया गया, लेकिन पश्चिम बंगाल के युवाओं को इनमें शामिल नहीं होने दिया गया।

# प्रदेश में एनएच पर होती हैं 50 प्रतिशत दुर्घटनाएं

### सड़क हादसों में कमी लाने को 15 जनवरी से 14 फरवरी तक जागरूकता अभियान चलाएगा परिवहन विभाग: अग्निहोत्री

**जय ठाकुर, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में सड़क हादसों कमी लाने के लिए ट्रांसपोर्ट विभाग 15 जनवरी से 14 फरवरी तक जागरूकता अभियान चलाने जा रहा हैं। उपमुख्यमंत्री एवं ट्रांसपोर्ट विभाग का जिम्मा देख रहे मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश में औसतन 50 प्रतिशत दुर्घटनाएं एनएच पर होती हैं। हादसों को कम करने के लिए जागरूकता अभियान स्कूलों में भी चलाया जाएगा। लाइसेंस बनाने के लिए जागरूक किया जाएगा।

शिमला में प्रेस वार्ता के दौरान उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा वर्ष 2023 में 881 लोग दुर्घटनाओं में काल का ग्रास बने, जबकि 2022 में यह आंकड़ा 1032 था। 13 प्रतिशत कमी के बावजूद हादसों को कम करने के लिए ब्लैक स्पॉट चयनित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले को पांच हजार इनाम दिया जाएगा, उससे कोई पूछताछ नहीं होग, ऐसा प्रावधान किया गया है। इसके अलावा ब्लैक स्पॉट को चयनित करने के आदेश दिए गए हैं। मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि प्रदेश में 22,43,524 गाड़ियां हैं, जिनमे 19,25,593 गाडियां निजी हैं। हिमाचल में 2811 इलेक्ट्रिक गाड़ियां हैं, जिनमें निजी 2412 और व्यवसायिक 399 हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार ई टैक्सी की व्यवस्था कर जा रही है, जिसमें 500 गाड़ियां पचास प्रतिशत अनुदान के लिए दी जाएंगी। इसके लिए अभी 521 आवेदन आए हैं। अग्निहोत्री ने कहा कि 2024 में वाहन स्क्रेपिंग की सुविधा सेंटर शुरू की जाएगी। 15 साल पूरा

### फैंसी नंबर अलॉट कर कमाए 11 करोड़

**मुकेश** अग्निहोत्री ने कहा कि जो लोग टैक्स जमा नहीं करवा रहे हैं 31 मार्च तक दस प्रतिशत जुर्माने के साथ टैक्स जमा करा दे, उनसे कोई अतिरिक्त पैसा नहीं लिया जाएगा। इसमें 50 लाख जमा हो गए हैं। उन्होंने बताया कि विभाग ने 3155 फैंसी नंबर अलॉट कर 11 करोड़ की आय अर्जित कर ली है।


पत्रकारों को संबोधित करते उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री।

कर चुकी सरकारी गाड़ियों रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया गया है। छह स्क्रैप केंद्र खोले जाएंगे। प्रदेश में जो लोग वाहन स्क्रैपिंग स्टेशन लगाना चाह रहे हैं, उनसे आवेदन मांगे गए हैं। पहली अक्तूबर 2024 में सभी वाहनों की फिटनेस स्वचालित परीक्षण केंद्र पर ही की जाएगी। दो बार मापदंडों पर सही नहीं पाई गई गाड़ी स्क्रैपिंग में जाएगी। एटीएस से दुर्घटनाओं में कमी आएगी। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि जब सरकार आई तो 500 करोड़ का राजस्व ट्रांसपोर्ट का था, जिसे हम बढ़ाने का काम कर रहे हैं, जिसके बाद अभी 800 करोड़ रुपए अर्जित अर्जित किए जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### प्रदेश में मार्च में शुरू होगी ई-चलानिंग

**ई-चलानिंग** की सुविधा 31 मार्च, 2024 तक शुरू कर दी जाएगी। सभी परिवहन बेरियर पर सीसीटीवी प्रणाली लगाई जाएगी, सीट बेल्ट व अन्य लापरवाही इसमें पकड़ी जाएगी। पहले तीन महीने लोगों को जागरूक किया जाएगा, उसके बाद चालान किया जाएगा।

### 234 रूट के लिए आए 1263 आवेदन

**अग्निहोत्री** ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन लगाए जा रहे हैं। अभी तक 17 पेट्रोल पंप पर चार्जिंग स्टेशन स्थापित कर दिए हैं, जो फरवरी तक शुरू हो जाएंगे और भी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि एचआरटीसी ने 234 नए रूट पर आवेदन मांगे थे अभी तक 1263 आवेदन मिले हैं। 50 रूट पर लोगों ने रुझान नहीं दिखाया है।


# हिमाचल में डॉक्टर्स हड़ताल की राह पर

### सीमेंट के दाम बढ़ने की खबरें आ रही हैं, अपना रुख स्पष्ट करे सरकार: जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि अभी जांच सुविधाओं का मामला ठीक से हल नहीं हुआ और प्रदेश में डॉक्टर्स हड़ताल पर जाने की बात कर रहे हैं। सरकार को इस मामले में ध्यान देने की आवश्यकता है।

सरकार को सुनिश्चित कराना चाहिए कि स्वास्थ्य से जुड़े मसलों को वह गंभीरता से सुलझाए। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही सरकार हिमकेयर में लोगों का इलाज होना भी सुनिश्चित करे क्योंकि भुगतान लंबित होने की वजह से लोगों के इलाज नहीं हो पा रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने सभी प्रदेशवासियों को लोहड़ी और मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोग स्वास्थ्य और खुशहाल रहें यही मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं।



जयराम ठाकुर ने कहा कि सीमेंट के दाम बढ़ने की खबरें भी आ रही हैं। अभी प्रदेश आपदा के दौर से गुजर रहा है और पंद्रह हजार से ज्यादा लोगों के घर पूरी तरह से बर्बाद हो गए हैं। घरों के निर्माण में सीमेंट महत्वपूर्ण सामान है। आपदा की मार झेल रहे लोगों पर सीमेंट के दाम की दोहरी मार पूरी तरह से अमानवीय है।

उन्होंने कहा कि आपदा के पहले और आपदा के दौरान भी सरकार सीमेंट के दाम बढ़ा चुकी है। ऐसे में सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि न सीमेंट के दाम बढ़े और न ही भवन निर्माण से जुड़े अन्य किसी प्रकार के समान के। नेता प्रतिपक्ष सरकार को आगाह करते हुए कहा कि वह जनविरोधी फैसलों से बाज आए क्योंकि सत्ता में आने से पहले सरकार ने एक से बढ़कर एक वादे किए थे और अब सत्ता में आकर लोगों को परेशान करने वाले फैसले नहीं ले सकती है।

### हर कार्य समय से पूर्व पूरा करते हैं प्रधानमंत्री

**नेता** प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री जो काम शुरू करते हैं, वह समय के पहले खत्म भी करते हैं। वर्तमान में मुंबई में बना अटल सेतु भी इसका एक शानदार नमूना है। 21 किलोमीटर से भी लंबा अटल सेतु भारत का सबसे बड़ा पुल है, जो रिकॉर्ड समय में बनकर तैयार हुआ है। कोविड के कारण इसके निर्माण में देरी हुई अन्यथा यह पुल पहले ही तैयार हो जाता। उन्होंने कहा कि यह पुल देश के वर्तमान और भविष्य की सूरत संवारने वाला पुल है। अटल सेतु विकसित भारत के लक्ष्यपथ को प्रशस्त करने वाला निर्माण हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली ही हर काम पूरी होने की गारंटी है। तभी देश उन पर आंखे मूंदकर भरोसा करता है।

## कबाड़ी हत्याकांड : पुलिस को मिले सुराग, हाथ अभी खाली

### यूपी के रहने वाले कबाड़ी की हत्या के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेंगे राज

**तेजपाल नेगी, सोलन**

सोलन की सब्जी मंडी के पास ढारे में मूलतः यूपी के रहने वाले कबाड़ी की हत्या के मामले में पुलिस के हाथ कई अहम सुराग लगे हैं, लेकिन अभी इस मामले में किसी को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। शनिवार शाम तक पुलिस को मृतक माजिद की पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी मिल जाएगी। इससे मौत के कारणों के बारे में पुलिस स्पष्ट रूप से बता सकेगी।



सोलन के एसपी गौरव सिंह के अनुसार पुलिस इस मामले में हर एंगल से जांच कर रही है। जल्दी ही पुलिस हत्यारे के पास पहुंच जाएगी। गौरतलब है कि सोलन के टैंक रोड पर किराये पर रहने वाले

अनंत ज्ञान फॉलोअप

वाले मूल रूप से उत्तर प्रदेश के सहारनपुर निवासी माजिद का शव उसके कबाड़ के ढारे में बरामद हुआ था। सुबह दस बजे जब माजिद की पत्नी ढारे पर पहुंची तो उसे माजिद बिस्तर पर लेटा मिला। उसका सिर कपड़े से ढका हुआ था, जब माजिद की बीवी ने उसके चेहरे पर पड़ा कपड़ा हटाया तो माजिद का चेहरा खून से लथपथ मिला। इसके बाद उसने पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को पंचनामा करवा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फौरी जांच व परिस्थितियों को देखते हुए पुलिस भी माजिद की मौत हो हत्या ही मान रही है। इसीलिए पुलिस ने आईपीसी की धारा 302 के तहत मामला दर्ज किया है। सोलन के एसपी गौरव सिंह ने तुरंत टीम बनाकर मामले की जांच टीम को सौंप दी।

फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अभाव में पुलिस परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर ही मामले की जांच को आगे बढ़ा रही है। एसपी गौरव सिंह के अनुसार इस मामले में पुलिस की टीम ने कई लोगों से पूछताछ की है, लेकिन किसी को हिरासत में नहीं लिया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हत्या के कारणों से पर्दा उठ सकेगा। इसके बाद ही जांच को कोई दिशा मिल सकेगी। दूसरी ओर आसपास के सीसीटीवी फुटेजों की जांच का काम लगातार जारी है। मोबाइलों को डंप डाटा भी अभी पुलिस को उपलब्ध नहीं हो सका है। (अनंत ज्ञान)

### भोला पर ठहरी जांच की सूई

**इस** मामले में पुलिस की जांच की सूई माजिद की दुकान पर दो चार पहले ही काम करने आए भोला नामक व्यक्ति पर जाकर ठहर गई है। उसके बारे में पुलिस को कोई खास जानकारी नहीं मिली है। अलबत्ता माजिद की पत्नी नहीं ही भोला के बारे में पुलिस को बताया है। माजिद की पत्नी ने पुलिस को बताया कि भोला भी रात के समय दुकान पर रह रहा था। घटना की रात वह दुकान पर था, इसके बारे में पुलिस जानकारी जुटा रही है। भोला के पते के बारे में भी माजिद की पत्नी को कोई जानकारी नहीं है।

**रोष** | विहिप ने एसडीएम को दिया ज्ञापन, बोले- शिक्षा स्थल का उपयोग पर्यटन व्यापार के लिए नामंजूर

# पालमपुर कृषि विवि में प्रस्तावित टूरिज्म विलेज का विरोध

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

हिमाचल सरकार द्वारा पालमपुर कृषि विवि में प्रस्तावित टूरिज्म विलेज के विरोध में शनिवार को विश्व हिंदू परिषद ने एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा। परिषद के सदस्यों का कहना है कि सरस्वती (शिक्षा) की भूमि, पर विचार, नैतिक मूल्यों, संस्कार, चरित्र एवं धर्म को पाश्चात्य संस्कृति एवं भोगवाद को पर्यटन व्यापार के नाम पर विकास का चोला पहना कर प्रदेश सरकार की ओर से पालमपुर में प्रस्तावित टूरिज्म विलेज प्रोजेक्ट को बिलकुल स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि विकास के नाम पर सरस्वती साधना के इस शिक्षा स्थल का उपयोग पर्यटन व्यापार के नाम पर विकास का चोला पहना कर प्रदेश सरकार की ओर से पालमपुर में प्रस्तावित टूरिज्म विलेज प्रोजेक्ट के माध्यम से इस सरस्वती (शिक्षा) की भूमि के विचार, मूल्यों, संस्कृति, संस्कार, चरित्र एवं धर्म को पाश्चात्य संस्कृति एवं भोगवाद की ओर धकेलना है। क्यूंकि पालमपुर में प्रस्तावित टूरिज्म विलेज प्रोजेक्ट के नाम पर पांच सितारा होटल, पब, बार,


विश्व हिंदू परिषद ने पालमपुर कृषि विवि में प्रस्तावित टूरिज्म विलेज के विरोध में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन।

डांस बार, हुक्का बार खुलेंगे, जो कि नशे, जुए, वैशल्या जैसी कुरीतियों को जन्म देंगे। पालमपुर में आए दिन चिट्टे जैसे नशे से विद्यार्थी मर रहे हैं। पश्चमी देशों की संस्कृति व जीवन शैली इन सब गुणों का प्रतिबिंब हमारे समकक्ष प्रत्यक्ष उदाहरण है।

भारत के कुल सभी 70 विश्व विद्यालयों में पालमपुर स्थित कृषि विश्व विद्यालय का 14वां स्थान है। हमारे चार महाविद्यालयों की पिछले 40 वर्षों में कई उपलब्धियां रही हैं। इस विश्व विद्यालय भूमि पर चार महाविद्यालय, कृषि महाविद्यालय, पशुचिकित्सा महाविद्यालय, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय, मूल बुनियादी विज्ञान महाविद्यालय चल रहे हैं, जिसमें हजारों विद्यार्थी उच्चतम विज्ञान की उपलब्धियां एवं शिक्षा प्राप्त कर प्रदेश व देश का नाम रोशन कर रहे हैं। अतः पालमपुर में प्रस्तावित टूरिज्म विलेज प्रोजेक्ट के माध्यम से इस सरस्वती (शिक्षा) की भूमि, के विचार, मूल्यों, संस्कृति, संस्कार, चरित्र एवं धर्म को पाश्चात्य संस्कृति एवं भोगवाद की और धकेलना है ।

विश्व हिंदू परिषद हिमाचल संघ परिवार हिमाचली अंतिम कार्यकर्ता इस प्रस्ताव का घोर विरोध करता है। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद पालमपुर के अध्यक्ष विजय ठाकुर, उपाध्यक्ष अशोक मन्हास, जिला मंत्री कर्नल नीरज राणा, संपर्क प्रमुख मुनीश संगराय, प्रखंड संयोजक अर्षित शर्मा, पूर्व जिला मंत्री पालमपुर विश्व हिंदू परिषद पवन सुत, रोहित चौहान, महिंदर सिंह, संजय वालिया व श्मंथन शर्मा प्रचार (मीडिया) प्रसार सह प्रांत प्रमुख विश्व हिंदू परिषद प्रांत हिमाचल उपस्थित रहे।

## किसानों की आर्थिकी मजबूत करना सरकार का लक्ष्य: राजेश धर्माणी

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

प्रदेश सरकार के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने लोहड़ी के अवसर पर घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत दकड़ी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक के उपयोग एवं राज्य की भौगोलिक स्थिति के अनुरूप नवीन योजनाएं कार्यान्वित कर किसानों की आर्थिकी को मजबूत करने के लिए कार्यरत है। उन्होंने कहा कि हिमाचल की आर्थिकी मुख्य रूप से कृषि पर निर्भर है प्रदेश सरकार कृषि क्षेत्र में उन्नत तकनीक के उपयोग पर बल दे रही है।

कार्यक्रम में करियर पॉइंट यूनिवर्सिटी हमीरपुर के अधिकारियों द्वारा स्थानीय जनता को कृषि और बागवानी के क्षेत्र में नई तकनीक के माध्यम किए जा रहे प्रयासों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर राजेश धर्माणी ने उन्होंने करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी के सौजन्य से स्थानीय पंचायत के 200 से अधिक परिवारों को मशरूम के किट वितरित किए इसके अतिरिक्त लेमनग्रास, बांस, ग्रीन टी, अर्जुन, भेड़ा और भयुल के पौधे वितरित किए गए। दकड़ी पंचायत में लोहड़ी उत्सव के अवसर पर राज्य स्तरीय कब्बड़ी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बिलासपुर सहित प्रदेश के लगभग सभी जिलों से खिलाड़ियों ने


दकड़ी में लोहड़ी पर्व मनाते मंत्री राजेश धर्माणी।

इस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में 57 किलोग्राम वर्ग में घुमारवीं पनौल के शुभम, 61 किलोग्राम वर्ग में कुठेड़ा के विजय, 65 किलो वर्ग में मंडी के विशाल, 70 किलोग्राम वर्ग में मंडी के नवीन और 74 किलोग्राम वर्ग हमीरपुर के राजेंद्र, महिला के 76 किलोग्राम वर्ग में हमीरपुर की कृतिका और 62 किलोग्राम वर्ग में बिलासपुर की सोनिका ने फाइनल में अपने मुकाबले जीते यह सभी वजीता विजेता खिलाड़ी नेशनल लेवल पर अपना दम दिखाएंगे। इस अवसर पर करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी हमीरपुर के वाइस चांसलर डॉ. संजीव शर्मा, मंत्री की धर्मपत्नी सोनिका धर्माणी, ग्राम पंचायत ढकरी के प्रधान मस्त राम राणा, ग्राम पंचायत अमरपुर के प्रधान दिनानाथ, ग्राम पंचायत पनोल के प्रधान धर्मपाल ठाकुर, ग्राम पंचायत दि कड़ी के उपप्रधान पवन जामवाल, वार्ड सदस्य श्यामलाल, हिमाचल प्रदेश कुश्ती संघ के अधिकारी और संवेदना चैरिटेबल सोसायटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सरकारी बस सेवा बंद होने से नागरिकों को हो रही परेशानी

अनंत ज्ञान, भरमौर




चंबा-छतराड़ी-कूंर एचआरटीसी बस सेवा एक बार फिर बंद हो जाने के कारण महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकारी बस सुविधा मुहैया न होने के कारण महिलाओं व वरिष्ठ नागरिकों को मजबूरी में अधिक किराया देकर निजी बस में सफर करना पड़ रहा है। गौरतलब है पिछले कई महीनो से यह बस सेवा बंद चली हुई है।

हालांकि सितंबर महीने में हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम के निदेशक सुरजीत भरमौरी ने इस बस सेवा को पुनः शुरू करवाया था लेकिन सवारियां नहीं होने का हवाला देकर निगम ने इस बस सेवा को फिर बंद कर दिया है। लिहाजा सरकारी बस सेवा बंद होने के कारण लाभार्थियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस बस सेवा को शुरू करने के लिए कई बार पंचायत प्रतिनिधियों ने डीसी व निगम प्रबंधन के सामने प्रस्ताव भेजे हैं लेकिन सावरिया कम होने का हवाला देकर इस बस सेवा को अक्सर कुछ दिनों बाद बंद कर दिया जाता रहा है। स्थानीय लोगों ने इस बस सेवा की टाइमिंग को बदलने की मांग की है और विभाग से गुजारिश की है कि इस बस सेवा को पुराने बस रूट चामुंडा छतराड़ी चलाया जाए। यहां के अधिकतर लोग सर्दियों में कांगड़ा चले जाते हैं, लिहाजा यहां के अधिकांश लोगों की रिश्तेदारी भी निचले क्षेत्रों में है। लिहाजा इस सेवा के शुरू हो जाने के बाद लोगों को सीधे गांव से कांगड़ा के लिए बस सेवा मिल जाएगी।

# लोहड़ी पर्व आपसी भाईचारे व प्रेम का प्रतीक

## शिव दयाला मंदिर कमेटी सिहुंता के कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोले विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया

अनंत ज्ञान, सिहुंता

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने लोहड़ी के मौके पर सिहुंता शिव दयाला मंदिर कमेटी सिहुंता के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों को लोहड़ी और मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोहड़ी का पर्व आपसी भाईचारे व प्रेम का प्रतीक है। यह पर्व उत्तर भारत में मनाया जाने वाला प्रसिद्ध त्योहार है, यह त्योहार दिल्ली, हिमाचल, हरियाणा और पंजाब में विशेष रूप से मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि लोहड़ी का उत्सव सर्दियों के जाने का व वसंत ऋतु के आगमन का संकेत है। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि त्योहार हमारी संस्कृति के परिचायक हैं।



शिव दयाला मंदिर कमेटी सिहुंता के कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया।

मेले व त्योहार स्थानीय लोगों के आपसी मेल-मिलाप के साथ-साथ सामुदायिक व व्यापारिक रूप से भी लोगों की आकांक्षाओं व आवश्यकताओं को पूर्ण करते हैं और हमारी संस्कृति व परंपराओं को संजोय रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कमेटी को प्रोत्साहन के तौर पर 21 हजार देने की घोषणा की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज महाजन, प्रधान ग्राम पंचायत सिहुंता अनिल कुमार, उपप्रधान मदन, उपप्रधान छलाड़ा पंचायत शमशेर राणा, मंदिर कमेटी प्रधान रिंकू मेहरा सहित मंदिर कमेटी के सदस्य और गणमान्य लोग मौजूद रहे।




शिव दयाला मंदिर कमेटी सिहुंता के कार्यक्रम में शिरकत करते विधानसभा अध्यक्ष।


# जिले में सरकारी शिक्षक पढ़ा रहे ट्यूशन

## विभागीय मापदंडों की हो रही लगातार अवहेलना, विभाग नहीं कस रहा शिकंजा

एमएम डैनियल, चंबा

जिला चंबा में शिक्षा विभाग के सरकारी स्कूलों में बच्चों को शिक्षा देने वाले शिक्षक आज दोहरी कमाई कर रहे हैं। शिक्षक बेखौफ होकर विभागीय मापदंडों को तिलांजलि देकर स्कूल टाइम के बाद ट्यूशन पढ़ाकर मोटी कमाई करके सरेआम भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं।

ट्यूशन पर पूर्ण प्रतिबंध के बावजूद कुछ सरकारी शिक्षकों द्वारा ट्यूशन रूपी गैर-कानूनी काम कर रहे हैं। बुद्धिजीवियों का कहना है कि शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी स्कूलों के शिक्षकों पर ट्यूशन पढ़ाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है लेकिन प्रतिबंध के बावजूद कुछ सरकारी स्कूलों के शिक्षकों द्वारा गैरकानूनी घोषित किए गए इस धंधे को बेखौफ अंजाम दिया जा रहा है। लोगों ने विभाग की अफसरशाही पर कमजोर पकड़ व लचर कार्यप्रणाली का आरोप जड़ते हुए कहा है कि जिला के बड़े और छोटे सभी कस्बों में बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने का गैरकानूनी कारोबार किया जा रहा है। शिक्षा विभाग को कानोंकान खबर तक नहीं है। बुद्धिजीवी वर्ग ने सरकारी स्कूलों के शिक्षकों की गैर-जिम्मेदाराना कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए कहा है कि सरकार स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने की एवज में शिक्षक वर्ग को माहवार मोटी रकम वेतन के रूप में देकर भरपाई कर रही है, बावजूद इसके शिक्षकों द्वारा ट्यूशन के गैरकानूनी कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। इससे स्पष्ट संकेत मिलते हैं कि सरकार द्वारा दी जा रही 30 से 50 हजार रुपए तक का मासिक वेतन से उनके परिवार का गुजारा नहीं हो रहा है। लोगों का कहना है कि सरकारी स्कूलों के शिक्षकों द्वारा स्कूल टाइम के बाद व पहले बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने का गैरकानूनी कारोबार विगत लंबे समय से लगातार चल रहा है लेकिन आज तक ऐसा उदाहरण सुनने व देखने को नहीं मिल रहा है कि कहीं पर विभाग द्वारा इस गैर-कानूनी कार्य को अंजाम देने वाले शिक्षकों के खिलाफ कभी कार्रवाई अमल में लाई गई हो। बुद्धिजीवी वर्ग का कहना है कि स्कूल टाइम में कुछ शिक्षक बच्चों को पढ़ाने में इसलिए रुचि नहीं लेते कि परीक्षाओं के समय वही उन बच्चों के तारनहार बनेंगे। स्कूलों में ही यदि बच्चों की पढ़ाई पर अध्यापक विशेष ध्यान दें तो निस्संदेह बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने की आवश्यकता ही नहीं रह जाती। कुछ अध्यापकों की गैर-जिम्मेदाराना हरकतों से सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या दिन-प्रतिदिन घटती जा रही है लेकिन विभाग की अफसरशाही द्वारा आज तक इस विषय पर मंथन ही नहीं किया गया कि आखिर सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या कम होने के पीछे कौन-सा कारण है। अनंत ज्ञान



शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित किए गए नियमों के आधार पर सरकारी स्कूलों में बच्चों को शिक्षा प्रदान करने वाला कोई भी शिक्षक ट्यूशन नहीं पढ़ा सकता है। ऐसे में अगर कोई शिक्षक इस तरह के कार्य को अंजाम देते हुए पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही होगी।

**-राजेश कुमार चाढ़क**
**उच्च शिक्षा उपनिदेशक चंबा**

# जिला बाल संरक्षण इकाई ने झोपड़ियों में रहने वालों के लिए शुरू किया पुनर्वास अभियान

अनंत ज्ञान,चंबा

जिला बाल संरक्षण इकाई चंबा द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा के सहयोग से जिला चंबा के समीप झुग्गी-झोपड़ियों में जाकर स्ट्रीट सिचुएशन में रह रहे बच्चों की पहचान व उनके पुनर्वास के लिए शनिवार को एक अभियान आरंभ किया। इस अभियान में बाल संरक्षण अधिकारी रिंकू शर्मा वह चाइल्ड हेल्पलाइन से समन्वयक कपिल शर्मा ने झुग्गी झोपड़ियों में जाकर बच्चों से संबंधित आंकड़े इकट्ठे किए ।

यह जानने का प्रयास किया कि कहीं कोई बच्चा बिना मां बाप के झोपड़ी में तो नहीं रह रहा। यहां रहकर अपने जीवन यापन के लिए मजदूरी या गलियों में सामान इत्यादि बेचने का काम तो नहीं कर रहा है। पढ़ाई तो नहीं छोड़ चुका है। झोपड़ियों में रह रहे लोगों से ऐसे बच्चों के बारे में जानकारी देने का अनुरोध किया ताकि ऐसे बच्चों को सरकारी सहायता उपलब्ध करवा कर उनके पुनर्वास के लिए प्रयास किया जा सके।

इसके साथ उन्हें बाल विवाह, बाल मजदूरी, दत्तक ग्रहण, बच्चों के अधिकारों, शिक्षा का अधिकार, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 गुड़िया हेल्पलाइन 1515 के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी व नशे के कुप्रभाव बच्चों को दूर रहने वारे जागरूक किया द्य और पोक्सो एक्ट के बारे में तथा गुड टच बाद टच के बारे में विस्तृत जानकारी दी।



पुनर्वास के लिए अभियान का शुरुआत करते चाइल्डलाइन के समन्वयक।

# कल्हेल पंचायत मार्ग की हालत बेहद दयनीय

**तीसा।** पंचायत कल्हेल मार्ग की हालत दिन व दिन दयनीय हो रही है। जिस के चलते ग्रामीणों व राहगीरों के परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कल्हेल मार्ग संकरा व कच्चा होने के चलते दुर्घटना होने की हर पल संभावना बनी रहती है। वहीं वर्षा के दिनों में मार्ग समस्या और भी बढ़ जाती है। मार्ग पर जगह-जगह पानी के रुकने व मार्ग के साथ लगती कच्ची पहाड़ियों में भूस्खलन से मार्ग पर कई स्थानों पर गाद गिरने से परेशानी आती है। क्षेत्र के ग्रामीणों में राम सिंह, भीमा, मनोज, धीरज, शशि, सुभाष, अरविंद, नीरज, अजय सिंह, हेमराज, रिक्की, तूती सिंह, हितेश, सुरेंद्र, विरेंद्र, मुकेश, किरण, आशा, सुभद्रा, प्रवीण, सीमा, सविता, कृष्णा, मधु आदि ने लोनिवि तीसा से गुहार लगाई है कि इस दिशा में जल्द से जल्द व्यापक कदम उठा कर क्षेत्र वासियों को मार्ग समस्या से राहत प्रदान की जाए।

# कंडी-गुरैठ-मैंद्रा सड़क का निर्माण कार्य शुरू, लोग खुश

अनंत ज्ञान, भरमौर

कंडी-गुरैठ-मैंद्रा सड़क का काम एक बार फिर से शुरू होने पर लोगों ने खुशी जताई है। इस काम को शुरू करने के लिए लोगों ने प्रशासन का वह कंपनी प्रबंधन का आभार व्यक्त किया है और उम्मीद जताई है कि जल्द ही बचा सड़क का निर्माण पूरा हो जाएगा और यहां के छोटे-छोटे गांव सड़क सुविधा से जुड़ जाएंगे। गौरतलब है कि करीब दो महीने पहले इस सड़क का निर्माण कार्य बंद हो गया था। इसके बाद इस सड़क निमाज़्ण से लाभान्वित होने वाले करीब आधा दर्जन गांवों में मायूसी छा गई थी।

सड़क निर्माण बंद होने के पीछे कारण यह बताया जा रहा था कि जहां से सड़क बन रही है उसके ठीक नीचे राष्ट्रीय उच्च मार्ग 154 ए आ रही है। लिहाजा यहां से हल्का सा पत्थर गिरने पर भी उसके राष्ट्रीय उच्च मार्ग तक पहुंचने की आशंका बहुत ज्यादा बताई जा रही थी। लिहाजा किसी बड़ी दुर्घटना के अंदेशा के चलते इस सडक निर्माण के कार्य को बंद कर दिया गया था। इसके बाद इस सड़क के निर्माण को दोबारा शुरू करने के लिए लोगों ने कई बार बार प्रशासन और चंबा उपायुक्त को ज्ञापन भी सौंपे।

इसके बाद ऊपायुक्त चंबा ने अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए दोपहर 11 से 12 बजे तक और शाम के 3 से 5 बजे तक राष्ट्रीय उच्च मार्ग को बंद रखने के आदेश जारी किए हैं ताकि उक्त सड़क का निर्माण जल्दी से जल्दी हो। इसके बाद संबंधित सड़क का निर्माण कर रही एमसीसी कंपनी ने अपनी मशीनरी को दोबारा वापस साइट पर खड़ा कर दिया है और काम को शुरू कर दिया है । दोबारा काम शुरू होने से यहां के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है।



भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा मंडल भटियात की बैठक में मौजूद पदाधिकारी और कार्यकर्ता।

# हेलिपैड के लिए नहीं हो पाया जगह का चयन

अनंत ज्ञान, भरमौर

पिछले कई सालों से भरमौर में अतिरिक्त हेलिपैड के निर्माण के लिए जगह का चयन आज तक नहीं हो पाया है। हर वर्ष मणिमहेश मेला शुरू होते ही भरमौर में अतिरिक्त हेलिपैड के निर्माण के लिए कवायद तेज हो जाती है।

जैसे ही मणिमहेश मेला खत्म हो जाता है, इसके निर्माण की बात ठंडे बस्ते में चली जाती है। गौरतलब है पिछले कई वर्षों से भरमौर में अतिरिक्त हेलिपैड बनाने की मांग जोर पकड़ रही है। जिसके लिए सरकार की ओर से कुछ बजट का प्रावधान भी हो गया है। लेकिन सही जगह का चुनाव नहीं होने के कारण इस अतिरिक्त हेलीपैड का निर्माण नहीं हो पाया है। हालांकि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने के बाद हर विधानसभा क्षेत्र में हैलीपोर्ट बनाने के निर्देश देने के बाद यह मांग पूरी होते हुए दिख रही थी। इसके लिए भी प्रशासन द्वारा भरमौर के होली में जगह का चयन किया गया है। लिहाजा भरमौर में ददमां की समीप पीडब्ल्यूडी द्वारा चिन्हित की गई जगह पर हेलिपोर्ट निर्माण करने के लिए वन विभाग की औपचारिकताएं पूरी नहीं हो पाई हैं। सरकार ने भरमौर प्रशासन को हेलिपैड के निर्माण के लिए अतिरिक्त जगह का चयन करने के लिए कहा था।

# भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा मंडल भटियात ने की बैठक

**चुवाड़ी।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा मंडल भटियात की शनिवार को बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष सीएल ठाकुर ने की। बैठक में विशेष रूप से भटियात विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक विक्रम जरियाल, भटियात भाजपा मंडल के अध्यक्ष दिव्य चक्षु, भटियात अनुसूचित जनजाति मंडल के अध्यक्ष अशोक ठाकुर, प्रदेश मोर्चा के प्रभारी पुरुषोत्तम विशेष रूप से उपस्थित रहे। अनुसूचित जनजाति मोर्चा भटियात की कार्यकारिणी के सदस्य और पदाधिकारी इस बैठक में मौजूद रहे। बैठक में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा मंडल भटियात के सभी कार्यकर्ताओं ने केंद्र की योजनाओं पर चर्चा की और जन जन तक पहुंचाने का प्रण लिया।

## बदहाल भवन व लाचार स्टाफ के कारण लोग कैंपों में हेल्थ चेकअप करवाने को मजबूर

# कूंर स्वास्थ्य उपकेंद्र काम के बोझ का मारा स्थायी कर्मचारी नहीं, सिर्फ डेपुटेशन का सहारा




ओपी शर्मा, भरमौर

भरमौर की ग्राम पंचायत कूंर में लाखों रुपए का स्वास्थ्य उपकेंद्र शौचालय में तब्दील हो गया है। यहां पर पिछले कई वर्षों से कोई भी स्थायी कर्मचारी नियुक्त नहीं हुआ है। लिहाजा, यहां के लोगों का स्वास्थ्य पिछले कई सालों से राम भरोसे ही चल रहा है। बदहाल भवन व लाचार स्टाफ के अभाव की वजह से यहां के लोग मजबूरन कैंपों में जाकर अपना हेल्थ चेकअप करवाते हैं। यही नहीं, इस भवन की बदहाल सूरत को लेकर यहां पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित किए जाने वाले कैंप भी दूसरी जगह लगाए जाते हैं।

यह स्वास्थ्य भवन अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। यहां पर स्टाफ की मार से लोगों के साथ लगातार खिलवाड़ हो रहा है। यहां के लोगों को छोटी-छोटी बीमारियों का चेकअप करवाने के लिए अपनी पंचायत से दूर जाना पड़ रहा है। हैरानी की बात है कि स्वास्थ्य विभाग ने पिछले कई वर्षों से यहां पर नियमित स्टाफ नहीं भेजा है। यहां पर एक मेल और एक फीमेल हेल्थ वर्कर की पोस्ट स्वीकृत है, लेकिन विभाग यहां पर रेगुलर स्टाफ की नियुक्ति करना ही नहीं चाहता और डेपुटेशन के आधार पर ही काम चलाए जा रहा है। यहां पर भवन की हालत इतनी खस्ता हो चुकी है कि स्वयं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी भी दूसरी जगह शिफ्ट होकर कैंप आयोजित कर रहे हैं। अनंत ज्ञान



ग्राम पंचायत कूंर में बनाया गया लाखों रुपए की कीमत से बदहाल स्वास्थ्य उपकेंद्र।

### क्या कहती हैं प्रधान ग्राम पंचायत कूंर

इस विषय पर प्रधान ग्राम पंचायत कूंर कल्पना शर्मा ने कहा है कि वह इस संबंध में कई बार सरकार व प्रशासन को अवगत करवा चुकी हैं। यहां पर लाखों रुपए का उप स्वास्थ्य केंद्र का भवन शौचालय में तब्दील हो रहा है। यहां की गरीब जनता को छोटी-छोटी बीमारियों का इलाज करने के लिए दर-दर की ठोकरें खानी पड़ रही हैं। अगर इस समस्या की ओर जल्द ध्यान नहीं दिया तो यह भवन आने वाले समय में खंडहर बन जाएगा। हैरानी की बात यह है कि इस भवन की हालत इतनी खस्ता है कि स्वयं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को कैंप सरकारी स्कूलों में लगाने पड़ रहे हैं। जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह पंचायत के लोगों को इकट्ठा कर आंदोलन के राह भी अपना लेंगे।



### क्या कहते हैं बीएमओ

इस विषय पर बीएमओ धरवाला नवदीप राठौर ने कहा है कि पूरे खंड चूड़ी में 100 से अधिक स्वास्थ्य कर्मचारियों के पद खाली चले हुए हैं। वह इस संबंध में कई बार सरकार व प्रशासन को अवगत करवा चुके हैं। पूरे खंड चिकित्सा में स्टाफ की कमी के कारण यहां पर काम करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्टाफ की कमी के कारण कई बार दूसरी जगह से स्टाफ मंगवा कर कैंप वगैरह आयोजित करवाए जा रहे हैं।

### क्या कहते हैं विधायक



इस विषय पर भरमौर के विधायक डॉक्टर जनक राज ने कहा है कि वह समय-समय पर सरकार के समक्ष इस मांग को प्रमुखता से उठा चुके हैं। इस तरह की कमियों की उनके पास पूरी जानकारी है, लेकिन व्यवस्था परिवर्तन के नाम वाली सरकार से विकास की उम्मीद करना बेकार है। उन्होंने कहा कि वे फिर भी इस संबंध में स्वयं स्वास्थ्य मंत्री व मुख्यमंत्री को दोबारा से पूरे भरमौर में चल रही स्टाफ की कमी के बारे में अवगत करवाएंगे।

# 22 जनवरी को चंबा के राम मंदिरों में प्रज्वलित किए जाएंगे दीप

## ब्राह्मण प्रतिनिधि सभा ने बैठक कर कार्यक्रम की बनाई रूपरेखा

आरके रांगड़ा, चंबा

ब्राह्मण प्रतिनिधि सभा द्वारा मासिक बैठक का आयोजन प्रधान अजितेश शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में सर्वप्रथम सभा में सभी उपस्थित माननीय सदस्यों द्वारा समस्त चंबा वासियों को लोहड़ी एवं मकर संक्रांति पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए बैठक का शुभारंभ किया।

वहीं सर्व सम्मति से आगामी 22 जनवरी को भगवान श्रीराम जी की अयोध्या में नए भव्य मंदिर में स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा के सुअवसर पर होने वाले कार्यक्रम में ब्राह्मण प्रतिनिधि सभा चंबा भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने के रूप में 20 से 23 जनवरी तक सीताराम मंदिर जनसाली के भवन को सुशोभित करेगी। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को ब्राह्मण प्रतिनिधि सभा के बैठक हाल में भगवान श्री परशुराम जी एवं सीता राम मंदिर जनसाली में सुबह मंगल आरती पूजा अर्चना के उपरांत सायं भजन कीर्तन व दीप प्रज्वलित करके भगवान श्रीराम जी के प्रति अपनी आस्था व सम्मान प्रकट करेगी। इस मौके पर प्रधान अजितेश शर्मा व अन्य पदाधिकारी सुरेश कश्मीरी, विनय शर्मा, मंगलेश शर्मा, सुभाष सोनी, देवेंद्र वगलवान, ईश्वरी कोलुआ, पवन भारद्वाज, हेमेंद्र शर्मा, धर्मवीर वैद, पवन वैद, सुभाष पाठक, हरीश भगवान उपस्थित रहे। अनंत ज्ञान



ब्राह्मण प्रतिनिधि सभा के सदस्य बैठक करते हुए।

# तेलका में राष्ट्रीय बैंक खोलने की मांग

**सलूणी।** तेलका क्षेत्र में किसी भी राष्ट्रीय बैंक की शाखा न होने के कारण यहां के लोगों को बैंक संबंधी लेनदेन के लिए पचास किलोमीटर दूर सलूणी या तीस किलोमीटर लचीली जाना पड़ता है। गौरतलब है कि वर्तमान में चल रही कैशलैस अर्थव्यवस्था के अंतर्गत लेनदेन के लिए लोगों के पास राष्ट्रीय बैंक का खाता व एटीएम कार्ड होना जरूरी है। ऐसे में लोगों को उक्त व्यवस्था से लेनदेन के लिए दूर के बैंकों का सहारा लेना पड़ रहा है। यही नहीं स्कूली छात्रों व नौकरी आवेदकों को बैंक ड्राफ्ट इत्यादि लेने हेतू लचोड़ी या सलूणी जाना पड़ता है। जिससे उन्हे मानसिक व आर्थिक परेशानी झेलनी पड़ती है। ऐसे में यदि तेलका में राष्ट्रीयकृत बैंक पीएनबी , एस बी आई की शाखा खोली जाती है तो इससे मौड़ा, सेरी, सालवां, बाड़का, भजोत्रा, द्रेकड़ी, सियुला, करवाल व ग्वालु आदि पंचायतों की लगभग बीस हजार से अधिक की आबादी को सुविधा मिलेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### मंडी कॉलेज का प्रतिनिधित्व करेंगे स्वयंसेवी



वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के चयनित एनएसएस स्वयंसेवी।

**मंडी।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के तीन स्वयंसेवी लकी चौहान, रूप सिंह, नेहा ठाकुर का राष्ट्रीय युवा महोत्सव में चयन होने से इकाई तथा महाविद्यालय में खुशी का माहौल है। तीनों स्वयंसेवी नाशिक महाराष्ट्र में होने वाली 27वीं राष्ट्रीय युवा महोत्सव 12 से 18 जनवरी तक होने जा रहा है, उसमें महाविद्यालय मंडी का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह कार्यक्रम युवा मामले एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है जिसमे देशभर से 1000 से अधिक युवा भाग लेंगे तथा अपने अपने क्षेत्र प्रतिनिधित्व करेंगे। इस उपलक्ष्य पर राजकीय महाविद्यालय मंडी की प्रधानाचार्य प्रो. सुरीना शर्मा और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सूरजमणी ठाकुर व प्रो. दिपाली अशोक ने शुभकामनाएं दी हैं।

### मच्छयाल मंदिर में लगाया भंडारा


मच्छयाल मंदिर में महीने के दूसरे शनिवार को पूजा करते भक्त।

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल के मच्छयाल मंदिर में महीने के दूसरे शनिवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शनिधाम मंदिर कमेटी के प्रधान चुनी लाल शर्मा ने बताया कि सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रहती है और शनि मंदिर में ग्रहों की शांति के लिए तुलादान की व्यवस्था भी है। इस अवसर पर शनि मंदिर कमेटी के सदस्य रेवत चौधरी, दुनी चंद, कर्म सिंह अन्य शामिल थे।

### व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर ठग रही सरकार

**जोगिंद्रनगर।** भाजपा के प्रवक्ता पंकज जंवाल ने कहा कि प्रदेश के लोग महंगाई



से त्रस्त हैं और प्रदेश सरकार मौज मस्ती में है। जंवाल ने कहा कि झूठी घोषणाओं के दम पर सत्ता में आई सरकार ने पहली ही कैबिनेट बैठक में गारंटियों को पूरा करने की बात कही थी, लेकिन मुख्यमंत्री मौनी बाबा बने बैठे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने वायदे तो पूरे किए नहीं सत्ता में आते ही डीजल पर जीएसटी बढ़ा कर महंगाई का तोहफा प्रदेश के लोगों को दिया। जहां पहले तहसील में छोटे छोटे कार्यों के लिए भाजपा सरकार के समय स्टांप ड्यूटी मात्र छह रुपए लगती थी, इस सरकार ने उसे तीन गुणा से भी अधिक बढ़ा कर 20 रुपए कर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। भाजपा नेता ने कहा कि प्रदेश सरकार धड़ल्ले से कर्ज पर कर्ज लिए जा रही है, लेकिन दूसरी और प्रदेश में कही भी विकास कार्य नहीं दिखाई दे रहा है।

# स्कूलों-कॉलेजों में गेस्ट टीचर भर्ती का माकपा ने किया विरोध

## बेरोजगार युवाओं के साथ भद्दा मजाक बताया, शिक्षा की गुणवत्ता में आएगी गिरावट

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

सुखविंद्र सिंह सुखू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार द्वारा पिछले कल आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में स्कूलों और कॉलेजों में गेस्ट टीचरों को भर्ती करने का निर्णय लिया है जो पीरियड आधार पर स्कूलों और कॉलेजों में लगाए जाएंगे। इसका मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने कड़ा विरोध किया और इसे बदलने की मांग की है।

पार्टी के सचिव व पूर्व जिला परिषद सदस्य भूपेंद्र सिंह ने इसे बेरोजगार युवाओं के साथ भद्दा मजाक बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने चुनावों के समय पांच लाख युवाओं को रोजगार देने की


बैठक में चर्चा करते मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य।

गारंटी दी थी लेकिन पिछले एक साल में नाममात्र का ही रोजगार ही युवाओं को मिला है। अब दूसरे साल में स्थायी रोजगार के बजाए गेस्ट व पीरियड के आधार पर 2600 गेस्ट आधार पर नौकरी देने की नीति लागू करने का युवा विरोधी फैसला लिया है जो उनके घोषणा पत्र के विपरीत है। पीरियड आधार पर शिक्षकों की भर्ती होने से शिक्षा की गुणवत्ता में तथा जवाबदेही में भी गिरावट आएगी और कुल मिलाकर शिक्षा के निजीकरण को बढ़ावा मिलेगा जिससे सबको निशुल्क व अनिवार्य शिक्षा का लक्ष्य हासिल नहीं होगा।

# मंडी नगर निगम क्षेत्र में स्वच्छता नियम ताक पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

भले ही प्रदेश भर में नगर निगम मंडी स्वच्छता के मामले में चौथे स्थान पर रहा लेकिन अभी कूड़ा करकट गलियों और नालियों में बिखरा हुआ देखा जा रहा है। नगर निगम मंडी घर द्वार से कूड़ा उठाते है लेकिन सुहड़ा मौहला से अस्पताल की तरफ जाते हुए कई लोग कूड़ा घरों के बाहर सड़क में रख देते है। जिसको आवारा कुत्तों और बंदरों द्वारा इधर उधर बिखेर दिया जाता है। वहीं सेरी मंडी शहर का सेरी मंच एक आकर्षण का केंद्र है। बावजूद इसके सेरी मंच की पार्किंग के साथ लगती नालियों में बुरी तरह से कूड़ा पसरा हुआ था। मंडी शहर को स्वच्छता के नियमों का पालन यूं तो सख्ती से करवाया जा रहा है और कई बार नगरनिगम आयुक्त एचएस राणा भी औचक निरीक्षण करते है लेकिन कुछ स्थानों में लोग अभी भी स्वच्छता नियमों का पालन नहीं कर रहें है। वहीं


घरों के बाहर रखा कूड़ा।

मामला ध्यान में आने पर नगर निगम मंडी के मेयर वीरेंद्र भट्ट शर्मा द्वारा सफाई करवा दी गई उन्होंने बताया कि कई बार सफाई कर्मी एक जगह कुड़ा इकठ्ठा रख कर दुसरी कुड़े कि बोरी ले जाने चला जाता है जिसमें कई बार समय लग जाता है। जो लोग कूड़ा घरों के बाहर सड़कों में रख देते है उनके खिलाफ नगर निगम द्वारा सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## पुनर्वास केंद्र मैगल में रह रहे लोगों के साथ बांटी लोहड़ी की खुशियां


श्री सत्य साई समिति के पदाधिकारी पुनर्वास केंद्र में लोहड़ी मनाते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

श्री सत्य साई समिति ने मानसिक रोग मुक्त पुनर्वास केंद्र मैगल में रह रहे लोगों के साथ लोहड़ी का त्योहार मनाया।

यहां समिति के सदस्यों द्वारा सर्वधर्म भजन किए, रेवड़ी, मूंगफली, गचक इत्यादि बांटे तथा लोहड़ी के उपलक्ष्य में खिचड़ी बनाने का राशन दिया। समिति के प्रधान के प्रधान योगेंद्र पाल सरोच के अनुसार इस पुनर्वास केंद्र में 23 लोग रह रहे हैं जो कि अपने परिवार से उपेक्षित हैं। यह केंद्र सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा प्रायोजित है। केंद्र के संचालक डॉक्टर नरेंद्र शर्मा ने समिति सदस्यों का आभार व्यक्त किया है।

### कांग्रेस राष्ट्रीय कार्यक्रमों का कर रही बहिष्कार : अजय

**मंडी।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय राणा ने कहा कि राम जन्मभूमि मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह राष्ट्रीय गौरव का विषय है और भारत के प्रमुख सभ्यतागत मोड़ों में से एक है। कांग्रेस नेताओं ने वोट बैंक की राजनीति के कारण राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को बीजेपी, आरएसएस का कार्यक्रम करार देने में लगे हैं और इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होने का फैसला किया है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को भारत और उसकी उपलब्धि का जश्न मनाने वाले किसी भी आयोजन से एक बुनियादी समस्या है। राष्ट्रीय गौरव का कोई भी मामला कांग्रेस के लिए चिंता का विषय है, जिसके विचारों में ही भारत विरोधी रवैया निहित होता है। भाजपा प्रवक्ता अजय राणा ने कहा की राष्ट्रीय गौरव के 7 अन्य उदाहरण हैं जिन्हें कांग्रेस पार्टी ने छोड़ दिया या विरोध किया है। इसी से ही इनके नेताओं की मानसिकता का पता चलता है।

# संस्कृत एवं संस्कृति संरक्षण संघ ने सदर विधायक को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

भारतीय लोकतंत्र में न्याय की तलाश में निकले शास्त्री शनिवार को सदर मंडी विधायक अनिल शर्मा के दरबार पहुंचे और उन्हें मांगों का पुलिंदा सौंपा।

बता दें कि संस्कृत एवं संस्कृति संरक्षण संघ शास्त्रियों के साथ हुए अन्याय के खिलाफ आंदोलनरत है और घर-गांव तक प्रत्येक जनप्रतिनिधि को ज्ञापन सौंप न्याय की गुहार लगा रहा है। वहीं इस बारे में विधायक अनिल शर्मा ने कहा कि शास्त्रियों ने ज्ञापन सौंपा है, जिसे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू तक पहुंचाया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में संस्कृत एवं संस्कृति संरक्षण संघ के अंकुश, भावेश, अर्जुन, शीतल, राकेश, चमन लाल, सुरेश शामिल रहे। इन्होंने कहा कि शास्त्री हर जन प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंप न्याय मांगेगा। उन्होंने कहा कि जो प्रतिनिधि उन्हें न्याय दिलाने में सहयोग करेगा उसी का आगामी चुनाव में परिजनों सहित साथ दिया जाएगा।


मांगों को लेकर विधायक अनिल शर्मा को ज्ञापन सौंपते संस्कृत एवं संस्कृति संरक्षण संघ मंडी इकाई के पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

### क्या है शास्त्रियों की मांग

शास्त्रियों का कहना है कि शास्त्री अपने पांच वर्ष के अध्ययन में व्याकरण, साहित्य शास्त्र, दर्शन शास्त्र, ज्योतिष शास्त्र, वेद, छंद शास्त्र का अध्ययन करते हैं, तब जाकर वह शास्त्री कहलाता है और बच्चों को पढ़ाने योग्य होता है। बीए और एमए में नाममात्र संस्कृत पढ़ने वाले छात्रों को शास्त्री लगाना न्यायसंगत नहीं है। इससे भविष्य में संस्कृत भाषा के अस्तित्व पर गहरा प्रभाव पड़ेगा और जो लोग पांच वर्ष अध्ययन करते हैं, उनके साथ हुए अन्याय के कारण कोई भी संस्कृत नहीं पढ़ेगा।

# सादे कार्यक्रम में बदला वर्षगांठ का जश्न

## एनपीएस महासंघ के जिला अध्यक्ष ने रिटायर्ड कर्मचारियों को किया सम्मानित

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

प्रदेश में वर्तमान सरकार द्वारा ओपीएस बहाल करने की पहली वर्षगांठ के अवसर पर रिटायर्ड कर्मचारियों को सम्मानित कर शनिवार को यहां सामान्य सा जश्न मनाया गया। हालांकि इस के लिए आज मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में रंगारंग जिला स्तरीय कार्यक्रम प्रस्तावित था लेकिन न्यू पेंशन कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष लेखराज के हाथों सदर खंड में रिटायर हुए कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय है कि जो कर्मचारी न्यू पेंशन स्कीम के तहत कार्यरत थे लेकिन प्रदेश में सरकार द्वारा पुरानी पेंशन बहाली के बाद पेंशन मिलना शुरू हुई उन्हें संगठन द्वारा सम्मानित किया गया। बता दें कि एक वर्ष पूर्व 13 जनवरी को वर्तमान सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में प्रदेश सरकार


एनपीएस के पदाधिकारी सम्मानित रिटायर्ड कर्मचारियों के साथ।

ने पुरानी पेंशन बहाली पर मोहर लगाई थी। हालांकि अधिसूचना चार मई को जारी की गई थी लेकिन पेंशन का भुगतान एक अप्रैल 2023 से किया जा रहा है। अधिसूचना जारी होने के बाद प्रदेश में लगभग 800 रिटायर्ड कर्मचारी पुरानी पेंशन प्राप्त करने लग गए हैं और मंडी जिला में यह संख्या लगभग 210 से भी अधिक है। जिससे रिटायर्ड कर्मचारियों में भारी उत्साह है व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के प्रति कृतज्ञ हो उठे हैं। उनका मानना है कि सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने पहली कैबिनेट में जिस तरह से पेंशन बहाली का बड़ा फैसला लिया वह सचमुच कर्मचारी इतिहास में याद रखने योग्य है। लेखराज ने कहा कि पेंशन पूरी तरह बहाल हुई है। मंडी सदर ब्लॉक में उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारियों में प्रोफेसर कन्हैया राम सैनी, भीम सिंह ठाकुर, हितेश परमार, रूपलाल, हेमंत लता तथा मीरा शर्मा आदि को पुरानी पेंशन मिलने पर महासंघ की तरफ से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अनंत ज्ञान

# प्रशासन ने स्ट्रीट लाइट तो लगा दी पर रेलिंग का अता-पता नहीं

## बारिश हुई तो फिसलन बढ़ेगी, स्थानीय लोगों ने जुगाड़ करके लगाई मिट्टी के बोरों की रेलिंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

नगर निगम मंडी के थनहेड़ा मोहल्ले में लोग जान जोखिम में डालकर रास्ता आर-पार कर रहे हैं।

हालात ऐसे हैं कि रेलिंग न होने से यहां कभी भी किसी भी हादसे को न्योता दिया जा रहा है। जिसको लेकर लोगों ने डंगे के ऊपर रेलिंग लगाने की मांग का मुद्दा नगर निगम की मासिक बैठक में भी प्रमुखता से उठाया गया। नगर निगम की मानें तो इस कार्य के लिए नगर निगम के पास बजट का प्रावधान नहीं है, जिसको लेकर नगर निगम आयुक्त द्वारा उपायुक्त अरिंदम चौधरी से बजट की मांग की गई है। डंगे के समीप चार स्ट्रीट लाइट तो लग चुकी हैं पर रेलिंग का काम अभी तक शुरू नहीं किया गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन का इंतजार न करते हुए इसके लिए मिट्टी की बोरियां रख कर ही रेलिंग लगा दी। वहीं सीमा परमार जिनका घर डंगे के साथ है, उन्होंने बताया कि डंगे पर से रोजना बच्चे, बूढ़े मरीज आदि गुजरते हैं। अगर थोड़ा सा भी धक्का किसी को लग जाए तो उसका बचना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने बताया कि अपने घर के आगे की ढीली मिट्टी को वे अपने पैसों से ही मजदूर लगाकर मिट्टी को उठवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि थोड़ी सी भी बारिश अगर होती है तो डंगे पर फिसलन हो जाएगी और कोई भी हादसे का शिकार हो सकता है। उन्होंने बताया कि प्रशासन मौका करके तो गया है और सहयोग भी कर रहा है लेकिन ये काम जल्दी से जल्दी हो जाए तो लोगों को सुविधा हो जाए। उन्होंने बताया कि जब तक विश्वकर्मा मंदिर के सामने वाली सड़क से डंगा नहीं लग जाता तब तक घर और लोग सुरक्षित नहीं है। वहीं स्थानीय निवासी मोनिका का कहना है कि डंगे पर जब तक रेलिंग नही लग जाती, तब तक लोग सुरक्षित नहीं है। प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए। मंडी नागरिक सभा मंडी के प्रवक्ता नीरज हांडा ने बताया नौ तारीख को इस मुद्दे को उठाया गया था जिसके बाद स्ट्रीट लाइट तो लग गई लेकिन उसके बाद कोई भी कार्य नहीं किया गया। लेकिन स्थानीय लोगों ने खतरे को देखते हुए मिट्टी के बोरों की रेलिंग लगा दी। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि सड़क से ऊपर तक दीवार लगाई जाए ताकि खतरा टल जाए।

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**


डंगे पर जुगाड़ करके मिट्टी के बोरों की रेलिंग लगाते स्थानीय लोग।

> वहीं जब इस बारे में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला उनके ध्यान में है। वहीं उपायुक्त के आदेशों पर एस्टीमेट सबमिट कर उपायुक्त को सौंप दिया गया है। यहां 2.50 लाख की लागत से रास्ता और रेलिंग लगाई जाएगी।
>
> **बीसी नेगी, अधिशाषी अभियंता**

**शिक्षा** | अभिभावकों की पहली पसंद शांति निकेतन पब्लिक स्कूल, सन् 1999 में हुई थी स्थापना

# आज की पीढ़ी को शिक्षा के साथ नहीं भूलने चाहिए अपने संस्कार

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर उपमंडल के शांति निकेतन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल की स्थापना सन् 1999 में हुई। इसी वर्ष नर्सरी, केजी, पहली कक्षा से सत्र प्रारंभ किया गया। आगामी वर्ष में स्कूल को मिडल स्कूल में अपग्रेड किया गया। उस समय स्कूल में 35 बच्चों की संख्या थी और बच्चों, अभिभावकों व शिक्षकों की कड़ी मेहनत व सहयोग से सन 2004-2005 में स्कूल को सीनियर सेकेंडरी का दर्जा मिला।

उस समय स्कूल में पांच सौ से अधिक बच्चों की संख्या थी। शांति निकेतन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के निदेशक विकास गुप्ता ने बताया कि बच्चों की मेहनत से स्कूल का वार्षिक परिणाम शत प्रतिशत रहा और यहां से निकल कर बच्चे अच्छे अच्छे विभागों में अपनी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यह एक गर्व की बात है और उन बच्चों के द्वारा स्कूल का नाम रोशन किया गया। अभी की बात करें तो शांति निकेतन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने शिक्षा के साथ अन्य गतिविधियों में जैसे खेलकूद प्रतियोगिता, अन्य प्रतियोगिताओं में भाग ले कर स्कूल का नाम रोशन किया है।

### बच्चों की उपलब्धियां

शांति निकेतन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल सत्र 2001-2002 में पांचवीं बोर्ड परीक्षा में प्रशिक्षित शर्मा ने 91 प्रतिशत अंक हासिल किए थे। आठवीं बोर्ड परीक्षा में अरविंद चौहान, दसवीं में अपूर्वा महाजन और 2022-2023 में दसवीं व बारहवीं कक्षा की परीक्षा में अर्पिता ने 95 प्रतिशत व पीकांक्षा ने 90 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं।

### ऐसा है स्कूल कैंपस

शांति निकेतन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल कैंपस की बात की जाए, तो एक सुंदर भवन है और सरस्वती मां का मंदिर, नर्सरी से लेकर 12वीं कक्षा तक क्लास रूम, बच्चों को खेलने के लिए एक सुंदर मैदान, एक बड़ी लाइब्रेरी, कम्प्यूटर लैब, साइंस लैब, म्यूजिकल रूम और नर्सरी व केजी के बच्चों के लिए पार्क जहां झूले लगाए गए हैं।




शांति निकेतन स्कूल कई वर्षों से शिक्षा प्रदान कर रहा है और शिक्षा के कार्य में अग्रसर और भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में प्रत्यनशील रहेगा। आज की नई पीढ़ी शिक्षा के साथ नैतिक शिक्षिक होना बहुत जरूरी है, जिसमें बच्चों के भीतर ऐसे संस्कार पैदा किया जाएं, जो अपने माता-पिता, भाई बंधु और समाज के हर व्यक्ति का सम्मान करें।

**-सपना कुमारी स्कूल अध्यापिका**



हमारे स्कूल में बहुत अच्छे समर्पित शिक्षकों की सुविधा है। केवल किताबों और प्रतिशत को महत्व देना ही हमारे स्कूल का उद्देश्य नहीं है, बल्कि बच्चों का सर्वांगीण विकास करने का उद्देश्य रखता है। मेहनत से दरिद्रता नष्ट होती है, धर्म से पाप का नाश होता है, मौन रहने से कलह खत्म होती है।

**-मोनिका ठाकुर स्कूल अध्यापिका**



हमारा उद्देश्य केवल बच्चों को शिक्षित करना ही नहीं बल्कि उन्हें समाज का सभ्य नागरिक बनाना भी है। शांति निकेतन स्कूल प्रत्येक बच्चे को सक्षम बनाने की दिशा में प्रयासरत है।

**-विकास गुप्ता स्कूल निदेशक**




शिक्षा वह नींव है जिस पर हम अपने भविष्य का निर्माण करते हैं। शिक्षा मनुष्य के जीवन का एक अभिन्न अंग है, शिक्षा से व्यक्तित्व विकास होता है और सफलता के साथ समाज में प्रतिष्ठा मिलती है। शांति निकेतन स्कूल में बच्चों को इसी प्रकार की शिक्षा पर बोल दिया जाता है शिक्षकों के द्वारा स्कूल की सुबह की प्रार्थना सभा में बोले जाने वाले प्रेरणादायक सुविचार बच्चों को प्रोत्साहित करते हैं।

**-कंचन कुमारी, स्कूल प्रधानाचार्य**



हमारा उद्देश्य केवल बच्चों को शिक्षा प्रदान करना ही नहीं बल्कि मानसिक विकास सकारात्मक सोच आत्मविश्वास संस्कार आधार मेहनत बेहतरीन भविष्य की और प्रेषित करना भी है।

**-चंद्रकांता स्कूल अध्यापिका**



स्कूली जीवन हर व्यक्ति के जीवन का एक यादगार समय होता है। हमारा स्कूल बच्चों के व्यक्तित्व और भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह छात्रों का ज्ञान के साथ-साथ अनेक महत्वपूर्ण जीवन कौशल को भी विकसित करता है।

**-विमला देवी स्कूल अध्यापिका**

# कबड्डी प्रतियोगिता से युवाओं को मिलेगा राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंच


नमो कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने के बाद टीम सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

भाजपा किसान मोर्चा संगठनात्मक जिला सुंदरनगर में नमो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर के खेल मैदान में विधायक राकेश जंवाल ने किया।

प्रतियोगिता में पांच मंडलों की आठ टीमों ने भाग लिया। इस अवसर पर विधायक राकेश जंवाल ने कहा कि केंद्र सरकार ग्रामीण खेलों में युवा प्रतिभाओं को निखारने एवं उन्हें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। इस अवसर पर ओम प्रकाश जिला महामंत्री, जितेंद्र शर्मा नगर परिषद अध्यक्ष, देशराज मंडल प्रवक्ता, रोशन ठाकुर जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा, किशोर कुमार प्रदेश मंडिया प्रभारी किसान मोर्चा, राज कुमार मंडलाध्यक्ष सुंदरनगर किसान मोर्चा, तुलसी राम मंडलाध्यक्ष किसान मोर्चा करसोग, यादविंदर मंडलाध्यक्ष किसान मोर्चा नाचन, राज कुमार मंडलाध्यक्ष किसान मोर्चा सरकाघाट, युद्धवीर मंडलाध्यक्ष धर्मपुर, प्रधान मस्त राम, प्रकाश, प्रवीण, पूर्व उपप्रधान तुलसी राम, मस्त राम उपस्थित रहे।

## हर हाथ अनंत ज्ञान




सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर कुल्लू में अनंत ज्ञान पढ़ते हुए। इस मौके पर उन्होंने पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्वास है कि दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान प्रदेश की विभिन्न समस्याओं व मुद्दों को प्रमुखता और निष्पक्षता से उठाएगा।

## महिमन बने इंटक ( महासंघ ) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



**कुल्लू।** कुल्लू के महिमन चंद्र को भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (महासंघ) का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा उन्हें पंजाब, हरियाणा और हिमाचल के प्रभारी के तौर पर अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इंटक (महासंघ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामीनाथ जायसवाल द्वारा इस संबंध में नियुक्ति पत्र दिल्ली कार्यालय से जारी किया गया है। अपनी नियुक्ति के लिए महिमन चंद्र ने राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामीनाथन जायसवाल सहित सभी आला अधिकारियों व कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि वह सौंपी गई जिम्मेदारी का पूर्ण रूप मे निर्वहन करेंगे व मजदूरों की लड़ाई को उचित मंच से लड़ते रहेंगे। साथ ही उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार बिना जमीनी हकीकत जाने काले कानून जनता पर थोपति आई है, जिसका जीता जागता उदाहरण हाल ही में मोटर व्हीकल एक्ट में किए गए संशोधन के बाद सभी वाहन चालकों को परेशान करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे मनमाने कानून थोपने व उसके उपरांत उत्पन्न हुए हालात में परिवहन क्षेत्र की हड़ताल से न केवल वाहन चालक अपितु परिवहन क्षेत्र से जुड़े अनेक वर्ग प्रभावित्त होंगे।

# कुल्लू में डायलिसिस के मरीजों को अब उपचार के लिए नहीं पड़ेगा भटकना

### सीपीएस सुंदर ठाकुर ने किया शुभारंभ, अब हंस फाउंडेशन को सौंपा डायलिसिस का जिम्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू में अब डायलिसिस के मरीजों को उपचार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में डायलिसिस की सुविधा दोबारा शुरू हो गई है। मरीजों के डायलिसिस का जिम्मा अब हंस फाउंडेशन को सौंपा गया है और अब मरीजों को निशुल्क यह सुविधा मिलेगी। शनिवार को मुख्य संसदीय सचिव वन, ऊर्जा, पर्यटन व परिवहन सुंदर सिंह ठाकुर ने क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में हंस फाउंडेशन द्वारा स्थापित डायलिसिस सुविधा का शुभारंभ किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि गत एक वर्ष के दौरान प्रदेश सरकार द्वारा कुल्लू स्थित क्षेत्रीय अस्पताल में अनेक नवीनतम चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि जहां अस्पताल में जहां विशेषज्ञों चिकित्सकों के सभी पदों को भर गया है, वहीं यहां आने वाले मरीजों को निशुल्क व सस्ते





सुंदर सिंह ठाकुर का स्वागत करते हुए डॉ. नागराज पवार व अन्य तथा (दाएं) मरीज का हालचाल पूछते हुए।

**▶ क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में निशुल्क मिलेगी डायलिसिस सुविधा**

मूल्य पर दवाइयां व निशुल्क टेस्ट सुविधा इत्यादि उपलब्ध करवाई जा रही है।

उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू को सीएसआर के माध्यम से 5.50 करोड़ रुपए के नवीनतम उच्च किस्म के उपकरण भी उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। उन्होंने अस्पताल के मेडिकल वार्ड के आईसीयू व कार्डिक केयर वार्ड में वातानुकूलित सुविधा स्थापित करने के लिए दो लाख रुपए की राशि जारी करने की घोषणा कर अस्पताल प्रशासन को इन्हें लगाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि हंस फाउंडेशन द्वारा यहां आने वाले मरीजों को निशुल्क डायलासिस सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। फाउंडेशन द्वारा इसके लिए यहां आधुनिक मशीनों के साथ आठ बेड स्थापित किए गए हैं, जहां पर रोजाना 16 मरीजों का डायलिसिस किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सुविधा एचआईवी, हेपेटाइटिस-बी व हेपेटाइटिस-सी के रोगियों को भी उपलब्ध होगी। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. नागराज पवार, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नरेश चंद सहित चिकित्सक व पैरा-मेडिकल स्टाफ व अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### अटल सदन में होगी पांगी जन कल्याण संघ की बैठक

**कुल्लू।** पांगी जन कल्याण संघ कुल्लू की बैठक रविवार को आयोजित की जाएगी। पांगी जन कल्याण संघ कुल्लू अध्यक्ष भीम सिंह शर्मा और जनरल सेक्रेटरी जेएस धर्माणी ने बैठक बारे बताया कि रविवार 14 जनवरी को कुल्लू के ढालपुर में स्थित अटल सदन भवन में पांगी जन कल्याण संघ की वार्षिक बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक को प्रधान भीम सिंह शर्मा की अध्यक्षता में किया जाएगा और इस दौरान पूरे वर्ष की गतिविधियों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। भीम सिंह शर्मा और जेएस धर्माणी ने कुल्लू जिला के विभिन्न क्षेत्रों में रह रहे सभी पांगी के लोगों से निवेदन किया है कि वे रविवार को कुल्लू के ढालपुर में स्थित अटल सदन में उपस्थित होकर पांगी जन कल्याण संघ की बैठक में भाग लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं।

### साहिल साउथ कोरिया में दिखाएगा दमखम



टीम मैनेजर लुदर व कोच चुनी लाल के साथ साहिल ठाकुर।

**मनाली।** मनाली के साहिल ठाकुर साउथ कोरिया में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगे। 19 जनवरी से एक फरवरी तक साउथ कोरिया में आयोजित हो रहे यूथ ओलंपिक में वह भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यहां पर अपनी प्रतिभा दिखाने वाले साहिल ठाकुर एकमात्र अल्पाइन स्कीयर होंगे। टीम मैनेजर लुदर व कोच ओलंपियन चुनी लाल भी 16 जनवरी को साउथ कोरिया के लिए रवाना होंगे। छह नवंबर से 10 नवंबर 2023 तक दुबई में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में साहिल ठाकुर ने क्वालीफाई किया था। अब उसका चयन यूथ ओलंपिक के लिए हुआ है। हिमपात न होने के चलते साहिल अपने गृह क्षेत्र सोलंगनाला की ढलानों में अभ्यास नहीं कर पाए हैं। भारतीय टीम के मैनेजर एवं हिप्र विंटर गेम्स एसोसिएशन के अध्यक्ष लुदर ठाकुर ने बताया कि टीम के कोच चुनी लाल व यूथ ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ी साहिल ठाकुर के साथ 16 जनवरी को मनाली से रवाना होंगे। उन्होंने बताया कि साहिल एकमात्र खिलाड़ी है जिसने यूथ ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है। लुदर ने बताया कि इस बार हिमपात न होने से हिमाचल में स्कीइंग प्रतियोगिता नहीं करवाई जा सकी है, लेकिन जैसे ही हिमपात होता है वैसे ही हिमाचल में स्टेट व नेशनल चेंपियनशिप करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि हिप्र विंटर गेम्स एसोसिएशन 21 जनवरी को वर्ड स्नो-डे का आयोजन कर रहा है। उन्होने बताया कि हिमपात हुआ तो सोलंगनाला में वर्ड स्नो-डे मनाया जाएगा। हिमपात न होने की सूरत में कोकसर में इसका आयोजन किया जाएगा।

# प्राकृतिक सौंदर्य को कैनवास पर उकेर रहे चित्रकार

**अनंत ज्ञान, मनाली**

पर्यटन नगरी के प्राकृतिक सौंदर्य को कैनवास पर उकेरने के लिए मनाली में देश भर के नामी चित्रकार जुट गए हैं। अपनी चित्रकला के माध्यम से तूलिका और रंगों से प्राकृतिक सौंदर्य को तीन दिनों तक उकेरने का काम मनाली की प्रसिद्ध वादियों में करेंगे। इस कार्यशाला का शुभारंभ मनाली के होटल त्रिशूल में दिल्ली नजफगढ़ के पार्षद पवन ने किया।

इस अवसर पर पवन ने कहा कि मनाली की सुंदरता को एकाग्रचित होकर केनवास पर उकेरना अपने आप में एक महान कला है। यह चित्रकार हर वर्ष यहां आकर इस प्राकृतिक सौंदर्य को अपनी चित्रकला के माध्यम से देश के हर कोने और विदेशों तक पहुंचते हैं। संस्था के संस्थापक चित्रकार विवेक शर्मा ने बताया कि इस कार्यशाला का



दिल्ली नजफगढ़ के पार्षद पवन व अन्य।

आयोजन चित्रकार के विकास व प्रगति के लिए किया जा रहा है। यह कार्यशाला 15 जनवरी तक चलेगी, जिसमें एक दिन सभी कलाकार नगर कैसल जाकर महान रशियन कलाकार निकोलस रोरिक की चित्रकला का अध्ययन करेंगे।

**▶ तीन दिन तक चलने वाली कार्यशाला का पार्षद पवन ने किया शुभारंभ**

उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला में जो चित्रकार भाग ले रहे हैं उनमें वरिष्ठ चित्रकार रमेश पंचपाडे मुंबई, मुक्ता गुप्ता जमशेदपुर झारखंड, राधेश्याम दिल्ली, आशुतोष पाणिग्रही उड़ीसा, चंद्रकांत प्रजापति गुजरात, चिंकमए कर्नाटक, पवन चौहान हिमाचल, अजय कुमार नोएडा, जयप्रकाश मध्यप्रदेश, श्रीनिवास गंदरी महाराष्ट्र, सबील मोदी बोकारो, संजीव झारखंड, मोहित बागची दिल्ली, मधुसूदन साहा बंगाल, वरिंद्र जादव जयपुर, बलबीर बीकानेर, विनय हमीरपुर हिमाचल और शुभम बिलासपुर से भाग ले रहे हैं। यह सभी चित्रकार प्राकृतिक सौंदर्य को केनवास पर उकेरने में महारथ हासिल लिए हुए हैं।

# 17 को ताबो में 'सरकार गांव के द्वार'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

हिमाचल प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 'सरकार गांव के द्वार' के तहत जिला लाहौल-स्पीति के स्पीति उपमंडल के ताबो में 17 जनवरी को कार्यक्रम आयोजित करेगी। इसकी अध्यक्षता विध उपाध्यक्ष विनय कुमार करेंगे। उ मंडलाधिकारी हर्ष अमरेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीण तक पहुंचाना और लोगों की सम का मौके पर समाधान करना है।

**विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार करेंगे अध्यक्षता, जन समस्याओं का होगा समाधान**

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनियां भी लगाई जाएगी, जिनमें लोगों को प्रदेश सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं की जानकारी और लाभ प्राप्त होगा। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा, जिसमें स्वास्थ्य की जांच के अतिरिक्त निशुल्क वितरित की जाएंगी। इसी पात्र लाभार्थियों को स्थ्य मृदा कार्ड, गैस क्शन व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई एंगी और राजस्व संबंधी मले भी निपटाए जाएंगे। पंचायत के अतिरिक्त लगती पंचायतों के लोग र्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान निपटाई गई जन समस्याओं की दर का विवरण पोर्टल पर डाला जाएगा और इसकी रिपोर्ट प्रदेश सरकार को प्रेषित की जाएगी।

### शनाग और वशिष्ठ के जंगल में लगी आग



जंगल में लगी आग को बुझाते वन विभाग की टीम व लोग।

**मनाली।** मनाली के शनाग व वशिष्ठ के जंगलों में आग लगने के कारण काफी नुकसान हुआ है। शनाग के ग्रामीणों ने जान जोखिम में डालकर वन विभाग के सहयोग से जंगल में लगी आग को काबू कर लिया है। शनाग सहित वशिष्ठ के जंगल में आग लगने से वन संपदा को भारी नुकसान हुआ है। सूखे की मार के बीच मनाली के जंगल धू-धू कर जल रहे हैं। वशिष्ट और शनाग के जंगल मे बुरी तरह से आग फैल गई थी। आग पर काबू पाने के लिए वन विभाग की टीम, स्थानीय ग्रामीण जुटे हुए है। वशिष्ठ जंगल मे आग को फैलने से रोका गया है, लेकिन अभी तक आग पूरी तरह बुझाई नही जा सकी है। वशिष्ट के जंगल मे दो दिन से भयंकर आग फैली हुई है। आग की उठती लपटों की रोशनी रात के समय भयभीत कर रही है। आग से लाखों की वन संपदा का नुकसान होने की आशंका है। शनाग में आग पर काबू पा लिया गया है। यहां दो दिन तक जंगल लगातार दहकता रहा। बीओ नीरज ठाकुर ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए वन विभाग की टीम के साथ शनाग के लोगों ने पूरा सहयोग दिया। उन्होंने बताया कि इस आग को बुझाने में महिला मंडल शनाग, युवक मंडल शनाग, गांव कमेटी शनाग, वन विकास समिति शनाग ने महत्वपूर्ण भुमिका निभाई, जबकि वशिष्ट के पीछे जंगल मे शुक्रवार रात भयंकर आग फैल गई। शनिवार सुबह से ही वन विभाग की टीम और स्थानीय लोग आग पर काबू पाने में जुटे हुए है। आरओ चेत राम ने बताया कि आग पर काबू पाया जा रहा है। वशिष्ट में एक पहाड़ी में आग अभी भी लगी है। शनाग में आग बुझा ली है। वन संपदा को पहुंचे नुकसान की रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

# कब्जे हटाने गई नगर परिषद की टीम और कब्जाधारियों के बीच झड़प

**अनंत ज्ञान, मनाली**

पर्यटन नगरी मनाली में अवैध कब्जा हटाने गई टीम और कब्जाधारियों के बीच हंगामा हो गया। नगर परिषद की टीम जब नगर परिषद क्षेत्र में अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ कार्रवाई करने लगा तो इस दौरान माहौल तनावपूर्ण हो गया। इस दौरान जब एक महिला की रेहड़ी फड़ी को जगह से हटाया जा रहा था तो वह नगर परिषद के कर्मचारियों से ही उलझ पड़ी। मामला पुलिस तक पहुंचा। दोनों पक्षों ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवा दी है। जिसके आधार पुलिस ने महिला के खिलाफ अनुसूचित जाति व जनजाति अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है, जबकि सफाई कर्मचारी के खिलाफ मारपीट व गाली गलौच करने का मामला दर्ज हुआ।

**पुलिस थाने पहुंचा मामला**

आरोप है कि नगर परिषद जब अवैध कब्जे हटा रही थी तो रेहड़ी-फड़ी लगाकर कारोबार करने वाली महिला को सामान उठाने के लिए कहा तो वह सफाई कर्मचारी से उलझ गए। उसे गले से पकड़ा और जाति सूचक शब्द कहकर गाली-गलौच किया। सफाई कर्मचारी ने महिला के खिलाफ शिकायत दर्ज की है, जिसके आधार पर पुलिस ने महिला के खिलाफ अनुसूचित जाति व जनजाति अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। उधर, महिला ने भी सफाई कर्मचारी पर गंभीर आरोप लगाए है। महिला का कहना है कि नगर परिषद उससे रेहड़ी फड़ी लगाने की एवज में पैसे ले रही है। इसकी पर्चियां भी उसके पास उपलब्ध है। वह अपनी बात रख रही थी तो सफाई कर्मचारी ने उसके साथ मारपीट की। उसके बच्चों को भी पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने सफाई कर्मचारी पर भी मामला दर्ज किया है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज हुआ है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# नग्गर गांव में मनाया गनेड़ उत्सव



कुल्लू जिले के नग्गर में गनेड़ उत्सव के दौरान पुरातन परंपरा का निर्वहन करते हुए।

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

पौष महीने के अंतिम दिन शनिवार को धरोहर गांव नग्गर में गनेड़ उत्सव धूमधाम से मनाया गया। यह परंपरा सदियों से निभाई जा रही है। गनेड़ में निभाई जाने वाली रस्में जिनमें जठाली के सिर पर सींग लगाना, दो फाटियों के बीच रस्साकस्सी प्रतियोगिता, अश्लील जुमले बोलना प्रमुख हैं। शनिवार जाणा गांव के देवता जीव नारायण अपने हारियानों सहित नग्गर गांव पहुंचे। जहां उनका नग्गर के ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया।

इस मौके पर नग्गर फाटी व जाणा फाटी के लोगों के बीच रस्सा दौड़ हुई। जिसमें जाणा फाटी के लोगों की जीत हुई। यह दौड़ किसी प्रतियोगिता का हिस्सा नहीं होती बल्कि यह एक धार्मिक रीत है जिसे पिछले सैंकड़ों सालों से निभाया जा रहा है। इस प्रथा को निभाने के लिए जाणा गांव के आराध्य देवता जीव नारायण अपने हरियानों सहित नग्गर पहूंचे व उनकी उपस्थिति में प्राचीन परंपरा का निर्वहन किया गया। उधर, देवता जीव नारायण ने देव वाणी में कहा कि यह साल भी बीते साल की तरह ही रहेगा। अगले दिनों में बारिश व बर्फबारी की भी भविष्यवाणी की। (अनंत ज्ञान)

### माता देवी त्रिपुरा सुंदरी की अहम भूमिका

**नग्गर** गनेड़ में नग्गर गांव की माता त्रिपुरा सुंदरी की भी अहम भूमिका रहती है। इस दिन माता के जठाली के सिर के ऊपर सिंग लगाकर और उसे मूसल के ऊपर बिठा के अश्लील दोहे बोले जाते हैं, यह सारी प्रक्रिया पूरी धार्मिक रीति से ही निभाई जाती है। माता त्रिपुरा सुंदरी के कारदार जोगिंद्र आचार्य ने जानकारी देते हुए बताया की नग्गर गनेड़ का इतिहास बहुत ही पुराना हैं। इस दिन माता के जठाली के सिर के ऊपर सिंग लगाए जाते हैं को कि रणका नाम के बकरे के बताए जाते हैं। उन्होंने बताया कि गनेड़ में जठाली के सिर के ऊपर सिंह लगाना, अश्लील दोहे बोलना व रस्सा दौड़ सभी प्राचीन धार्मिक परंपरा का हिस्सा है जिस का आज भी पूरी रीति से निर्वहन किया जा रहा है।

### सांसद प्रतिभा सिंह ने विकास कार्यों के लिए दिए 10 लाख रुपए

**कुल्लू।** सांसद प्रतिभा सिंह ने बंजार विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों के लिए 10 लाख रुपए की धनराशि जारी की है। बंजार विधानसभा क्षेत्र की गाड़ापारली पंचायत में झिलूवाह से थाचन सड़क मार्ग निर्माण के लिए दो लाख रुपए की धनराशि दी है। यह धन राशि लोक निर्माण विभाग को जारी की गई है। इसके अतिरिक्त शेंशर पंचायत के मनाहरा गांव में खेल मैदान निर्माण को भी दो लाख रुपए की धनराशी खंड विकास अधिकारी बंजार को जारी की गई है, जबकि गोही पंचायत के गोही गांव में तीन लाख रुपए की लागत से कम्यूनिटी हाल का निर्माण होगा यह धनराशि सांसद प्रतिभा सिंह ने खंड विकास अधिकारी बंजार को भेजी है। उधर, तलाड़ा पंचायत में निचली पनवी से उपरली पनवी के लिए जीप योग्य सड़क निर्माण को एक लाख रुपए की धनराशि खंड विकास अधिकारी बंजार को जारी की गई हैं। वहीं, सुचैहन पंचायत के ग्राउंड निर्माण को दो लाख की धनराशि जारी की गई है। यह धनराशि भी बीडीओ बंजार के माध्यम से खर्च होगी।

इसके अतिरिक्त सांसद ने पूर्व सैनिक समुदायिक भवन व युद्ध विधवा वोकेशनल प्रशिक्षण केंद्र की अतिरिक्त मंजिल के निर्माण के लिए खंड विकास अधिकारी कुल्लू को पांच लाख रुपए जारी किए गए हैं। सांसद प्रतिभा सिंह ने अपने दौरे के दौरान ये घोषणाएं की थी और अब घोषणाओं को पूरा करते हुए धनराशि जारी कर दी है।

# लोहड़ी पर्व पर एक-दूसरे को दूब देकर लेंगे आशीर्वाद

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

कुल्लू जिला शनिवार को लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। जिला के हर गांव व शहर में लोहड़ी के लिए दुकानें सजी रही, गली-मोहल्ले लोहड़ी के गीतों से गूंजते रहे। वहीं, रविवार को मकर संक्रांति के साथ माघ मास का आगमन होगा, हालांकि इस बार संक्रांति लोहड़ी के तीसरे दिन है, लेकिन जिला में अधिकतर लोग रविवार को ही मकर संक्रांति मनाएंगे।

मकर संक्रांति को मनाने के लिए लोगों ने जहां तैयारियां पूरी कर ली हैं वहीं घाटी के मंदिर भी दुल्हन की तरह सज गए हैं। मकर संक्रांति के दिन जिले के लोग एक-दूसरे को जौ की दूब भेंट करेंगे। इस दिन लोग अपने देवालयों में पूजा-अर्चना के बाद बुजुर्गों से आशीर्वाद ग्रहण करेंगे।

जिला के कुछ मंदिरों में देवी-देवता स्वर्ग प्रवास से संक्रांति की शुभ बेला में अपने-अपने देवालयों में लौटेंगे। कुछेक घाटी के देवता मकर संक्रांति के दिन अपने देवालयों में लौटेंगे, जबकि कुछ फाल्गुन की संक्रांति को अपने देवालयों



जिला कुल्लू के आनी में लोहड़ी के दिन अंगीठा जलाकर खुशी मनाते हुए लोग।

**▶ स्वर्ग से आज वापस लौटेंगे जिला के कुछ देवी-देवता, खुलेंगे मंदिरों के कपाट**

में लौटते हैं। मकर संक्रांति के दिन जिला कुल्लू के विभिन्न तीर्थस्थलों वशिष्ठ, मणिकर्ण, ब्यास-पार्वती संगम स्थल जिया भुंतर, सरयोलसर सहित विभिन्न तीर्थ स्थलों में श्रद्धालु संक्रांति का स्नान करेंगे। इसके अलावा संक्रांति की शाम को जगह-जगह अंगीठा जला और पूजा-अर्चना के बाद लोहड़ी पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। लोग घरों पर तंदूर और हीटर के पास बैठकर मूंगफली, गज्जक, रेवड़ी का स्वाद लेना नहीं भूले। कुल्लू में मूंगफली 100 से लेकर 120 रुपए किलो, गज्जक पैकेट 50 से 150 रुपए किलो तक बिक रही है। रेवड़ी 200 ग्राम 40 रुपए, देसी घी 600 रुपए किलो तक बिक रहा है। (अनंत ज्ञान)

### पारंपरिक व्यंजनों से महकेगी घाटी

**मकर** संक्रांति के अवसर पर लोक व्यंजनों का विशेष महत्व होता है। मकर संक्रांति में लोक व्यंजनों जैसे सिड्डू, चिलड़े तथा मोड़ी का विशेष स्थान होता है। जिला के कई स्थानों में मकर संक्रांति मनाने की अलग ही परंपरा है। लोग मकर संक्रांति के दिन सुबह चार बजे उठते हैं और गांव के आंगन में एकत्र होकर ढोल-नगाड़ें के साथ प्राकृतिक जल स्रोत तक अंधेरे में मशालों के साथ जाते हैं और वहां पर प्राकृतिक जल स्रोत में संक्रांति का स्नान करते हैं।

### आज स्वर्ग से वापस लौटेंगे देवी-देवता

**पोष** संक्रांति को स्वर्ग प्रवास पर गए जिला के सैकड़ों देवी-देवता माघ संक्रांति को अपने देवालय लौटेंगे। कई देवता फाल्गुन व कुछ शिवरात्रि के दिन दर्शन देंगे, लेकिन अधिकतर देवी-देवताओं के कपाट मकर संक्रांति को खुल जाएंगे। देव परंपरा के अनुसार मकर संक्रांति की सुबह वाद्य यंत्रों की थाप के साथ पूजा-अर्चना होगी और देवता के गूर भविष्यवाणी भी करेंगे। करीब एक महीने तक घाटी के देवी-देवताओं के कपाट बंद रहने के बाद देव समाज में खुशी की लहर है। देवी-देवताओं के स्वर्ग प्रवास से लौटने के बाद जिला के देवालयों में जहां फिर से रौनक लौट आएगी, वहीं देव कारज भी शुरू हो सकेंगे।

**आगजनी** ढालपुर एसपी ऑफिस के पास महिला लगाती थी रेहड़ी

# रेहड़ी में लगी आग, फल-सब्जियां जलीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू में एसपी कार्यालय के समीप एक फल व सब्जियों की रेहड़ी में आग लग गई। गत देर रात पेश आई इस घटना में रेहड़ी मालिक को हजारों का नुकसान हुआ है। आग की सूचना आसपास के लोगों ने दमकल विभाग को दी।

सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। दमकल विभाग के अधिकारियों के अनुसार सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक फल व सब्जियां जल चुके थे।

विभाग ने इस घटना में 10 हजार से अधिक का नुकसान होने का आकलन किया है। जानकारी के अनुसार यहां एक महिला फल




कुल्लू में कोर्ट के समीप रात को आग की भेंट चढ़ी सब्जी व फलों की रेहड़ी।

फ्रूट्स की रेहड़ी लगती थी और शाम को यहां खंभे के साथ बांध कर रखती थी। बीती रात को इसकी रेहड़ी में आग लग गई। रेहड़ी में कैसे आग लगी इसकी अभी तक जानकारी नहीं मिल पाई है।

# भलवानी में बनेगा खाद्य आपूर्ति विभाग का गोदाम

## भलवानी से अवाहदेवी वाया नगरोटा गाजियां होकर लोगों की सुविधा के लिए बनेगी सड़क

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने 36 लाख रुपए से निर्मित नए दो मंजिला आधुनिक भलवानी पंचायत भवन का उद्घाटन करके लोगों को समर्पित किया तथा भौर गांव में बनने वाले 80 हजार लीटर क्षमता के ओवर हैड टैंक का भूमि पूजन किया। इस दौरान भलवानी पंचायत घर के प्रांगण में जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए अनेक कार्य किए जा रहे हैं। लोगों को मूलभत सुविधाएं देने जैस बिजली, पानी, सड़क व स्वास्थ्य सुविधाओं की ओर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भौर गांव में पानी की समस्या को दूर करने के लिए 80 हजार लीटर क्षमता का ओवर हैड़ टैंक का निर्माण किया जाएगा। इसके निर्माण पर 15 लाख रुपए खर्च होंगे।

उन्होंने कहा कि पंचायत द्वारा निर्मित नए पंचायत घर की सराहना करते हुए कहा कि नए पंचायत भवन में तमाम सुविधाएं लोगों को मिलेगी तथा युवाओं को खाली समय में पढ़ने के लिए पुस्कालय की भी व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए किताबें खरीदने व अन्य समान के लिए एक लाख रुपए देने की घोषणा की। इसी तरह उन्होंने कहा कि भलवानी में एक करोड़ 10 लाख रुपए की लागत से खाद्य आपूर्ति विभाग को 500 एमटी क्षमता को गोदाम बनाया जा रहा है।

विधायक सुरेश कुमार ने पंचायत प्रतिनिधियों की मांग पर पशु औषधालय के लिए भवन का निर्माण करने, दस लाख रुपए से मोक्षधाम का निर्माण, भलवानी में सामुदायिक हाल व ठारा गांव में पानी के टैंक का निर्माण करने की भी घोषणा की। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं भूमि विकास बैंक के निदेशक रोशन लाल शर्मा,खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के निदेशक विक्रम शर्मा, भोरंज ब्लॉक अध्यक्ष विजय बन्याल, पूर्व अध्यक्ष राजीव लाल मैहर, युकां अध्यक्ष राकेश गोल्ड़ी, जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता ओपी भारद्वाज, सहायक अभियंता आशीष देव, लोक निर्माण विभाग सहायक अभियंता विजय कुमार, भलवानी पंचायत प्रधान अमनदीप, उप प्रधान मोहित कुमार, खाद्य आपूर्ति विभाग के क्षेत्रीय प्रबंधक संजीव वर्मा, बीडीओ कुलवंत सिंह, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य जगदीश चंद, नंदलाल शर्मा, मुख्याध्यापक रघुवीर सिंह व अन्य पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित रहे।



विधायक सुरेश कुमार नए पंचायत भवन का उद्घाटन करते हुए।

**मोक्षधाम के निर्माण के लिए दस लाख व पुस्कालय के लिए एक लाख देने की घोषणा**

# सामाजिक संस्थाएं गरीब समाज को मुख्यधारा में लाने में होती हैं सहायक : एसपी आकृति

**अनंत ज्ञान, नादौन**

प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था हिंद संग्राम परिषद की हिमाचल इकाई ने रिधी सीधी पब्लिक स्कूल हार में लोहड़ी के पर्व में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें एसपी हमीरपुर डाक्टर आकृति शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि बैठक की अध्यक्षता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित वासु देव शर्मा ने की।

इस अवसर पर बच्चों के साथ लोहड़ी मनाई और महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की। आकृति शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि हिंद संग्राम परिषद समाज सेवा के क्षेत्र में सराहनीय भूमिका अदा कर रही है। इस संस्था के माध्यम से अनेक गरीबों व असहाय लोगों को लाभ पहुंचा है। उन्होंने कहा कि बच्चों के कार्यक्रम को देखकर मन में बड़ी खुशी हुई। पंडित वासुदेव शर्मा की तारीफ करते हुए कहा कि ऐसे समय में लोगों के पास समय नहीं है पर पंडित वासुदेव शर्मा दीन दुखियों की सेवा में लगे हुए हैं। इस संस्था के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों का धन्यवाद करती हूं तथा संस्था को शुभकामनाएं देते हुए और लोगों से भी आग्रह करती हूं कि इस संस्था से प्रेरणा लेकर समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करें।

इस मौके पर एसएचओ बाबू राम शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष केएस धीमान, मोहन सिंह ठाकुर, सुदर्शन जरियाल, शिक्षा ठाकुर, अश्विनी कुमार सहित गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। पंडित वासुदेव शर्मा ने कहा कि हिंद संग्राम परिषद की हिमाचल प्रदेश में 42 इकाइयां निस्वार्थ भाव से सेवा कर रही हैं। हजारों असहाय व गरीब परिवारों के बच्चों को पढ़ाई के लिए तथा अनेक कन्याओं की शादी के लिए तथा बीमार लोगों की आर्थिक सहायता कर चुकी है और यह क्रम जारी है। उन्होंने समर्थवान लोगों से आग्रह किया है कि वे परिषद की इस मुहीम के साथ जुड़ें ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को की सहायता की जा सके।


हिंद संग्राम परिषद के समारोह में मुख्यातिथि एसपी आकृति को सम्मानित करते हुए।

**प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था हिंद संग्राम परिषद ने इस वर्ष भी बच्चों के साथ मनाया लोहड़ी का पर्व**

# विधायक राजेंद्र राणा ने जनता के साथ मनाया लोहड़ी पर्व

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर विधायक राजेंद्र राणा ने शहर के वार्ड नंबर पांच में गरीब लोगों के साथ लोहड़ी पर्व मनाया। इस दौरान शहर के विभिन्न वार्डों से 100 से ज्यादा जरूरतमंद परिवारों को सर्व कल्याणकारी संस्था के माध्यम गर्म कंबल भी वितरित किए। इसी मौके पर सर्व कल्याणकारी संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक राणा के साथ सभी वार्डों के पार्षद भी मौजूद रहे। यहां पहुंचे विधायक का पार्टी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया विधायक ने स्थानीय जनता को लोहड़ी एवं मकर संक्रांति की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि नया वर्ष और नए वर्ष का प्रथम त्योहार आपके जीवन में खुशियां उमंग और प्यार लेकर आए ऐसी मेरी मंगल कामना है। उन्होंने कहा कि 15 जनवरी सोमवार को सुजानपुर के ऐतिहासिक मैदान में सर्व कल्याणकारी संस्था भव्य कार्यक्रम सेना दिवस मनाने जा रही है।



विधायक राणा ने सुजानपुर में गरीब लोगों को बांटे कंबल।

## अश्लील हरकतें करने का लगाया आरोप

**हमीरपुर।** नरेली गांव की सोमा देवी ने एक व्यक्ति पर उससे अश्लील हरकतें करने और अश्लील गालियां देने बारे सदर पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। एसपी डॉ. आकृति शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमा देवी ने गांव के ही रंजन कुमार पर अश्लील हरकतें करने और अश्लील गालियां निकालने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

वहीं कैहडरु गांव की आशा देवी ने कुछ लोगों पर उसकी रेहड़ी का शैड तोड़ने का आरोप लगाया है। उसने अपनी शिकायत में कहा है कि उसने अपने घर के पास फल, नारियल की रेहड़ी लगा रखी है, इसी बात को लेकर विजय लक्ष्मी नाम की एक औरत और उसका पति अजय कुमार, देवर राम कुमार, श्याम कुमार, विनोद कुमार ने शाम को इसके ऊपर हमला किया और रेहड़ी का शैड तोड़ने लगे। विनोद कुमार ने धमकी दी कि अपनी रेहड़ी हटाओ, नहीं तो सारा परिवार खत्म कर दूंगा। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दिव्यांग खिलाड़ी सौरभ ने जीता स्वर्ण

**अनंत ज्ञान, नादौन**

दिव्यांगों के लिए एसएजी स्टेडियम पनजी गोवा में आयोजित 22वीं राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता टी-12 में नादौन के सौरभ शर्मा ने दो पदक जीत कर जिला हमीरपुर व हिमाचल का नाम रोशन किया है। सौरभ ने 5000 मीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक तथा 1500 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीत कर न केवल नादौन हमीरपुर अपितु प्रदेश का नाम रोशन किया है। इससे पहले सौरभ ने इससे पहले हाल ही में खेलो इंडिया पैरा गेम्स में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 5000 मीटर दौड़ में सिल्वर तथा 1500 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता है।

सौरभ देहरादून में राष्ट्रीय दिव्यांग सशक्तिकरण संस्थान में जेबीटी कर रहा है। इससे पहले उसने इसी संस्थान से प्लस-टू तक शिक्षा ग्रहण की है। सौरभ ने इन मेडल का श्रेय अपने कोच नरेश सिंह निहाल, एसोसिएशन के महासचिव ललित ठाकुर व अपने माता-पिता को दिया है। मूल रूप से सौरभ हमीरपुर के गांव रोपा डाकघर ख्याह का रहने वाला है।



गोवा के गवर्नर श्रीधरण पल्लई सौरभ को गोल्ड मेडल देते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### शहीदी स्मारक का दाड़ी में शीघ्र निर्माण करवाए सरकार : पुरुषोत्तम कालिया

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश स्वतंत्रता सेनानी कल्याण बोर्ड का गठन शीघ्र किया जाए ताकि इस वर्ग को राहत मिल सके। यह बात स्वतंत्रता सेनानी एवं उतराधिकारी कल्याण संघ के प्रदेशाध्यक्ष पुरुषोत्तम कालिया ने यहां जारी प्रेस बयान में कही। उन्होंने कहा कि सरकारी शहीदी स्मारक का निर्माण दाड़ी में शीघ्र करवाए, आरक्षण दो से चार प्रतिशत किया जाए। कालिया ने कहा कि सरकारी विभागों में आरक्षण के बैकलॉग को शीघ्र भरा जाए, स्वतंत्रता सेनानी के अनुसूचित जाति के आरक्षण को खत्म कर सिर्फ एक ही आरक्षण किया जाए। इसके अलावा स्वतंत्रता सेनानियों की बेटियों को विधवाओं के बराबर पेंशन देने की मांग भी प्रदेश सरकार से की है। उन्होंने बताया कि इन सभी मांगों का पत्र मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को नादौन विस के दौरे के दौरान सौंपा भी गया था, जिसमें उन्होंने आश्वासन दिया था कि शीघ्र ही इन मांगों पर विचार-विमर्श कर इन्हें पूरा किया जाएगा। कालिया ने सरकार द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों की दोहतियों और दोहतों का सरकारी नौकरी में आरक्षण प्रदान कर दिया है, जिस उन्होंने मुख्यमंत्री का भी आभार जताया है।



### दैण गांव में कवि सम्मेलन का आयोजन


दैण गांव में कवि सम्मेलन के बाद कवि सामूहिक चित्र में।

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिला भाषा एवं संस्कृति विभाग के सौजन्य से गांव दैण में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कवि सम्मेलन में जिला भर से आए कवियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान कवियों और कलाकारों ने अपनी अपनी रचनाओं से सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर स्थानीय महिला मंडल की सदस्यों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। इस मौके पर पहाड़ी कवि दलीप सिंह, कवि लाल चंद ठाकुर, राकेश ठाकुर, सतीश कुमार, ज्योति प्रकाश रजनी वाला, अशोक सोनी, मुख्तियार सिंह उपस्थित रहे।

# बनालट मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशीष शर्मा ने बनालट मैदान में प्रतीक युवक मंडल फरनोहल की ओर से आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

इस मौके पर विधायक ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि खेलें हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखती हैं। युवा किसी न किसी खेल में जरूर भाग लें और नशे से दूर रहें। यदि युवा खेलों में रुचि रखेंगे तो नशे की ओर उनका ध्यान जाएगा ही नहीं।

प्रतीक युवक मंडल के प्रधान पंकज शर्मा ने कहा कि प्रतियोगिता का पहला मैच प्रतीक युवक मंडल फरनोहल और युवक मंडल कोहलू के बीच हुआ। प्रतीक युवक मंडल ने दस ओवरों में 112 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी कोहलू युवक मंडल की टीम दस ओवर में 65 रन ही बना सकी।


क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ करते विधायक आशीष शर्मा।

# सुजानपुर अस्पताल में मिलेगी और बेहतर सुविधाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

अखिल भारतीय कांग्रेस कामगार यूनियन हिमाचल प्रदेश के उपाध्यक्ष एवं पूर्व लोकसभा सचिव युवा कांग्रेस हमीरपुर मुकेश कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की दूरदर्शिता का परिणाम है कि उन्होंने सुजानपुर अस्पताल में बिस्तरों की संख्या के साथ ही यहां पर विभिन्न पदों की संख्या को भी बढ़ा दिया है, जिससे इसका लाभ हमीरपुर के साथ ही मंडी व कांगड़ा जिला के लोगों को भी मिलेगा। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताया है, जिनके प्रयासों से यह संभव हो पाया है।

अस्पताल में बिस्तरों की संख्या को बढ़ाकर 50 से 100 तथा 35 पद नए सृजित किए जा रहे हैं। युवा नेता मुकेश कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री प्रदेश के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कृत-संकल्प है तथा वह व्यवस्था परिवर्तन के लिए दिन-रात जुटे हुए हैं। स्वास्थ्य की परवाह किए बिना भी वह जनहित के कार्यों में लगे हुए हैं तथा इसी क्रम में उन्होंने सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए एक और बड़ी सौगात दी है।

**बिस्तरों की संख्या के साथ ही विभिन्न श्रेणियों के पदों को भी मुख्यमंत्री ने बढ़ाया : मुकेश कुमार**



## रामभक्तों को अयोध्या से आए पूजा अक्षत के निमंत्रण

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिला संगठनात्मक दृष्टि से 10 इकाइयों में विभाजित है। जिला में हजारों की संख्या में राम भक्त पूरे जिलावासियों को अयोध्या से आए हुए पूज्य अक्षत के निमंत्रण के साथ अपने नजदीक के मंदिर में 22 जनवरी को भव्य कार्यक्रम के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। इस कार्यक्रम के लिए जिला से चार महानुभावों को निमंत्रण गया है, जिनमें दयोटसिद्ध के महंत परम पूज्य राजेंद्र गिरी जी महाराज, परम पूज्य महंत सर्वेश्वर नंद सरस्वती जी महाराज, पद्म कुलतार सोनखले, पद्म विजय शर्मा का नाम शामिल हैं।

विश्व हिंदू परिषद हिमाचल प्रांत के सहमंत्री पंकज भारतीय ने बताया कि अब तक छोटी-बड़ी मिलकर 43 से अधिक शोभायात्राएं निकली जा चुकी हैं। 20 से 22 जनवरी के बीच कुछ और शोभायात्राएं प्रस्तावित हैं। जिसमें जिले की 10 इकाइयों में एक लाख 15 हजार 800 से अधिक घरों में तीन हजार से अधिक कार्यकर्ता जो कि विश्व हिंदू परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, राष्ट्र सेविका समिति, हिंदू जागरण, मजदूर संघ, किसान संघ, भारतीय जनता पार्टी, स्वदेशी जागरण मंच, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े हैं, घर-घर जाकर परम पवित्र श्री अयोध्या धाम से आए पूजित अक्षत, राम मंदिर का चित्र और पत्रक बांट रहे हैं। यह सभी कार्यकर्ता अपने घरों के समीप के मंदिर में भव्य कार्यक्रम आयोजित हो उसकी तयारी भी कर रहे हैं। 22 जनवरी को भव्य माह दीपावली का आयोजन पूरे भारत वर्ष में किया जाएगा।

## मामला ऑनलाइन दिव्यांग यूडीआईडी कार्ड को मान्य न करने का

# एचआरटीसी बसों में दिव्यांगों से लिया जा रहा किराया

**अनंत ज्ञान, जाहू**

स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिव्यांगों के यूडीआईडी कार्ड का एचआरटीसी की कुछ डिपो की बसों में दिव्यांगों को मुफ्त यात्रा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। भारत के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांग जनशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांगों के लिए भी यूनिक आईडी पहचान दी गई है।

एचआरटीसी द्वारा अपने चालकों-परिचालकों, यहां तक कि क्षेत्रीय प्रबंधकों तक अधिसूचना की पूरी जानकारी या तो उपलब्ध न करवाए जाने या उनके द्वारा अधिसूचना को ध्यान से न देखने के चलते या दिक्कत पेश आ रही है। दिव्यांगों द्वारा बस पास की सुविधा को प्राप्त करने के लिए अपने मेडिकल सर्टिफिकेट के साथ ऑनलाइन आवेदन किया जाता है।

उसके बाद स्वास्थ्य विभाग के द्वारा दिव्यांग के प्रमाण पत्रों के आधार पर एक सर्टिफिकेट और कार्ड को बनाया जाता है। इस कार्ड के बनने के बाद दिव्यांग को एक डिजिटल कार्ड के रूप में डाकघर के माध्यम से भेजा जाता है, परंतु कुछ दिव्यांगों को डाकघर के माध्यम से डिजिटल कार्ड नहीं मिलने के कारण विभाग के द्वारा ऑनलाइन कार्ड निकालने की सुविधा उपलब्ध की गई, जिन दिव्यांगों के द्वारा ऑनलाइन कार्ड निकाला गया है, उसको कुछ एचआरटीसी डिपो के परिचालक मान्य करने से इनकार कर देते हैं। ऐसा ही मामला एक दिव्यांग प्यारे लाल और देश राज का सामने आया है। उन्होंने बताया संधोल मंडी बस में परिचालक को ऑनलाइन निकाला गया दिव्यांग कार्ड दिखाया तो मान्य करने से इनकार कर दिया और बस से उतरने तक की धमकी दे डाली और टिकट काट डाला। डिजिटल कार्ड मांग रहा था जबकि हमने ऑनलाइन दिव्यांग कार्ड निकाला गया था।

> **सभी** कंडक्टरों को आदेश दिए गए हैं कि कार्ड को मान्य किया जाए, चाहे ऑनलाइन निकला गया हो या फिर डाकघर के माध्यम से आया हो।
> -राजकुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक, एचआरटीसी हमीरपुर

# राष्ट्रीय नेटबॉल में दम दिखाएंगे हिमाचल के खिलाड़ी

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

लोहड़ी के पर्व से शुरू हो रही फास्ट फाइब सीनियर राष्ट्रीय नैटबॉल प्रतियोगिता के लिए हिमाचल प्रदेश की महिला व पुरुष वर्ग टीम तेलंगाना पहुंच गई है। फास्ट फाइब सीनियर राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता 16 जनवरी तक चलेगी। हिमाचल प्रदेश नेटबॉल संघ के महिला एवं पुरुष वर्ग की टीम का चयन खिलाड़ियों के अच्छे खेल को देखते हुए किया गया। हिमाचल प्रदेश नेटबॉल संघ के प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों को आशीर्वाद देकर रवाना किया है।

महासचिव अशोक आनंद ने बताया कि महिला वर्ग की टीम में शैलजा, दिवेंद्रा प्रिया, अभिलाषा, भावना, हिमानी, अनिशा नेगी, आयुषी, अंजू, कविता, वंशिका, शिखा व शिक्षा को शामिल किया गया है, जबकि योगिता को महिला टीम का मैनेजर व भावना को कोच नियुक्त किया गया है। पुरुष वर्ग की टीम में दिनेश कुमार, रोबिन, राम विनय, अर्पित, शिवम, मंयक, विनय विकास, अभिनव, अविनाष तथा राकेश को टीम कोच नियुक्त किया गया है। महिला व पुरुष वर्ग की टीम ने प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने की नैटबॉल संघ ने उम्मीद जताई है।


तेलंगाना पहुंची हिमाचल प्रदेश की महिला व पुरुष वर्ग की टीम।

**सूरत-ए-हाल**

## दीवारों पर उगे बड़े-बड़े पेड़-पौधे जर्जर कर रहे मेडिकल कॉलेज की करोड़ों की इमारत को

# मरम्मत नहीं हुई तो ढहने के कगार पर पहुंच जाएगी पूरी इमारत

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

यहां जिला मुख्यालय पर स्थित मेडिकल कॉलेज की इमारतें प्रशासनिक कुव्यवस्था और राजनीतिक नजरअंदाजी की वजह से 'जर्जर' हो रही हैं। इस अस्पताल की सभी दीवारों पर उगे बड़े-बड़े पेड़-पौधे, इसकी दास्तां खुद बयां कर रहे हैं। हालत यही रही, तो बहुत जल्दी यह करोड़ों की इमारत ढहने के कगार पर पहुंच जाएगी। कभी-कभार इसकी मरम्मत हो जाती होगी, लेकिन नियमित तौर पर पिछले कई सालों से हालत खराब है। पेड़-पौधों ने जिस बड़े स्तर पर इस इमारत पर अपना 'आश्रय' जमा लिया है। वह स्थिति भीतर बैठने वाले अधिकारियों के रवैये की पोल खोल रही है। (अनंत ज्ञान)


मेडिकल कॉलेज की दीवारों पर उगे बड़े-बड़े पेड़-पौधे व्यवस्था चलाने वालों को क्यों दिखाई नहीं देते?

### पत्थरों को तराश कर बनी है बिल्डिंग की दीवारें

**चार** दशक पहले जब इस बिल्डिंग का निर्माण हुआ था, तब यह दूर से बेहद सुंदर दिखती थी, अब दूर से इस पर उगे पेड़ दिखाई देते हैं। पत्थरों को तराश कर इसकी दीवारें बनाई गई थीं। इसलिए तब खर्चा भी ज्यादा आया था। मेडिकल कॉलेज से पहले यह भवन जिला अस्पताल के रूप में तैयार हुआ था, जिसे बाद में रीजनल अस्पताल का दर्जा मिला।

> **मेडिकल** कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. रमेश भारती का कहना है कि इसकी मरम्मत का काम पहले तो चला था। अभी छत डलवाई जा रही है। पेड़-पौधों को भी हटवाया जाएगा।
> -डॉ. रमेश भारती, प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज

### फेज-दो बिल्डिंग का हाल बेहद खराब

**अस्पताल** की बिल्डिंग काफी लंबी है, लेकिन फेज दो में जिसका निर्माण हुआ था उसकी हालत ज्यादा खराब है। अधिकारी भी इसी बिल्डिंग में बैठते हैं। उनकी नाक के दाएं-बाएं हालत ज्यादा खराब है। पेड़-पौधों के आकार की वजह से इसमें रिसाव भी हो रहा है। पेड़-पौधे अपना आकार बढ़ा रहे हैं, उनकी जड़ें मोटी हो रही हैं। यही इस बिल्डिंग के भविष्य के लिए सबसे खतरनाक स्थिति है।

### नाम मात्र की मरम्मत



**इन** पेड़ पौधों को हटाने के लिए आधी अधूरी मरम्मत तो हो जाती है, वह भी एक हिस्से में। बाकी का सारा भवन मुकम्मल तौर पर इन पेड़-पौधों से भरा रहता है। यदि एक मर्तबा बेहतर तरीके से मरम्मत हो जाए तो इन पेड़-पौधों का नामोनिशान न रहे। घास-फूस कहीं दिखाई न दे, तो फिर सरकार का करोड़ों रुपए का बजट भी तो बचेगा, क्योंकि यदि यह जर्जर हो गई, रहने लायक नहीं रही तो फिर नए भवन पर कितना खर्च होगा, इसका अनुमान महज ही लगाया जा सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### मंदिर ट्रस्ट का एमेनिटी सेंटर, 15 को उपमुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ

**ऊना।** नंदपुर में क्रॉस रोड रेस्टोरेंट पर माता चिंतपूर्णी मंदिर ट्रस्ट का एमेनिटी सेंटर तैयार हो गया है। इस सेंटर का 15 जनवरी को उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री शुभारंभ करेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम दोपहर करीब एक बजे होगा। उन्होंने कहा कि 17 जनवरी को मुकेश अग्निहोत्री हरोली विधानसभा क्षेत्र के दुलैहड़ में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। यह कार्यक्रम सुबह साढ़े 11 बजे आरंभ होगा।

### रास्ता रोककर अभद्र भाषा का प्रयोग और धमकियां देने का आरोप जड़ा

**ऊना।** ऊना जिला के बसाल निवासी सरवण कुमार ने एक व्यक्ति पर रास्ता रोकने, अभद्र भाषा का प्रयोग और धमकियां देने का आरोप लगाया है। इस बारे उसने हरोली थाना में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी पम्मी सैनी के विरुद्ध मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता सरवन ने बताया कि बीते शुक्रवार की शाम को वह सैंसोवाल में अन्य लोगों के साथ लकड़ी का कटान कर रहा था। इस दौरान पम्मी सैणी निवासी लोअर धर्मपुर ने उसका रास्ता रोका और अभद्र भाषा का प्रयोग करना शुरू कर दिया, साथ ही उसे धमकियां भी दीं, जिस पर उसने हरोली पुलिस थाना में शिकायत लिखवाई है। उधर, पुलिस अधीक्षक अर्जित सेन ठाकुर ने कहा कि इस संबंध में मामला दर्जकर जांच की जा रही।

### खेत में सिंचाई करते वक्त मारपीट करने के आरोपियों पर मामला दर्ज

**ऊना।** ऊना जिला के कुठेड़ा जसवालां निवासी सुल्तान मुहम्मद ने खेतों की सिंचाई के दौरान मारपीट करने का आरोप जड़ा है। इस मामले में उसने गगरेट पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करवाई है, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता के अनुसार वह शुक्रवार शाम को मवा सिंधियां में अपने खेतों की सिंचाई कर रहा था। तभी सरदार मोहम्मद, शौकत अली सहित अन्य व्यक्ति वहां आए। जिन्होंने नेक मुहम्मद और उसके साथी से मारपीट करना शुरू कर दी, जिस पर उसने गगरेट थाना में आरोपियों के विरुद्ध शिकायत दर्ज करवाई है। उधर, पुलिस अधीक्षक अर्जित सेन ठाकुर ने कहा कि इस संबंध में मामला दर्जकर जांच की जा रही है।

### ऊना में 142 वाहन के चालान काटे, 18 से वसूला 9000 रुपए जुर्माना

**ऊना।** जिला पुलिस का यातायात नियमों की अवेहलना करने वालों के विरुद्ध अभियान जारी है। इस कड़ी में पुलिस ने यातायात नियमों की अवहेलना पर कुल 142 वाहनों के चालान किए गए, जिनमें से 18 का मौका पर निपटारा कर दिया गया। इनसे नौ हजार रुपए जुर्माना वसूल किया, जबकि 124 चालानों को कार्रवाई के लिए भेजा गया है। इसके अलावा पुलिस ने अवैध खनन के विरुद्ध पर कार्रवाई करते हुए तीन ट्रैक्टरों के चालान किए, जिनसे पुलिस ने 15615 रुपए जुर्माना वसूल किया गया।

### विधवा महिलाओं से मांगे आवेदन, चयनित महिलाओं को मिलेगा मुफ्त राशन

**ऊना।** हिमोत्कर्ष अमोदिनी महिला सशक्तिकरण प्रकल्प के तहत पात्र विधवाओं के मुफ्त राशन योजना के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। चयनित महिलाओं को अप्रैल माह से मार्च, 2025 तक हर महीने 750 रुपए का राशन उपलब्ध करवाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए हिमोत्कर्ष परिषद के प्रदेश महासचिव डॉ. रविंद्र सूद और जिलाध्यक्ष कर्णपाल सिंह मनकोटिया ने बताया कि पात्र महिलाएं 31 जनवरी तक अपने आवेदन हिमोत्कर्ष कार्यालय ऊना में किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक जमा करवा सकती हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के लिए 45 वर्ष तक की विधवा महिलाएं पात्र होंगी। उन्होंने कहा कि आवेदन करने वाली महिला को प्रदेश सरकार से विधवा पेंशन नहीं मिल रही हो, साथ ही उनकी फैमिली इन्कम भी 50 हजार रुपए वार्षिक से कम हो। इसके अतिरिक्त उन्हें हिमोत्कर्ष परिषद से पहले कभी किसी प्रकार की सहायता प्राप्त नहीं हुई हो। उन्होंने कहा कि आवेदन पत्र हिमोत्कर्ष कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आवेदन पत्र के साथ पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, आवेदनकर्ता की दो पासपोर्ट साइज फोटो, आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और बैंक खाते की फोटो प्रति जमा करवानी होगी। रविंद्र सूद ने बताया कि हिमोत्कर्ष ने 2013-14 में उक्त प्रकल्प को शुरू किया था। इतने अंतराल में परिषद 620 विधवाओं को लगभग 42 लाख रुपए का राशन और अन्य मदद उपलब्ध करवा चुकी है।

### सचिव जोगिंद्र देव आर्य को बेहतर सेवाओं के लिए प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**बंगाणा।** युवा मामले और खेल मंत्रालय के तहत नेहरू युवा केंद्र ऊना के सौजन्य से नेहरू युवक किसान मंडल सासन के सचिव जोगिंद्र देव आर्य को बेहतर सेवाओं के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। नेहरू युवा केंद्र उपनिदेशक डॉ. लाल सिंह ने बताया कि युवा मंत्रालय के अनुसरण में सितंबर और अक्तूबर, 2023 के महीने में आयोजित 'मेरी माटी मेरा देश' माटी को नमन वीरों को वंदन मिशन मोड कार्यक्रम में यूथ क्लब सासन का असाधारण-सराहनीय योगदान रहा। इसके अलावा इस वर्ष 2023-24 के दौरान स्वच्छ भारत, हर घर तिरंगा और एनवाईके के विविध कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में भी यूथ क्लब सासन का बहुमूल्य योगदान रहा। मुझे विश्वास है कि ये यूथ क्लब जोगिंद्र देव आर्य के नेतृत्व में भविष्य में भी सामाजिक क्षेत्र में अपनी सराहनीय सेवाएं जारी रखेंगे। वहीं युवा किसान मंडल सासन के सचिव जोगिंद्र देव आर्य ने कहा कि यूथ क्लब सासन विभाग के कार्ययोजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ कर रहे हैं और भविष्य ने भी युवा किसान मंडल सासन जनहित में कार्य कर पुण्य के भागीदार बनता रहेगा।



सचिव जोगिंद्र देव आर्य

# अंब में नशे के सौदागर गिरफ्तार

## 10.69 ग्राम चिट्टा/हेरोइन के साथ दो लोग धरे, अदालत ने पांच दिन का रिमांड भेजा

**अनंत ज्ञान, अंब**

**पुलिस** थाना अंब के अंतर्गत पड़ते गांव ठट्ठल नंदपुर बाजार से नैहरी लिंक रोड नजदीक स्वीट शॉप के पास अंब पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने दो युवकों से 10.69 ग्राम चिट्टा/हेरोइन दो युवकों से बरामद कर गिरफ्तार किया है।

एसएचओ गौरव भारद्वाज और और उनकी टीम शाम को गश्त के दौरान नंदपुर बाजार से नैहरी लिंक रोड नजदीक स्वीट शॉप के पास समय करीब शाम आठ बजकर पांच मिनट पर पहुंचे तो सड़क के दाहिने तरफ एक बिना नंबर के मोटरसाइकिल जिस पर एक युवक बैठा था और उसके साथ ही एक अन्य व्यक्ति खड़ा था तथा दोनों एक दूसरे के साथ बातचीत कर रहे थे तथा मोटरसाइकिल सवार युवक ने अपनी जेब से एक काले रंग का लिफाफा निकालकर अपने पास खड़े व्यक्ति को दिया, जिस पर पुलिस को किसी संदिग्ध वस्तु का शक हुआ तथा जैसे ही पुलिस ने गाड़ी को उपरोक्त युवकों के पास रुकवाया तो उपरोक्त मोटरसाइकिल के पास खड़े युवक ने पुलिस को देखकर काला लिफाफा अपने हाथ से जमीन पर फेंक दिया। पुलिस ने उपरोक्त दोनों युवकों के सामने जमीन पर फेंके काले रंग के पालीथिन लिफाफे को उठाकर देखा तो उसके अंदर बरामद हल्के भूरे रंग का डलीनूमा पदार्थ का चिट्टा/हेरोइन होना पाया गया।

पकड़े हुए दीपक व संदीप वक्शी ने माना कि यह चिट्टा/हेरोइन है। बरामद हल्के भूरे रंग का डलीनूमा पदार्थ को पुलिस ने डिजिटल तराजू निकालकर तोला तो पदार्थ का बजन 10.69 ग्राम हेरोइन /चिट्टा पाया और उपरोक्त मोटरसाइकिल पल्सर बिना कागजात, बिना नंबर को पुलिस ने अपने कब्जे में लिया। आरोपियों की पहचान दीपक (36) पुत्र दौलत राम निवासी भगत नगर माडल टाऊन तहसील व जिला होशियारपुर (पंजाब) व संदीप बक्शी (34) साल पुत्र सुभाष बक्शी निवासी वार्ड नंबर-पांच गांव व डा. ठट्ठल तहसील अंब जिला ऊना के रूप में हुई है। थाना प्रभारी गौरव भारद्वाज ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि दो आरोपी युवकों से गांव ठट्ठल नंदपुर बाजार से नैहरी लिंक रोड नजदीक स्वीट शॉप के पास 10.69 ग्राम हेरोइन/चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया गया है और आरोपियों को अंब अदालत में पेश किया और अदालत ने आरोपियों को पांच दिन के रिमांड पर भेजा है।



### इन आरोपियों पर पहले से चल रहे मुकदमे

**पुलिस** ने इन आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने पहले भी बहुत प्रयास किए थे, लेकिन शातिर आरोपी युवक हर बार पुलिस को चकमा देकर फरार हो जाते थे। इनमें से एक आरोपी युवक अंब में ही एक किराए की दुकान करता है और सूत्रों से मिली जानकारी है कि उसने बहुत से युवाओं को इस नशे की लत में फंसा रखा है। अंब थाना प्रभारी और उनकी टीम ने इन आरोपियों को नशे की खेप के साथ पकड़कर एक बहुत बड़ी सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी पांच दिन के रिमांड में आरोपियों से कितनी जानकारी ले सकती है और नशे के पीछे और कितनों का हाथ हैं व उनको भी जल्दी गिरफ्तार करके सलाखों के अंदर करती है।

# विकास के नाम पर देव स्थल से छेड़छाड़ नहीं होगी बर्दाश्त

- सरकार प्रसिद्ध देव स्थल को पर्यटन स्थल में बदलने की कर रही कोशिश
- बिजली महादेव रोपे-वे प्रोजेक्ट को सरकार की मंजूरी के निर्णय का किया विरोध
- जिया पंचायत के प्रधान संजू पंडित ने की फैसले की निंदा की

**कुल्लू।** प्रदेश सरकार की ओर से कैबिनेट की बैठक में बिजली महादेव रोप-वे प्रोजेक्ट निर्माण को मंजूरी के निर्णय का विरोध शुरू हो गया है। भुंतर की जिया पंचायत के प्रधान एवं बिजली महादेव रोपवे संघर्ष समिति के सदस्य संजीव शर्मा उर्फ संजू पंडित ने सरकार के इस फैसले का कड़ा विरोध दर्ज करते हुए कहा है कि प्रदेश सरकार प्रसिद्ध देव स्थल (बिजली महादेव) को पर्यटक स्थल में बदलने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर देव स्थलों से इस तरह छेड़छाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगी। संजू पंडित ने बताया कि इस फैसले को लेकर स्थानीय जनता में एक बार फिर रोष पनप गया है। उन्होंने कहा कि जब बिजली महादेव अपनी देव वाणी के माध्यम से रोपवे का विरोध कर चुके हैं और स्थानीय जनता देव आदेश का पालन करते हुए सड़क पर उतर चुकी है उसके बावजूद भी सरकार इस प्रोजेक्ट को लगाने के लिए इस तरह के जन-विरोधी फैसले ले रही है जो सरासर निंदनीय है।

### श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा का लोगों को बेसब्री से इंतजार

# 22 को श्रीराधा कृष्ण मंदिर व रुद्रानंद आश्रम में होंगे विशेष कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**उत्तर** प्रदेश के अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए कुछ ही दिन शेष बचे हैं, जिसका जिलावासी भी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 22 जनवरी को कोटलाकलां के श्रीराधा कृष्ण मंदिर और डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम नारी में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए तैयारियां की जा रही है। इससे दोनों धार्मिक स्थलों में माहौल राममय नजर आएगा।

श्रीराधाकृष्ण मंदिर में राष्ट्रीय संत बाबा बालजी महाराज के नेतृत्व में विशेष कार्यक्रम होगा। इसमें भगवान राम की महिमा का गुणगान होगा। इस दौरान बालजी महाराज भी प्रवचन देंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसी तरह डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम नारी में डेरा के अधिष्ठाता एवं वेदांताचार्य सुग्रीवानंद महाराज की अगुआई में विशेष कार्यक्रम होगा। इसमें उनके परम शिष्य हेमानंद महाराज प्रवचन देंगे। कीर्तन मंडलियां भी भगवान राम की महिमा का गुणगान करेंगी। इसके अलावा डेरा बाबा रुद्रानंद से 21 जनवरी को शोभायात्रा निकालने भी कार्यक्रम है, जो टक्का रोड, रेड लाइट चौक, झलेड़ा, बसाल होते हुए रुद्रानंद आश्रम में संपन्न होगी। बाबा बालजी आश्रम इसी दिन हटली का श्रीराम नाटक क्लब ने भी कार्यक्रम रखा है। वहीं, जिला में अयोध्या से आए अक्षत कलश के साथ गांव-गांव लोगों को निमंत्रण दिया जा रहा है। जिसमें लोगों से 22 जनवरी के दिन घरों में दीपक जलाने की अपील की जा रही है।



अयोध्या से आए निमंत्रण पत्र वितरित करते हुए।

### प्राण प्रतिष्ठा समारोह का मिला न्योता

**अयोध्या** में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का कोटलाकलां आश्रम के संत बालजी महाराज और डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम नारी को भी निमंत्रण आया है, लेकिन दोनों धार्मिक स्थलों के संत अपने-अपने आश्रम में ही विशेष कार्यक्रम मनाएंगे। वहीं, संत बालजी महाराज ने कहा कि हम आश्रम में ही विशेष कार्यक्रम का आयोजन करके उत्सव मनाएंगे। उन्होंने कहा कि देशभर में अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर खुशी का माहौल है। उन्होंने कहा कि करोड़ों लोग अपने आराध्य की प्राण प्रतिष्ठा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं, ऊना शहर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का लाइव बड़ी स्क्रीन पर दिखाने की तैयारी है। इसके लिए यहां जिला आयुर्वेदिक अस्पताल के नजदीक बड़ी स्क्रीन लगेगी, जिस पर अयोध्या में चल रही प्राण प्रतिष्ठा का समारोह दिखाया जाएगा। इसके अलावा जिला के अन्य स्थानों में कार्यक्रम होंगे, इसके लिए अपने-अपने स्तर पर तैयारी चल रही है।

# कुटलैहड़ विस क्षेत्र के खड़ोल में सजा उपमंडल स्तरीय लोहड़ी उत्सव

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**उपमंडल** बंगाणा स्तर की लोहड़ी की धूम कुटलैहड़ विस क्षेत्र के करमाली पंचायत के खड़ोल गांव में धूमधाम से मनाई गई। लोहड़ी उत्सव पर कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र भुट्टो ने शिरकत कर पूजा-अर्चना व आहुतियां डालकर जनता को लोहड़ी व मकर संक्रांति की बधाई दी। वहीं लोहड़ी उत्सव पीआर स्कूली स्टूडेंट्स द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। कई गायकों ने लोहड़ी उत्सव पर रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। विधायक भुट्टो ने मंच से लोहड़ी उत्सव की बधाई देते हुए कहा कि सरकार गांव की ओर कार्यक्रम के तहत हमने लोहड़ी उत्सव यहां पर रखा है, क्योंकि अगर बंगाणा बाजार में लोहड़ी उत्सव किया जाता, जैसे बीते वर्ष किया था, तो गांव की हमारी माताएं बंगाणा बाजार नहीं पहुंच पातीं। दूसरा गांव में कार्यक्रम के होने से हम गांव की बुजुर्ग माताओं की समस्या को भी जान सकते हैं। इसलिए हम ने यह कार्यक्रम गांव में रखा है। आप सभी इतनी बड़ी संख्या में यहां पहुंचे हैं। उसके लिए हम आपका तहदिल से आभार प्रकट करते हैं।

- विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कार्यक्रम में पूजा-अर्चना कर जनता के लिए मांगी सुख-समृद्धि की कामना



खड़ोल में लोहड़ी उत्सव पर आहुतियां डालते कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र भुट्टो व अन्य

### 2.20 करोड़ की लागत से बनने वाली खड़ोल तलमेहड़ा सड़क का विधायक ने किया भूमि पूजन

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विस क्षेत्र के करमाली पंचायत के गांव खड़ोल से रौंखर-तलमेहड़ा सड़क, जिसकी जनता की पुरानी मांग थी। लोहड़ी के पर्व पर विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने भूमि पूजन करके जनता को बड़ा तोहफा दिया है। उक्त सड़क पर दो करोड़ 20 लाख की धनराशि खर्च होगी। करीब पांच किमी की लंबाई वाली यह सड़क एक वर्ष में कार्य पूर्ण होकर जनता को भी समर्पित होगी। विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो का खड़ोल पहुंचने पर जनता द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कुटलैहड़ वेलफेयर सोसाइटी के सौजन्य से विधायक भुट्टो ने मुच्छाली जिला पार्षद वार्ड की 80 विधवाओं व गरीबी रेखा से नीचे महिलाओं को पांच-पांच हजार की नकद राशि प्रदान की। भुट्टो ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र के हर जिला पार्षद वार्ड में 80 गरीबी रेखा से नीचे या फिर विधवाओं को पांच-पांच हजार की नकद राशि प्रदान की जाएगी। इस मौके पर राज्य रेडक्रॉस सोसायटी के प्रदेश संयोजक सुरिंद्र ठाकुर, कुटलैहड़ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, महासचिव प्रवीण शर्मा, पूर्व प्रधान सुदर्शन शर्मा, अजय शर्मा, रेंज ऑफिसर अंकुश, डिप्टी रेंजर बाल किशन शर्मा, ठाकुर किशोरी, प्रधान महिंद्र राणा, उपप्रधान अरुण मनकोटिया, चमन लाल फोरमैन के अलावा अधिकारी कर्मचारी व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



शिमला में शनिवार को दिन भर बादल छाए रहे। इस दौरान रिज पर चहल कदमी करते पर्यटक।

# संस्कार पब्लिक स्कूल समैला के स्टूडेंट्स ने जमाया रंग

## वार्षिक उत्सव में प्रदेश कांग्रेस महासचिव पवन ठाकुर ने सम्मानित किए मेधावी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**समैला** शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित संस्कार पब्लिक स्कूल समैला के वार्षिक उत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश कांग्रेस महासचिव पवन ठाकुर बतौर मुख्यातिथि शामिल रहे।

प्रधानाचार्य एवं निर्देशक यशवंत सिंह ठाकुर ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। मुख्यातिथि पवन ठाकुरने कहा कि शिक्षा का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र समैला में डॉक्टरों के खाली पद जल्द भरे जाएंगे।

ठाकुर ने मेधावियों को पुरस्कृत कर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करने पर बच्चों को 10 हजार दिए। इस मौके पर सुनील शर्मा, लश्करी राम, अश्वनी गुलेरिया, ब्रह्मानंद शर्मा, इंदिरा धीमान, राज कुमारी, उमा देवी, धरम पाल, लता ठाकुर, नंद लाल, योगिंद्रा देवी, सुनीता शर्मा, पृथी सिंह आदि शामिल रहे।




सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करने वाली स्टूडेंट्स के साथ मुख्यातिथि।

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

(14 जनवरी, 2024)

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत** :1945 (शोभकृत), **मास :** पौष, **तिथि** : तृतीया 08:02 सुबह तक, **नक्षत्र :** धनिष्ठा (10:23), **पक्ष :** शुक्ल, शुभ मुहूर्त : अभीजित (12:09-12:51 रात्रि तक)
**राहुकाल :** 04:26-05:45 शाम तक।

## विशेष दिन

14 जनवरी 2024 : विनायक चतुर्थी आज।
मकर संक्रांति आज।

सूर्योदय : 07:15
सूर्यास्त : 05:45

**मेष :** जो लोग दूसरे के लिए मांगते हैं, उन्हें कभी अपने लिए नहीं मांगना पड़ता है। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। किसी के बहकाने से सपने संबंध तोड़ने से बचें। पैर में चोट लग सकती है।

**वृषभ :** किसी के बहकावे में आप बहुत जल्द आ जाते हैं। समय रहते जरूरी कार्य पूरे करें। निजी जीवन में दूसरों को प्रवेश न दें। पिता के व्यवहार से मन मुटाव होगा। जीवनशैली में परिवर्तन के योग है।

**मिथुन :** सोचे हुए कार्य समय पर होने से मन प्रसन्न रहेगा। अपने वाक्चातुर्य से सभी काम आसानी से करवा लेंगे। कार्यस्थल पर अपनी अलग पहचान स्थापित करेंगे। प्रेम-प्रसंग के चलते मन उदास रहेगा।

**कर्क :** व्यस्तता के कारण सेहत को न भूलें। अपने जीवनसाथी से नम्रता से बात करें और आपके दोनों के वार्तालाप में स्नेह झलके न कि बनावटी बातें करें। वाणी मधुर रहे। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह:** अपने अक्खड़ व्यवहार से सभी से दूरियां बढ़ा लेंगे। व्यवहार नम्र रहे और अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें। पिता के साथ तालमेल न रहने से घर का वातावरण गरमा सकता है। अनुबंध हो सकते हैं।

**कन्या :** आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। जीवनशैली में आए परिवर्तन से खुश होंगे। आजीविका के नए स्रोत स्थापित होंगे। पारिवारिक सौहार्द बना रहेगा। मांगलिक समारोह में सक्रिय भूमिका रहेगी।

**तुला :** जिन लोगों का सहयोग आप ने किया था, आज वे ही आप से मुंह फेर रहे हैं। बीमारी में दवाई असर नहीं करेगी। बेहतर होगा अपना डॉक्टर बदलें या किसी योग्य व्यक्ति से सलाह लें। नए भवन में जाने के योग हैं।

**वृष्चिक:** स्वभाव में परिवर्तन लाना बहुत जरूरी है। योजना लाभप्रद रहेगी। पड़ोसियों की मदद करनी पड़ सकती है। क्रोध की अधिकता से परिजन नाखुश होंगे। शेयर बाजार में निवेश से लाभ होगा।

**धनु:** समय रहते अपने कार्य पूर्ण करें। परिवार का सहयोग न मिलने से कार्य प्रभावित होंगे। घर में वास्तु अनुरूप परिवर्तन करें, तनाव खत्म होगा। फैक्ट्री में प्रवेश द्वार पर पंचमुखी हनुमान की तस्वीर लगाएं।

**मकर :** जल्दबाजी में किए फैसलों से नुकसान हो सकता है। परिवार में आपकी बातों को सुना जाएगा। धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। परीक्षा परिणाम अनुकूल रहेगा।

**कुंभ :** अपने हिसाब से जिंदगी जीना पसंद है, जो लोग आप के कार्यों की सराहना करते थे, वे आपका विरोध करेंगे। भवन-भूमि के विवादों का अंत होगा। पिता के व्यवसाय में रुचि कम रहेगी।

**मीन :** समय से पहले और भाग्य से ज्यादा किसी को नहीं मिलता। अपनी बारी का इंजतार करें। संतान के सहयोग से कार्य पूरे होंगे। नए लोगों से संपर्क बनेगा, जो भविष्य में लाभदायक रहेगा। वाहन सुख संभव है।

**आयोजन** — एबीवीपी एवं खेलो भारत द्वारा आयोजित दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न

# बबेली ब्वॉयज ने जीता कबड्डी फाइनल

- महिला कबड्डी फाइनल मैच में रूपी वैली स्टार ने एसवीएम मनाली को हराया

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

**राष्ट्रीय** युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता शनिवार को संपन्न हो गई। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एवं खेलो भारत द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित दो दिवसीय जिला स्तर की कबड्डी प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में 24 टीमों ने भाग लिया, जबकि महिला वर्ग में केवल तीन ही टीमों ने भाग लिया। कबड्डी प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में पूर्व एबीवीपी कार्यकर्ता दर्शन ठाकुर, पूर्व एबीवीपी कार्यकर्ता डॉ. गौरव भारद्वाज, पूर्व एबीवीपी कार्यकर्ता अमित सेन, पूर्व एबीवीपी कार्यकर्ता जतिन एवं एबीवीपी कार्यकर्ता रितिका विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मुख्यातिथि एवं विशिष्ठ अतिथियों ने सभी को स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेने ले बारे कहा और खेलकूद में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में कुल्लू के विभिन्न क्षेत्रों से आए 24 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में महिलाओं की टीम का फाइनल मैच रूपी वैली स्टार ओर एसवीएम मनाली के बीच करवाया गया, जिसमें रूपी वैली स्टार की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए एसवीएम मनाली की टीम को हरा कर ट्रॉफी पर कब्ज़ा जमाया। पुरुषों के फाइनल बबेली ब्वॉयज ने छेटी को हराकर ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया। प्रतियोगिता की विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी ओर नकद धनराशि भेंट कर सम्मानित किया।




दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मैच में खेलते हुए खिलाड़ी।


> दूसरों की गलतियों से सीखने में ही बुद्धिमानी है। जिंदगी इतनी बड़ी नहीं होती कि सारी गलतियां खुद करके सीखें। -अज्ञात

# लड़कियों की शादी की उम्र 21 वर्ष करना लाभदायक

**हिमाचल** प्रदेश में लड़कियों की शादी की उम्र 18 वर्ष से 21 वर्ष करना सुक्खू सरकार का बड़ा अहम फैसला है। इस फैससे से प्रदेशवासी खासकर युवतियां और महिलाएं बहुत खुश हैं। बेहतर समाज के लिए महिलाओं का सशक्त होना बेहद जरूरी है तभी वह सही मायने में पुरुषों के बराबर खड़ी हो पाएंगी। महिलाओं के सशक्तिकरण के बिना समाज के सशक्त होने की कल्पना करना भी बेमानी है। महिलाएं सशक्त होंगी तभी समाज का और देश का समुचित विकास हो सकेगा। चूंकि महिलाएं देश की महत्वपूर्ण आबादी का प्रतिनिधित्व करती हैं ऐसे में उनका सशक्त होना उतना ही आवश्यक है जितना कि पुरुषों का होता है। भारतीय संस्कृति में स्त्री और पुरुष दोनों की ही समानता को स्वीकार किया गया है और महिलाओं को भी पुरुषों के समान अधिकार प्रदान किए गए हैं। संविधान के अनुच्छेद 14 में कानूनी समानता, अनुच्छेद 15 में जाति, धर्म, लिंग एवं जन्मस्थान के आधार पर भेदभाव न किए जाने का प्रावधान, अनुच्छेद 16 में लोकसेवाओं में बिना भेदभाव के अवसर की समानता जैसे प्रावधान उल्लेखित हैं। वहीं, कई ऐसे प्रावधान भी हैं जो महिलाओं और युवतियों को विशेष रूप से सशक्त बनाने के लिए हैं। इसके अलावा कई ऐसे कानून भी बनाए गए हैं जो महिलाओं को विशेष परिस्थितियों में संरक्षण प्रदान करते हैं और विषम परिस्थितियों में या शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने का अधिकार भी इनमें शामिल है। फिर चाहे वह शारीरिक या मानसिक उत्पीड़न का मामला हो या फिर आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचाने या कमजोर करने का। कई सारे कानूनों के बावजूद महिलाएं अपेक्षा के अनुरूप इन कानूनों का लाभ नहीं उठा पा रही हैं इसका प्रमुख कारण इन कानूनों और संवैधानिक प्रावधानों के बारे में आम जनमानस में जागरूकता की कमी का होना है। लड़कियों की शादी की उम्र तीन साल बढ़ाने से बहुत सारे फायदे होंगे। जहां एक तरफ लड़कियों की शिक्षा का स्तर ऊंचा उठेगा तो वहीं, शादी की उम्र बढ़ने से उन्हें पढ़ाई के लिए ज्यादा समय भी मिल सकेगा। 21 वर्ष की उम्र तक लड़की का शारीरिक एवं मानसिक विकास 18 वर्ष के मुकाबले ज्यादा बेहतर हो पाएगा। कम उम्र में गर्भधारण में मातृ-शिशु मृत्यु दर पहले ही बहुत अधिक है, लेकिन शादी की आयु बढ़ाने से इसमें भी कमी आएगी। 21 वर्ष की आयु के बाद यदि लड़की की शादी होती है तो शादी के बाद गर्भावस्था में ज्यादा दिक्कतें नहीं होती हैं। 21 वर्ष की आयु तक लड़की की शिक्षा भी पूरी हो पाएगी और वह अपने फैसले लेने के लिए भी ज्यादा सक्षम हो पाएगी। प्रदेश सरकार लड़कियों के भविष्य के प्रति संजीदा है। तभी तो सरकार ने फैमिली प्लानिंग के लिए नई स्कीम शुरू की है। इसके तहत एकल लड़की के माता-पिता को दो लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। इंदिरा गांधी बालिका सुरक्षा योजना के तहत प्रोत्साहन की मौजूदा धनराशि को 35,000 रुपए से बढ़ाकर दो लाख रुपए कर दिया है। महिलाओं की शादी की न्यूनतम उम्र को बढ़ाकर 21 साल करने का उद्देश्य महिलाओं के सशक्तिकरण, लैंगिक समानता, महिला श्रम बल की भागीदारी बढ़ाना, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें स्वयं निर्णय लेने में सक्षम बनाना है।

# अभिनंदन का सुंदर मुहूर्त है मकर संक्रांति

**हम सब सूर्य परिवार के अंग हैं। ऋग्वेद के प्रथम मंडल (सूक्त 164) के प्रथम मंत्र में सूर्यदेव के तीन भाई बताए गए हैं। उनके सात पुत्र हैं। तीन भाइयों में वे स्वयं, दूसरे सर्वव्यापी वायु और तीसरे तेजस्वी अग्नि। सूर्य के रथ का वर्णन सुंदर है, सूर्य के एक चक्र वाले रथ में सात घोड़े हैं। सात नामों वाला एक घोड़ा रथ खींचता है। आगे सात शब्द का दोहराव है, सात दिन, सात अश्व, सात स्वरों में सविता सूर्य की स्तुति करती सात बहनें। वैसे भी सूर्य प्रकाश में सात रंग हैं। ध्वनि में सात स्वर हैं। सप्ताह में सात दिन हैं। ऋषि जिज्ञासा है, इस ब्रह्मांड में सबसे पहले जन्म लेने वाले को किसने देखा? जो अस्थि रहित होकर भी संपूर्ण संसार का पोषण करते हैं। पूर्वज सविता सूर्य की आतंरिक गतिविधि जानना चाहते हैं, यह विज्ञ सप्त तंतुओं-किरणों को कैसे फैलाते हैं। ऋषि जानकारी की सीमा बताते हैं, मैं नहीं जानता लेकिन जानना चाहता हूं। सभी लोकों को स्थिर करने वाले अजन्मा का रूप क्या है? जो सूर्य रहस्य के जानकार हैं, कृपया वे बताएं। अंत में कहते हैं, बारह अरों वाला चक्र द्युलोक में घूमता रहता है। वह अजर अमर है। सूर्य अभिभावक हैं। संरक्षक हैं। गीता (4-1) में ज्ञान परंपरा है। श्रीकृष्ण कहते हैं, मैंने योगविद्या का ज्ञान सबसे पहले विवस्वान सूर्य को दिया था। सूर्य ने मनु को और मनु ने इक्ष्वाकु को यही ज्ञान दिया।**



हृदयनारायण दीक्षित
(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)

**भारत** उत्सव प्रिय उल्लासधर्मा देश है। सतत कर्म यहां जीवन साधना है। पूरे वर्ष कर्म प्रधान जीवन और बीच-बीच में पर्व त्योहार और उत्सवों का आनंद। भारत के मन का मूल उत्स सांस्कृतिक है। उत्स का अर्थ है केंद्र। उत्सव परिधि है। उत्सव उल्लासधर्मा होते हैं। वे भारत के लोक को भीतर और बाहर तक आच्छादित करते हैं। मकर संक्रांति का उत्सव ऐसा ही है। यह भारत के सभी हिस्सों में मनाया जा रहा है। नदियों में कड़ाके की ठंड के बावजूद स्नान ध्यान, पूजन और आनंद। हम भारत के लोग उत्सवों में समवेत होते हैं, आनंदित होते हैं। संप्रति मकर संक्रांति के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में भी आनंद की लहर है।

भारतीय चिंतन में सूर्य ब्रह्मांड की आत्मा हैं। सूर्य सभी राशियों पर संचरण करते प्रतीत होते हैं। वस्तुत: पृथ्वी ही सूर्य की परिक्रमा करती है। आर्य भट्ट ने आर्यभट्टीयम में लिखा है, जिस तरह नाव में बैठा व्यक्ति नदी को चलता हुआ अनुभव करता है, उसी प्रकार पृथ्वी से सूर्य गतिशील दिखाई पड़ता है। सूर्य धनु राशि के बाद मकर राशि में प्रवेश करते हैं तो इसे मकर संक्रांति कहा जाता है। सूर्य का मकर राशि पर होना उपासना के लिए सुंदर मुहूर्त माना जाता है। वराहमिहिर ने बृहत संहिता में बताया है, मकर राशि के आदि से उत्तरायण प्रारंभ होता है।

सूर्य अजर अमर हैं। ऋग्वेद के एक सूक्त में ऋषि अपने यज्ञ में पृथ्वी अंतरिक्ष और समस्त देवलोक को निमंत्रण देते हैं। वे वरुण, इंद्र, मरुत और जल को भी आहूत करते हैं। वे देवों से समृद्धि की कामना करते हैं। अंत में सूर्य सविता देव का स्मरण करते हैं, सविता पश्चातात सविता-सविता हमारे पीछे हैं। फिर कहते हैं, पुरस्तात सवितोतर सविता धरातात-सविता सामने हैं। ऊपर हैं। नीचे हैं। ये सविता हमें सुख व समृद्धि दें। दीर्घायु भी दें। सविता सूर्य की उपस्थिति दशों दिशाओं में है। यही तेजोमय सविता मकर राशि पर हैं। उनके अभिनंदन की सुंदर मुहूर्त है मकर संक्रांति। पुण्यदायी नदियों में स्नान की भी परंपरा है। तुलसीदास ने रामचरितमानस में मकर संक्रांति के अवसर के लिए प्रयागराज का शब्द चित्र बनाया है, माघ मकरगत रबि जब होई। तीरथपतिहिं आव सब कोई।

ऋग्वेद के रचनाकाल से लेकर उपनिषदों, महाकाव्यों और परवर्ती संस्कृतिमूलक साहित्य में सूर्यदेव की चर्चा है। प्रश्नोपनिषद (1-5) में कहते हैं कि



आदित्य ही प्राण हैं। छान्दोग्य उपनिषद में कहते हैं,जैसे मनुष्यों में प्राण महत्वपूर्ण हैं वैसे ही ब्रह्मांड में सूर्य हैं। सूर्य के कारण इस पृथ्वी ग्रह पर मनुष्य का जीवन है। सूर्य दिव्य हैं। तेजोमय दिव्यता हैं। सूर्य ऊष्मा ऊर्जा व प्रकाश का अक्षय भण्डार हैं। प्रत्येक ताप का ईंधन होता है। इसी तरह तेजोमय सूर्य ताप के पीछे भी कोई कारण/ईंधन होना चाहिए। सूर्यदेव अरबों वर्ष से तप रहे हैं।

हम सब सूर्य परिवार के अंग हैं। ऋग्वेद के प्रथम मंडल (सूक्त 164) के प्रथम मंत्र में सूर्यदेव के तीन भाई बताए गए हैं। उनके सात पुत्र हैं। तीन भाइयों में वे स्वयं, दूसरे सर्वव्यापी वायु और तीसरे तेजस्वी अग्नि। सूर्य के रथ का वर्णन सुंदर है, सूर्य के एक चक्र वाले रथ में सात घोड़े हैं। सात नामों वाला एक घोड़ा रथ खींचता है। आगे सात शब्द का दोहराव है, सात दिन, सात अश्व, सात स्वरों में सविता सूर्य की स्तुति करती सात बहनें। वैसे भी सूर्य प्रकाश में सात रंग हैं। ध्वनि में सात स्वर हैं। सप्ताह में सात दिन हैं। ऋषि जिज्ञासा है, इस ब्रह्मांड में सबसे पहले जन्म लेने वाले को किसने देखा? जो अस्थि रहित होकर भी संपूर्ण संसार का पोषण करते हैं। पूर्वज सविता सूर्य की आतंरिक गतिविधि जानना चाहते हैं, यह विज्ञ सप्त तंतुओं-किरणों को कैसे फैलाते हैं। ऋषि जानकारी की सीमा बताते हैं, मैं नहीं जानता लेकिन जानना चाहता हूं। सभी लोकों को स्थिर करने वाले अजन्मा का रूप क्या है? जो सूर्य रहस्य के जानकार हैं, कृपया वे बताएं। अंत में कहते हैं, बारह अरों वाला चक्र द्युलोक में घूमता रहता है। वह अजर अमर है। सूर्य अभिभावक हैं। संरक्षक हैं। गीता (4-1) में ज्ञान परंपरा है। श्रीकृष्ण कहते हैं, मैंने योगविद्या का ज्ञान सबसे पहले विवस्वान सूर्य को दिया था। सूर्य ने मनु को और मनु ने इक्ष्वाकु को यही ज्ञान दिया।

सूर्य जीवनदाता हैं। आराध्य हैं। विश्व की सभी संस्कृतियों में सूर्य प्रत्यक्ष देव हैं। सूर्य उपासना यूनान में भी थी। वैदिक मन्त्रों में सविता सूर्य और ऊषा अलग-अलग स्तुतियां पाते हैं। लेकिन यथार्थ में वे एक ही सूर्य के भिन्न-भिन्न आयाम हैं। डॉ. कपिल देव द्विवेदी ने वैदिक देवताओं के आध्यात्मिक और वैज्ञानिक स्वरूप पर किताब लिखी है। उन्होंने लिखा है, सविता ही सूर्य हैं। सविता का अर्थ प्रेरणा शक्ति देने वाला प्रेरक। गति देने वाला। सूर्य इस संसार को प्रेरणा और प्रकाश देते हैं। इसलिए सूर्य को सविता भी कहते हैं। सूर्य उपास्य हैं। ऊषा देवी भी उन्हीं का एक आयाम हैं। ऋषि कहते हैं, सविता सूर्य विश्वरुपाणि हैं और ऊषा के बाद प्रकाशित होते हैं।

ऋग्वेद (1-141-2) में अग्नि के तीन रूप बताए गए हैं। पहला भौतिक अग्नि। दूसरा मेघों बादलों में विद्युत रूप अग्नि और तीसरे सूर्य। ऊषा देवी सूर्योदय के पहले की आभा हैं। ऊषा की स्तुति में कहते हैं, ऊषा स्वर्ग की कन्या जैसी प्रकाश के वस्त्र धारण करके प्रतिदिन पूर्व से वैसे ही आती हैं जैसे विदुषी नारी प्रकृति के शाश्वत नियमों के अनुसार चलती है। यहां ऊषा का वस्त्र प्रकाश है। आगे बताते हैं जैसे भद्र नारियां सोए हुए परिजनों को जगाती हैं। वैसे ही ऊषा भी सोने वालों को जगाती हैं। वैदिक समाज के लोग प्रात:काल उठते थे। वे सूर्योदय देखते थे। आनंदित होते थे। सूर्य नमस्कार करते थे।

ऊषाकाल वैदिक समाज के लोगों का जागरण काल है। ऋषि ने ऊषा को लेकर सुंदर मंत्र रचे हैं। कहते हैं कि यह ऊषा जैसे पति से मिलने के लिए मुस्कराती हुई अपना सौंदर्य प्रकट करती है। ऋषियों का भावबोध सौंदर्यबोध भी बहुत गहरा है। कहते हैं, ऊषा अपने पराए का भेद नहीं करती। जैसे छोटी बहन बड़ी बहन के लिए स्थान खाली कर देती है वैसे ही रात्रि रूपी छोटी बहन बड़ी बहन ऊषा के लिए अपने स्थान से हट जाती है।

ऋषियों के मन में अच्छे लोगों के आदर के लिए भेदभाव भी हैं। स्तुति है, हे ऊषा आप कंजूस लालची को न जगाएं। कर्मठ संघर्षशील लोगों को ही जगाएं। प्रार्थना यह भी है कि वे हमारी बुद्धि को सत्कर्मों के लिए प्रेरित करें। ऊषा जैसा मनोरम चरित्र दुर्लभ है। गायत्री मंत्र में भी सूर्य सविता की स्तुति है। ऋग्वेद (3-62-10) के अनुवाद में सातवलेकर कहते हैं, हम सविता देव के उस श्रेष्ठ वरण करने योग्य तेज का ध्यान करते हैं। वे सविता हमारी बुद्धियों को उत्तम मार्ग के लिए प्रेरित करें-तत्स वितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो योन: प्रचोदयात। मकर संक्रांति के अवसर पर इसी मंत्र का पुरस्चरण करते हुए लोकमंगल की उपासना करें।

## आपकी कविता, आपकी आवाज

### स्वामी विवेकानंद

*युगपुरुष स्वप्नदृष्टा आप महान हैं,*
*भारत वर्ष की शान है।*
*बारह जनवरी, सन् 1863*
*कलकत्ता में लिया अवतार,*
*धन्य हुआ विश्वनाथ दत्त,*
*भुवनेश्वरी जी का आंगन द्वार।*
*बाल्यकाल में कहलाते नरेंद्र नाथ दत्त,*
*चंचल, तार्किक सोच में सदा चित रत।*
*सन् 1893 शिकागोधर्म संसद में*
*दिया ओजस्वी व्याख्यान,*
*श्रोतागणों की तालियों से*
*अनुगूंजित ज़हान।*
*गुरू रामकृष्ण परमहंस से पाया*
*अलौकिक ज्ञान,*
*आधुनिक वेदांत, कर्मयोग*
*.सुसंस्कृत विचारों की आप थे खान। उठो, जागो और रुको मत,*
*मंजिल तक जारी रखे अभियान।*
*युवा शक्ति मार्गदर्शन में आपका*
*महान नाम,*
*धैर्य, विश्वबंधुत्व, आध्यात्मिक*
*चेतना सफलता के राज।*
*आपके सपनों को करना है*
*साकार,*
*विश्व गुरु बने आर्यव्रत फिर एक*
*बार,*
*आप थे सनातन, आध्यात्मिक*
*संत,*
*धरा पर रहे मात्र 39 वसंत।*
*लेखनी में कम पड़े स्याही,*
*भाषा में वर्ण अभाव।*
*कैसे करूं समुचित गुणगान,*
*जयंती बेला विश्व करे आपको*
*सलाम,*
*समाजसेवी, प्रेरणास्रोत आप थे*
*महान।*

कवि
रवि कुमार सांख्यान
मैहरी, बिलासपुर

## प्रेरक कथा



### सच्चा ज्ञान

**एक** बार एक नाव में बैठा कोई गणितज्ञ यात्रा कर रहा था। दोनों ही अकेले थे, यात्री तथा मांझी। सो समय काटने तथा अपनी विद्वता की धाक जमाने की दृष्टि से गणितज्ञ महोदय बोले, 'क्या तुमने गणित पढ़ा है?' मांझी बोला, ' नहीं बाबू गणित का तो मैं नाम भी नहीं जानता।' कुछ उपेक्षा भरे स्वर में गणितज्ञ ने कहा, 'तब तो तुम्हारी चार आने भर जिंदगी बेकार चली गई।' कुछ देर मौन रहने के पश्चात फिर गणितज्ञ ने प्रश्न किया, 'अच्छा तुमने भूगोल तो पढ़ा ही होगा कभी ?' मांझी ने विनम्र स्वर में पुन: उत्तर दिया, 'नहीं बाबूजी भूगोल का क्या मतलब होता है मैं नहीं जानता।' सुनकर गणितज्ञ महोदय बोले, 'तब तुम्हारी चार आने भर जिंदगी और यूं ही चली गई।'मांझी को झुंझलाहट तो बहुत हुई इन बेढंगे प्रश्नों पर, लेकिन वह चुप ही रहा। कुछ देर पश्चात ही दैवयोग से जोर की आंधी आई और नाव लड़खड़ाने लगी। उछलती लहरें मतवाले पवन के झकोरे ले रही थीं। नाव संभालते हुए नाविक ने कहा बाबू साहब, 'आपको तैरना आता है ?' गणितज्ञ ने घबराकर कहा, 'नहीं तो ! मैंने तो कभी तैरना नहीं सीखा।' अब नाविक कुछ मुस्कराते हुए कहने लगा, 'गणित तथा भूगोल न सीखने के कारण मेरी तो आठ आने भर जिंदगी बेकार गई। पर तैरना न जानने के अभाव में आपकी तो पूरी ही जिंदगी यों ही चली जा रही है। नाव का पार लगना मुश्किल है।' गणितज्ञ सोचने लगा कि ज्ञान की उपयोगिता प्रत्येक के लिए अपनी परिस्थिति, समय तथा उपयोगिता के आधार पर ही होती है। जो समय पर काम आ जाए वही सच्चा ज्ञान है।

# सामाजिक-पारिवारिक मूल्यों के रखवाले हैं श्रीराम

**भगवान** श्रीराम का अतीत इतना व्यापक और विस्तारित है कि उस पर समझ और संज्ञान की सीमाएं हैं। उन्हें चिह्नित करना बहुत दूर की कौड़ी है। भारतीय समाज में श्रीराम उस वट वृक्ष की तरह हैं जिसकी छत्रछाया में भक्त, आलोचक, आम, खास, आराधक, विरोधी, संबोधक सबके सब न जाने कितने सालों से एक साथ चले आ रहे हैं। श्रीराम भारतीय चिंतन परंपरा का सबसे चहेता चेहरा हैं। उनमें निर्गुणों व सगुणों सब ही का समान हिस्सा है। ब्रह्मवादी उनमें ब्रह्मस्वरूप देखते है। निर्गुणवादियों के लिए आत्मा ही श्रीराम है। अवतारवादियों के वे अवतार हैं।

वैदिक साहित्य में उनका विचित्र रूप है। बौद्ध कथाएं उनके करुणा रूप से कसी हुई हैं। वाल्मीकि के श्रीराम कितने निरपेक्ष हैं देखते ही बनता है। तुलसी के श्रीराम भारतीय जनमानस में बसे श्रीराम हैं, यहां सबके घट-घट में सजे श्रीराम हैं। श्रीराम ही हैं, जो भारत को उत्तर से दक्षिण तक और पूर्व से पश्चिम तक एक सूत्र में पिरोए हुए हैं। भारतीय समाज के लिए तो मान-सम्मान का संबोधन ही राम-राम हो जाता है। यह अकारण नहीं है जो सब कुछ राममय हो गया है। यहां हर घर का बड़ा बेटा राम हो जाता है जो आज्ञाकारी है, त्यागी है, सेवाभाव वाला है। आदर्श शासक सबको राम सरीखा नजर आता है। यहां तक कि रामराज्य आदर्श व्यवस्थाओं के आग्रह का आवश्यक आधार बन जाता है।

श्रीराम भारतीय परंपरा का अभिन्न हिस्सा हैं। तुलसी के श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं और वाल्मीकि के राम मानवीय भावनाओं से ओत-प्रोत



डॉ. राकेश राणा
(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

**भारत के बाहर फिलीपाइन्स, थाईलैंड, लाओस, मंगोलिया, साइबेरिया, मलयेशिया, म्यांमार, स्याम, इंडोनेशिया, जावा, सुमात्रा, कम्बोडिया, चीन, जापान, श्रीलंका, वियतनाम सभी में रामकथा के ढेरों स्वरूप मौजूद हैं। इससे स्पष्ट है कि यदि श्रीराम केवल राजा होते, न्यायी होते, सदाचारी होते, धर्म प्रवर्तक होते तो शायद उनकी स्मृति भी कब की क्षीण हो चुकी होती और वह इतिहास बनकर रह गए होते।**

संतुलित राम हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने अपने जीवन में एक-एक मर्यादा की पालना की, समाज के सम्मुख आदर्श रखे। पुत्र, पिता, भाई, पति, राजा, मित्र तमाम स्वरूपों में मानवीय भावनाओं के संतुलक राम सिर्फ भारत के ही आदर्श नहीं है बल्कि पूरे विश्व के लिए आदर्श रूप में अनुकरणीय हैं। प्रभु श्रीराम का जीवन आम जीवन से जुड़ा जीवन है, वह सबको चमत्कृत नहीं अपितु आकर्षित करता है। पत्नी के अपहरण पर भी समाज से सहयोग मांगा और संघर्ष किया। तो उसे वापस पाने के लिए मिल-बैठकर नीति बनाई। लंका जाने के लिए एक-एक पत्थर जोड़कर पुल बनाया। एक कुशल प्रबंधक की तरह लौटे तो पूरी सेना के साथ लौटे, एक साम्राज्य निर्माण की आकांक्षा से लबरेज रामराज की कामना के साथ। राम अगम है सगुण हैं निर्गुण है। कहत कबीर निर्गुण राम जपहुंरे भाई। श्रीराम के चरित्र में पग-पग पर मर्यादा है, त्याग है, प्रेम है और लोक व्यवहार का साक्षात्कार है।

राम मानवता में मथे महापुरुष हैं। राम लोकतंत्र के लोकपाल हैं, सबके प्रेरक हैं और समाज के सह-निर्माता हैं। राम के आदर्शों का जनमानस पर इतना गहरा प्रभाव तब ही संभव हो भी पाया। श्रीराम से भारतीय समाज सदैव सार्थकता पाता रहा है। भारत का आम जन-जीवन युगों-युगों से राम के दृष्टिकोण के साथ जीवन के संदर्भों-स्थितियों-परिस्थितियों-मन:स्थितियों-घटनाओं और प्रघटनाओं को मूल्यांकित करता रहा है। श्रीराम भारतीय समाज की वैचारिक थाती हैं। श्रीराम भारतीय संस्कृति की सतत प्रवाहमान धारा हैं। उनके उग्र स्वरूप के चित्रण में वैसा प्रभाव नहीं है जैसा उनकी सौम्यता में समाया हुआ है। राम बहुत सहज, सौम्य और सम्मोहक हैं। इसलिए वह सर्वत्र हैं। सबके हैं और सब उनके हैं। रहीम खान-ए-खाना कहते हैं कि रामचरित मानस हिंदुओं के लिए ही नहीं मुस्लिमों के लिए भी आदर्श है। तभी उन्होंने लिखा- %रामचरित मानस विमल, संतन जीवन प्रान, हिन्दुअन को वेद सम, तुरकहिं प्रगट कुरान।

श्रीराम किसी धर्म, देश, दुनिया की सीमाओं में सीमित नहीं हैं, अपितु वह एक विलक्षण विचार हैं। साहित्य में खुसरो, रसखान, आलम रसलीन, हमीदुद्दीन नागौरी, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती आदि सब ने राम की काव्य-पूजा की तो किसी ने राम की शक्ति-पूजा की है। तुलसी, कबीर, नानक और रैदास सब राम में रमे रहे। तुलसी कहत राम न सकहिं नाम गुन गाहीं। अर्थात स्वयं राम भी इतने समर्थ नहीं हैं कि वह अपने ही नाम के प्रभाव का गान कर सकें। कबीर कहते हैं-राम गुण न्यारो न्यारो। अबुझा लोग कहांलों बूझे, बूझनहार विचारो। श्रीराम के गुण बेहद न्यारे हैं। नासमझ लोग उन्हें रटते रहते हैं, कोई समझने की कोशिश ही नहीं करता।

गांधी के राम रघुपति राघव राजा राम जब 22 जनवरी, 1921 को आज से लगभग एक सदी पूर्व यंग इंडिया में उन्होंने लिखा, मेरे लिए राम, अल्लाह और गॉड सब एक ही हैं। इसी चिंतनधारा में संत विनोबा भावे जी राम, कृष्ण, बुद्ध को अवतार घोषित किए जाने के प्रश्न पर कहते है दरअसल विचार का ही अवतार होता है। लोग समझते हैं कि राम, कृष्ण, बुद्ध, अवतार थे। हमने उन्हें अवतार बनाया है। अवतार व्यक्ति का नहीं विचार का होता है और विचार के वाहन के तौर पर मनुष्य काम करते हैं। युगानुकूल वैचारिकी खड़ी करते हैं। किसी युग में राम के रूप में सत्य की महिमा प्रकट हुई तो किसी में कृष्ण के रूप में प्रेम की, तो कभी बुद्ध के रूप में करुणा की। भारत की हर एक भाषा में रामकथाएं कही गई हैं।

# भारत में मकर संक्रांति विशेष महत्व रखने वाली संक्रांति

**भारत** में मकर संक्रांति का भी उतना ही महत्व है जितना की दूसरे त्योहारों का है बल्कि मकर संक्रांति तो विशेष महत्व रखने वाली संक्रांति है ।

वैसे तो वर्ष भर हर माह में संक्रांति होती है लेकिन मकर संक्रांति का अपना अलग ही महत्व है। हालांकि भारत में कर्क संक्रांति भी वारदायनी है लेकिन मकर संक्रांति ही को जायदा महत्व दिया जाता है।

आपको बता दें कि जब जब सूर्य देव जिस भी राशि में जिस दिन प्रवेश करते हैं उसी राशि की उसी दिन संक्रांति होती हैं। मेष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, मकर, कुंभ और मीन राशि में सूर्य देव पूरे माह राशि में ही रहते हैं और हर राशि में सूर्य प्रवेश को संक्रांति ही कहते



## ब्लॉगर

संजय आर्य
पत्रकार एवं लेखक कुल्लू।

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

हैं। इस तरह मकर राशि में भी माघ माह के प्रथम प्रविष्टि में सूर्य देव प्रवेश करते हैं और इस दिन से सर्दी के ऊपर सूर्य की गरम ऊर्जा छ: माह तक रहती है और इस कारण माघ के शुरू होते ही मकर संक्रांति मनाई जाती है और इस दिन सूर्य भगवान और अग्नि की पूजा की जाती है तथा अन्नपूर्णा मां की आराधना भी की जाती है। यह पूजा अति उत्तम फलदायक मानी गई है। इस दिन भारत में कई प्रसिद्ध स्थल पवित्र झीलें और नदियों के तट पर मकर संक्रांति का स्नान करना और मास की दाल ,चावल ,दूध, दही, गुड़ और घी का दान करना बहुत ही लाभकारी माना गया है। इसलिए भारत में कई नदियों और झीलों के तट पर मकर संक्रांति को मेले भी आयोजित किए जाते हैं। आपको बता दें कि मकर राशि में और कर्क राशि में सूर्यदेव का प्रवेश करना ही शास्त्रों में महत्वपूर्ण माना गया है। मकर संक्रांति से सूर्य उत्तरायण और कर्क संक्रांति से सूर्य दक्षिणायन हो जाता है और यह समय देवताओं के लिए दिन का होता है।

आम जनजीवन के लिए भी मकर संक्रांति उत्तम का उत्तम दिन माना गया है। यहां बताना चाहते हैं कि सूर्य सिंह, कुंभ और मकर राशि के स्वामी हैं और मकर संक्रांति को पिता सूर्य अपने पुत्र शनि से भी मिलते हैं। हिमाचल में भी मकर संक्रांति के दिन श्रद्धालु अनेक धार्मिक स्थलों पर इकट्ठे होकर अपने अपने देवताओं के नाम से गुड़, तिल, चावल और मास की दाल पूजा पाठ करते हैं जबकि हिमाचल में ही शिमला के सुन्नी के पास तत्तापानी में सतलुज नदी के किनारे मकर संक्रांति के दिन से लगभग दस दिन तक मेले का आयोजन किया जाता है। इस मेले में आए श्रद्धालु शुभ मूहर्त में स्नान करके कई प्रकार की वस्तुओं का दान करके पुण्य कमाते हैं। इस तरह ही इलाहबाद के प्रयागराज में भी मकर संक्रांति के दिन बहुत बड़ा मेला लगता है जिसमें पूरे भारत से लाखों की संख्या में आए श्रद्धालु स्नान आदि से निमित होकर दानपुन करते हैं और पुण्य कमाते हैं।

## आपका पत्र

**आधुनिक** जीवन शैली कई विकारों से भरी है। आदमी व्यस्त नहीं अस्त-व्यस्त हो गया है। जितनी सुविधाओं से भरपूर जीवन हो रहा है उतना ही आदमी अपने जीवन में सुकूं के चार पलों से महरूम हो रहा है। आखिर ऐसे हालात क्यों पैदा हो रहे हैं। इतनी व्यस्त लाइफ क्यों हो रही है। घर से लेकर दफ्तर तक आदमी एक मशीन का चलता पुर्जा बनकर रह गया है। यही कारण है कि कम उम्र में हार्ट अटैक, हाइपरटेंशन और शुगर जैसी बीमारियां होने लगी हैं। जिंदगी अस्त-व्यस्त तो ही है वहीं खान-पान भी सही नहीं रहा है। असमय खाना, किसी भी वक्त खा लेना। यही एक व्यस्त लाइफ का रूटीन बनता जा रहा है जो भविष्य में सेहत के लिए बिलकुल भी सही नहीं है। हमें इस जिंदगी को व्यस्त रखना है लेकिन अस्त-व्यस्त नहीं, लेकिन जिंदगी कैसे व्यवस्थित होगी। यह हम-आप पर निर्भर करता है। वर्ना आजकल तो जिंदगी ऐसे है। बकौल शायर निदा फाजली-

सुबह से शाम तक बोझ ढोता हुआ
अपनी ही लाश का खुद मजार आदमी

-रवि कुमार, कांगड़ा

## आपकी डायरी

विकास की
अंधी दौड़ में,
रेत, बजरी और
पत्थर पानी की
मांग बहुत बड़ी है,,,,,!
कैसी विकास की दौड़
चली है... !



डॉ. कमल के प्यासा।


अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

### प्रकृति के शृंगार और देव आशीर्वाद का संगम है हिमाचल का जिला कांगड़ा, अकबर का घमंड टूटा, पांडवों ने बिताया अज्ञातवास

# खुद में कई रहस्यों को छिपाए हैं कांगड़ा के ये देवालय

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

यहां कण-कण में देवताओं का वास है तथा यही कारण है कि हिमाचल प्रदेश की धरा को देवभूमि के नाम से जाना जाता है। प्रदेश का नाम लेते ही जनमानस के मन में देवदारों की शृंखलाबद्ध पंक्तियों से सुसज्जित पहाड़ों और बर्फबारी की सफेद चादर की तस्वीर मन-मस्तिष्क में घूम जाती है। न सिर्फ कुदरत के बेपनपाह खूबसूरत नजारों, बल्कि देवी-देवताओं के अनगिनत छोटे-बड़े मंदिर भी यहां की एक विशेष पहचान हैं। यहां आकर हर कोई भोले-भाले हिमाचली लोगों की इस मातृभूमि में भक्ति के रंग में जैसे रंग जाता है। यही वजह है कि देश के अलावा विदेशों से पहुंचने वाले कई विदेशी यायावर भी यहां मंदिरों में माथा टेककर इस देवभूमि की आस्थाओं को नमन करने पहुंचते हैं। प्रदेश के सबसे बड़े कांगड़ा जिले की खूबसूरती के साथ-साथ यहां पर स्थित मंदिर भी एक अलग विशेषता रखते हैं। कांगड़ा जिले के मंदिर सबको शहरों की भागमभाग तथा भीड़ से दूर शांति और एकांत का अनुभव करवाते हैं। इसी कड़ी में आपको रू-ब-रू करवाएंगे कांगड़ा के कुछ विख्यात मंदिरों से जहां देश के विभिन्न राज्यों से हर साल हजारों श्रद्धालु जुटते हैं।




## नगरकोट का यह मंदिर है खासा विख्यात

**बज्रेश्वरी** मंदिर विश्व में एक शक्ति पीठ के रूप में जाना जाता है, जो नगरकोट यानी कांगड़ा शहर में स्थित है। हिंदू पौराणिक कथाओं में कहा गया है कि भगवान शिव ने अपने कंधे पर अपनी पत्नी देवी सती के जलते शरीर के साथ तांडव किया। भगवान शिव के गुस्से और उदासी को रोकने के लिए भगवान विष्णु ने देवी सती के शरीर को 51 भागों में विभाजित किया, जिसका प्रत्येक भाग दुनिया के विभिन्न हिस्सों में गिरा और एक शक्तिपीठ बन गया। जलती हुई देवी सती का बायां वक्षस्थल उस भूमि पर गिरा, जहां बज्रेश्वरी मंदिर आज भी खड़ा है। यही कारण है कि कांगड़ा का यह मंदिर सभी भक्तों के मन में एक विशेष महत्व रखता है और इसे हिमाचल प्रदेश में शीर्ष मंदिरों में से एक माना जाता है।



श्री बज्रेश्वरी माता मंदिर नगरकोट कांगड़ा।

## शिव की भक्ति का केंद्र है बैजनाथ मंदिर

**बैजनाथ** मंदिर वास्तुकला की प्राचीन शैली का एक शानदार उदाहरण है, जिसे 'नागरा' के रूप में जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि भगवान शिव अभी भी शिवलिंग के श्वेताम्बु रूप में यहां निवास करते हैं। इस मंदिर में पूजा 1204 एडी से की जाती रही है। इस कारण से बैजनाथ मंदिर कांगड़ा में सबसे सांस्कृतिक रूप से समृद्ध मंदिरों में से एक है।




## पांडवों ने बनाया था आशापुरी मंदिर




आशापुरी मंदिर औसत समुद्र तल से 5,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। स्थानीय लोगों का मानना है कि मंदिर पर मुगलों के हमले के दौरान ततैयों ने इसका बचाव किया था। इस किंवदंती के कारण ही यह मंदिर स्थानीय लोगों के बीच बेहद लोकप्रिय है। कहा जाता है कि इस मंदिर को पांडवों ने अपने निर्वासन के दौरान बनाया था।

## तांत्रिक सिद्धियों की देवी है मां बगलामुखी

**मां** बगलामुखी मंदिर कांगड़ा में एक और शक्तिपीठ है। यहां साधना और सिद्धि पूजा दोनों होते हैं। मां बगलामुखी या मां पीतांबरी हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, दस महाविद्याओं में से एक हैं। वह अपने भक्तों को हर तरह की बुराइयों और विपतियों से बचाती है। यह कांगड़ा के सबसे प्रख्यात मंदिरों में से एक है।




## बहुत विख्यात है शक्तिपीठ चामुंडा

चामुंडा देवी मंदिर हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में है। यह पालमपुर से लगभग 10 किलोमीटर पश्चिम में बनेर नदी पर है। कहते हैं कि करीब 400 साल पहले इस शक्तिपीठ का निर्माण हुआ था। चंड तथा मुंड नामक दो राक्षसों के वध के बाद माता को चामुंडा नाम मिला तो वहीं, यहां स्थित प्राचीन शिव मंदिर में परंपरा के अनुसार, आज भी घाट में शव न आने पर घास के पुतले का अंतिम संस्कार किया जाता है।




## रॉक कट शैली का उदाहरण है मसरूर टेंपल

मसरूर मंदिर रॉक-कट मंदिर का एक अद्वितीय व बेहतरीन उदाहरण है। यह मंदिर पर्यटकों को आश्चर्यचकित कर देता है। इसका कारण इसकी अद्भुत वास्तुकला की शैली है। यह मंदिर एक पहाड़ी की चोटी पर स्थित है, जिसके कारण इस मंदिर तक पहुंचना और मंदिर में पूजा करने का एक अलग ही अनुभव भक्तों को मिलता है। यह अन्य प्रसिद्ध कांगड़ा मंदिरों से बहुत अलग है।




## पर्यटन नगरी में बसा है भागसूनाग मंदिर

भागसू नाग मंदिर सिर्फ धार्मिक ही नहीं, ऐतिहासिक रूप से भी बेहद महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल है। यह मंदिर लगभग 5100 साल पुराना है और इसके किनारे एक झरना बहता है। यह कांगड़ा के सबसे पुराने मंदिरों में से एक है। मंदिर में एक धर्मशिला विद्यमान थी जिसके कारण प्रसिद्ध हॉलिडे स्पॉट धर्मशाला का नाम पड़ा।




## अकबर ने मांगी माफी, विज्ञान भी हुआ फेल

**कांगड़ा** में प्रसिद्ध ज्वाला जी मंदिर हिमाचल प्रदेश राज्य के कांगड़ा जिले के ज्वालामुखी शहर में निचले हिमालय में स्थित है, जो धर्मशाला से करीब 55 किलोमीटर दूर है। यहां प्राकृतिक रूप से जलने वाली ज्योति का रहस्य कई प्रयासों के बाद भी वैज्ञानिक जानने में असफल रहे हैं। ज्वालाजी, ज्वाला देवी और ज्वालामुखी के नाम से भी जानी जाती है। ऐतिहासिक रूप से ज्वाला जी को समर्पित मंदिर में मां सती की जीभ गिरी थी। इस मंदिर में माता के दर्शन ज्योति रूप में होते हैं। ज्वालामुखी मंदिर के समीप में ही बाबा गोरा नाथ का मंदिर है, जिसे गोरख डिब्बी के नाम से जाना जाता है। मंदिर में माता की नौ




ज्योतियां हैं जिन्हें, महाकाली, अन्नपूर्णा, चंडी, हिंगलाज, विंध्यावासनी, महालक्ष्मी, सरस्वती, अम्बिका के नाम से जाना जाता है। कहते हैं कि अकबर ने अपने गर्व से अभिभूत होकर माता के मंदिर में सोने का छत्तर चढ़ाया था जो काला पड़ गया था तथा इसके बाद अकबर माता ज्वालामुखी के आगे माफी मांगने को मजबूर हो गया था।

## आठ माह जलमग्न रहता है बाथू की लड़ी मंदिर

कांगड़ा जिले में स्थित बाथू का मंदिर महाराणा प्रताप सागर झील में पौंग बांध की दीवार से 15 किलोमीटर दूर एक टापू पर बना है। इसकी खासियत है कि यह मंदिर आठ माह पानी में डूबा रहता है और फरवरी से जुलाई तक चार माह ही भक्तों को दर्शन देता है। बाथू मंदिर परिसर में मुख्य मंदिर के अलावा अन्य आठ छोटे मंदिर भी हैं, जिन्हें दूर से देखने पर एक माला में पिरोया हुआ-सा प्रतीत होता है, इसलिए इस मंदिर को बाथू की लड़ी (माला) कहा जाता है। कहते हैं कि इस मंदिर का निर्माण पांडवों ने करवाया था। पांडवों ने अपने अज्ञातवास के दौरान यहीं अपनी स्वर्ग की सीढ़ी बनाने की कोशिश भी की थी, हालांकि, वो इसे बनाने में सफल नहीं हो सके थे, क्योंकि इन सीढ़ियों का निर्माण उन्हें एक रात में करना था। इस मंदिर में स्वर्ग में जाने वाली 40 सीढ़ियां आज भी मौजूद हैं।




# दरदेहड़ा गांव में सर्दियों में पानी की बूंद-बूंद को तरसे ग्रामीण

### ग्रामीणों ने सीएम व कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी से की समस्या के समाधान की मांग

**अनंत ज्ञान, भराड़ी**

घुमारवीं उपमंडल की पंतेहडा पंचायत के दरदेहड़ा गांव में पानी की भारी किल्लत है। यहां के ग्रामीण पानी की बूंद-बूंद के लिए तरस रहे हैं। यहां पेयजल योजना के नाम पर राजनीतिक दलों ने ग्रामीणों की भावनाओं के साथ जमकर खिलवाड़ किया है।



भाजपा हो या कांग्रेस सत्ताधारी दलों ने सत्ता में काबिज होने के लिए पेयजल योजना के नाम पर हर बार यहां के लोगों को गांव के लिए नए सिरे से पेयजल योजना का निर्माण करने के झूठे आश्वासन देते हैं और वे सिर्फ भाषणों तक सीमित रहती है और उसी के बल पर सत्ता पर काबिज होते ही राजनीतिक दल इस गांव के लोगों की इस ज्वलंत समस्या को भूल जाते हैं। स्थानीय निवासी ब्रह्मदास, बख्सी राम, राजेश, राकेश, मनोहर और पिंकू ने बताया कि गांव में पेयजल की समस्या पिछले कई वर्षों से चल रही है। इसके लिए स्थानीय पंचायत के माध्यम से विधायक से लेकर मुख्यमंत्री तक हर जगह ग्रामीणों ने पेयजल योजना के निर्माण के लिए गुहार लगाई, मगर आज तक किसी ने कोई सुनवाई नहीं की, परिणामस्वरूप गांव के घरों में लगे नलों में कई कई दिन तक पानी नहीं आता है और नल सूखे पड़े रहते हैं।

ग्रामीणों ने सीएम व घुमारवीं विधानसभा विधायक व कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी से समस्या के समाधान के लिए लगाई गुहार है। ग्रामीणों का कहना है कि कई दिनों से पानी के लिए तरस रहे ग्रामीणों ने पेयजल योजना के लिए गांव में हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है, जिसके माध्यम से अब ग्रामीण ने कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भेजा गया है।

उधर, इस संदर्भ में सहायक अभियंता उपमंडल भराड़ी पवन शर्मा ने बताया कि कम वोल्टेज की समस्या एक मुख्य कारण बन रही है जिससे पेयजल आपूर्ति कम हो रही है, फिर भी इस समस्या से किस प्रकार निजात मिल सकती है, उसके लिए स्थायी हल निकालने की कोशिश करेंगे ताकि स्थानीय लोगों को परेशानी से छुटकारा मिल सके।

## फागू में पुलिस ने चिट्टे के साथ दबोचा युवक

**ठियोग।** फागू में चेकिंग के दौरान पुलिस ने युवक से मादक पदार्थ चिट्टा बरामद किया है। मामले की एफआईआर प्रभारी स्पेशल सैल शिमला की सूचना पर दर्ज किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, शुक्रवार रात 10 बजे पेट्रोलिंग के दौरान जब स्पेशल सैल की टीम एनएच-पांच पर होटल एप्पल ब्लॉसम फागू के पास मौजूद थी। सड़क किनारे एक कार नंबर एचपी 09ए 7132 संदिग्ध हालत में खड़ी थी जिसमें राजेश कुमार पुत्र स्व. देवी चंद निवासी गांव रिहारी पीओ धरेच तह. ठियोग जिला बैठा हुआ था।

उससे जब रात को कार में अकेले बैठने का कारण पूछा गया तो वह घबरा गया। शक होने पर चेकिंग के दौरान इसके कब्जे से 6.14 ग्राम चिट्टा बरामद हुई है। ठियोग के डीएसपी ठियोग सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसे एलडी कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### राज्य सहकारी बैंक में असिस्टेंट मैनेजर पद पर चयन होने के बाद बोले पारस शर्मा

# बच्चों को सरकारी स्कूल में ही पढ़ाएं माता-पिता

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

कहते हैं कि लहरों से डरकर नाव कभी पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। ये शब्द 21 वर्षीय पारस शर्मा पर सटीक बैठते हैं। कड़ी मेहनत और अपने माता-पिता, गुरुजनों व बुजुर्गों के आशीर्वाद से पारस शर्मा ने हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक में असिस्टेंट मैनजर का पद हासिल कर लिया है। इसके साथ साथ ग्रामीण बैंक ऑफिस असिस्टेंट का टेस्ट भी पास किया है, लेकिन अब राज्य सहकारी बैंक में असिस्टेंट मैनेजर पद पर चयन होने से वह अब इसमें सेवाएं देंगे।

पारस शर्मा ने बताया कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा राजकीय प्रथमिक शिक्षा डांडीवाला, हाई स्कूल डांडापागर तथा 12वीं कक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तारूवाला से पास की है। वहीं, कॉलेज की पढ़ाई गुरु गोविंद सिंह महाविद्यालय पांवटा साहिब से की है। सबसे अच्छी बात यह है कि पारस शर्मा ने अपनी सारी पढ़ाई सरकारी स्कूल में की है और सभी क्लासों में अच्छे अंक हासिल कर स्कूल से लेकर कॉलेज तक टॉपर रहे हैं।


पारस शर्मा के चयन पर मिठाई खिलाते माता-पिता।

### हर बच्चे को अपना लक्ष्य करना चाहिए निर्धारित

पारस शर्मा के पिता नरेश शर्मा ने बताया कि यदि कोई बच्चा गलत रास्ते की बजह अच्छे रास्ते पर चले और अपने माता-पिता की भावनाओं को समझे तो मेहनत करने से बड़ी से बड़ी कामयाबी भी हासिल कर सकते हैं। हर बच्चे को अपने लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए, तभी वह अपनी कामयाबी हासिल कर सकते हैं। नरेश शर्मा ने बताया कि जब से उनकी सरकारी स्कूल में फस्ट अपॉइंटमेंट हुई थी, तब से उनका खुद का लक्ष्य था कि लोग भी इस बात को समझें कि प्राइवेट स्कूलों की अपेक्षा सरकारी स्कूलों में अच्छी फैसिलिटी और पढ़ाई के अच्छे साधन होते हैं। इसलिए उन्होंने अपने दोनों बच्चों को शुरू से ही सरकारी स्कूल में ही पढ़ाया है।

पिछले एक साल से पारस शर्मा बैंक की तैयारी घर पर ही कर रहे थे।

पारस शर्मा ने बताया कि प्राइवेट स्कूल की अपेक्षा सरकारी स्कूलों में अच्छी पढ़ाई होती है, इसलिए सभी बच्चों के माता-पिता को अपने बच्चे सरकारी स्कूल में ही पढ़ाने चाहिएं। बैंक असिस्टेंट मैनेजर का पद हासिल का श्रेय पारस शर्मा ने अपने माता-पिता, बहन, गुरुजनों और व बुजुर्गों को दिया है। पारस शर्मा ने बताया कि अब उनका अगला लक्ष्य सिविल सर्विसेज है। पारस शर्मा के पिता नरेश शर्मा टीजीटी आर्ट्स पद पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सतौन में सेवा दे रहे हैं। माता संगीता ग्रहिणी हैं, बहन स्नेहा एमए हिंदी की पढ़ाई कर रही है। पारस शर्मा का चयन असिस्टेंट मैनेजर होने पर परिवार व गिरिपार क्षेत्र में खुशी की लहर है।

**परंपरा** | भारत वर्ष में कई मान्यताओं और रीति-रिवाजों से भरा है मकर संक्रांति का पर्व, भीष्म पितामह ने भी अपनी देह त्यागने के लिए मकर संक्रांति का किया था चयन

# मकर संक्रांति पर गंगा सागर में तीर्थयात्री अपनी आत्मा को शुद्ध करने के लिए लगाते हैं डुबकी

**भारत** वर्ष में अनंत काल से हिंदू समाज में शास्त्रों की आज्ञा और पुरातन रीति रिवाजों को निभाने की परंपरा रही है, जो आज भी कायम है। हालांकि कुछ प्रचलित मान्यताओं में समय के साथ-साथ छुटपुट परिवर्तन भी होता रहा है। हिंदू धर्म में पूरे एक वर्ष में करीब 111 त्योहार अलग-अलग रूपों में मनाए जाते हैं। इन त्योहारों में वसंत ऋतु के आगमन के साथ ही देश में मकर संक्रांति का पर्व भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता हैं। हिंदू समाज में मकर संक्रांति के पवित्र पर्व की महानता इसलिए भी बढ़ जाती है क्योंकि मकर संक्रांति के दिन गंगाजी भागीरथ के पीछे-पीछे चलकर कपिल मुनि के आश्रम से होकर सागर में जाकर उनसे मिलीं।

गंगा को धरती पर लाने वाले महाराज भागीरथ ने अपने पूर्वजों के लिए इस दिन तर्पण किया था। उनका तर्पण स्वीकार करने के बाद इस दिन गंगा समुद्र में जाकर मिल गई थी। इसलिए मकर संक्रांति पर गंगा सागर में मेला लगता है। कुंभ मेले के बाद दूसरा सबसे लोकप्रिय मेला गंगा सागर मेला है। यह पश्चिम बंगाल के सागर द्वीप में आयोजित होने वाला भारत का सबसे बड़ा मेला है और इसमें बड़ी संख्या में लोग आते हैं। बड़े जोश और उत्साह के साथ मनाया जाने वाला यह त्योहार सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व रखता है, जहां तीर्थयात्री अपनी आत्मा को शुद्ध करने के लिए गंगा के पवित्र जल में डुबकी लगाते हैं।


लेखक, जय सिंह ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार, शिमला

सर्दियों के दौरान आयोजित होने वाला यह मेला तीर्थयात्रियों का एक वार्षिक जमावड़ा है, जिसमें सागरद्वीप और उसके आसपास कई अनुष्ठान, दीपक जलाए जाते हैं और मंत्रोच्चारण किया जाता है। हिंदू धर्म को अति प्राचीन ग्रंथ महाभारत में मकर संक्रांति को प्रधानता दी गई है। महाभारत काल के महान योद्धा भीष्म पितामह ने भी अपनी देह त्यागने के लिए मकर संक्रांति का ही चयन किया था। उत्तर भारत में इसे खिचड़ी आदि खाकर मनाया जाता है, जबकि गुजरात में यह पर्व पतंगोत्सव के रूप में मनाया जाता है। अलग-अलग मान्यताओं के अनुसार इस पर्व के पकवान भी अलग-अलग होते हैं, लेकिन दाल और चावल की खिचड़ी इस पर्व की प्रमुख पहचान बन चुकी है। विशेष रूप से गुड़ और घी के साथ खिचड़ी खाने का महत्व है, इसलिए उत्तर भारत में इस पर्व को खिचड़ी साजी के नाम से भी जाना जाता है।

इसके अलावा तिल और गुड़ का भी मकर संक्रांति पर बेहद महत्व है। हिंदू समाज में मकर संक्रांति पर दान का बहुत महत्व है। विशेषकर इस दिन तिल, खिचड़ी, गुड़ एवं कंबल दान करने का महत्व है। हिमाचल प्रदेश में माघ साजी को मकर संक्रांति के रूप में मनाया जाता है।

देश भर में इस त्योहार को कई अलग-अलग नामों से जाना जाता है। हालांकि, इसके विपरीत यह त्योहार चंद्रमा की विभिन्न स्थितियों के आधार पर मनाए जाने वाले अन्य हिंदू त्योहारों में से एक है। इस दिन से दिन बड़े होने लगते हैं जबकि रातें छोटी होने लगती हैं, यह पर्व एक संक्रांति पर्व है। इस दिन, दिन और रात बराबर होने से वसंत ऋतु का आगमन शुरू हो जाता है।

हिंदू पंचांग के अनुसार इस समय कंपकंपाती ठंड से भरा पौष मास अपने उत्तरायण को पहुंचा है और वसंत के स्वागत के लिए माघ महीने की शुरुआत होती है। इसी माघ महीने की प्रथमा को मकर संक्रांति मनाई जाती है।

### हिमाचल में अलग अंदाज में मनाते हैं त्योहार

**पहाड़ी** प्रदेश हिमाचल प्रदेश में तो हमेशा से त्योहारों को एक अलग अंदाज में मनाने की परिपाटी रही है। शिमला और इसके आसपास के क्षेत्रों में इसे साजे के रूप में मनाया जाता है। इस दिन लाल चावलों से खिचड़ी बनाई जाती है, जिसे किसर कहते हैं। कुल्लू में मकर संक्रांति का त्योहार मनाने का अपना ही अंदाज है। सदियों से चली आ रही परंपरा के अनुसार कुल्लू में लोग अपने निकट संबंधियों को जौ (जूब) प्रदान कर सुरक्षित सर्द ऋतु गुजर जाने पर खुशियां मनाते हैं। लोग अपने घरों में कई प्रकार के व्यंजन भी बनाते हैं। कुल्लू जिला में यह त्योहार सात दिनों तक मनाया जाता है। कुल्लू के प्राचीन गांव मलाणा के आराध्य देवता जमदग्नि ऋषि की पूजा-अर्चना की जाती है। मकर संक्रांति पर कुल्लू जिले में देवालयों में देवी-देवताओं के स्वर्ग प्रवास से लौटने के बाद पूजा-अर्चना की परंपरा रही है। मकर संक्रांति का पर्व भी भगवान रघुनाथ के पर्वों में से एक है। इसलिए इस अवसर पर भगवान रघुनाथ की विशेष पूजा की जाती है। वसंत ऋतु का आगमन अपने आप में उमंग और उल्लास का वातावरण तैयार कर लोगों के चित को तो शुद्ध करता ही है, साथ ही यह त्योहार हिंदू त्योहारो में वर्ष भर होने वाले अन्य त्योहारों और आयोजनों की एक बेहतर शुरुआत है, जिससे वर्ष भर के लिए साकारात्मक वातावरण का भी निर्माण होता है।

### मकर संक्रांति पर लोग पवित्र नदियों में करते हैं स्नान

भारत में संक्रांति को साजी के नाम से जाना जाता है और माघ महीने का नाम है। इस दिन लोग क्षेत्र की पवित्र नदियों में स्नान करते हैं और भगवान का आशीर्वाद लेने के लिए मंदिरों में जाते हैं। मकर संक्रांति के दिन सूर्य देव मकर राशि में प्रवेश करते हैं और अपनी गति पुन: प्राप्त करते हैं। इसी कारण से इस दिन सूर्य पूजन का विशेष महत्व माना जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, साल में कुल 12 संक्रांति आती हैं। इन्हीं में से एक है पौष माह के कृष्ण पक्ष में पड़ने वाली मकर संक्रांति जिसे शास्त्रों में अन्य सभी संक्रांतियों में सबसे अधिक शुभ और महत्वपूर्ण माना जाता है। हिंदू धर्म के अनुसार मान्यता है कि मकर संक्रांति पर भगवान सूर्य अपने पुत्र शनि से मिलने स्वयं उसके घर जाया करते हैं। शनिदेव को मकर राशि का स्वामी माना जाता है और इस दिन को मकर संक्रांति के नाम से जाना जाता है। मकर संक्रांति के दिन पश्चिम भारत में काले रंग के कपड़े पहनना बहुत ही शुभ माना जाता है। एक मान्यता है कि अपनी दिशा छोड़ उत्तर दिशा में प्रवेश करने पर किसी भी व्यक्ति पर कोई आपदा न आए न ही कोई दुष्प्रभाव पड़े, इसलिए हिंदू समाज में इस दिन का विशेष महत्व है।

## 22 जनवरी को बंद रखी जाएं मांस और शराब की दुकानें

**नाहन।** अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान राम की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सिरमौर जिला में शराब और मीट की दुकानों को बंद रखने की मांग की गई है क्योंकि उत्तर प्रदेश समेत अन्य कई राज्यों में 22 जनवरी को मांस और शराब की बिक्री पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।

इसी को लेकर जैन सभा, सनातन धर्म सभा और श्याम परिवार नाहन का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त सिरमौर से मिला। सनातन धर्म सभा के प्रधान राजीव बंसल, जैन समाज के प्रधान विजय जैन व श्याम परिवार के प्रधान अखिल बंसल समेत प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों ने ने उपायुक्त से गुहार लगाई कि हिंदू धर्म की आस्था के मद्देनजर 22 जनवरी को सिरमौर में भी तमाम मांस-मदिरा की दुकानें बंद रखी जाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### पारी के आगाज के लिए मैं तैयार : स्मिथ

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में पारी का आगाज करने के लिए तैयार स्टीव स्मिथ ने शनिवार को कहा कि यह उनके लिए नई भूमिका नहीं है, क्योंकि वह तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते रहे हैं तथा उन्हें नई गेंद का सामना करने की चुनौती पसंद है। स्मिथ ने कहा कि मार्नस तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी कर रहा है और इसलिए मुझे अपनी बारी के लिए थोड़ा लंबा इंतजार करना पड़ता है। मुझे बल्लेबाजी के लिए इंतजार करना पसंद नहीं है, इसलिए मुझे लगा कि क्यों न मैं पारी की शुरुआत करने में हाथ आजमाऊं। ऐसे में कैमरन ग्रीन को भी टीम में रखा जा सकता है और आप अपने सर्वश्रेष्ठ छह बल्लेबाजों के साथ खेल सकते हैं। उन्होंने कहा कि मैं इसको लेकर उत्साहित हूं। मुझे नई गेंद का सामना करना पसंद है। अगर आप एशेज 2019 पर गौर करो तो मैं अधिकतर समय नई गेंद का सामना करने के लिए उतरा। इसके अलावा मैंने वर्षों तक तीसरे नंबर पर भी बल्लेबाजी की है तथा नई गेंद का अच्छी तरह से सामना किया है। मैं इस चुनौती के लिए तैयार हूं।

### फॉर्मूला ई से जुड़ने का सही समय : जेहान

**मैक्सिको सिटी।** भारतीय रेसर जेहान दारूवाला को इस बात का खेद नहीं है कि उन्होंने फॉर्मूला वन में जगह बनाने के लिए जूनियर सीरीज में कुछ अतिरिक्त वर्ष लगाए और उन्होंने कहा कि यह फार्मूला ई से जुड़ने का सही समय है। जेहान ने चार साल फार्मूला 2 में रेड बुल जूनियर टीम का हिस्सा रहने के बाद अब फॉर्मूला ई की तरफ रुख किया है। वह फॉर्मूला वन में जगह बनाने में नाकाम रहे। फॉर्मूला 2 में समय बिताने के बाद वह एक साल तक फॉर्मूला ई में महिंद्रा रेसिंग के साथ रिजर्व ड्राइवर रहे। जेहान ने यहां फार्मूला ई रेस से पहले कहा कि हां अब सब कुछ भिन्न है। मैंने इतने वर्षों तक फॉर्मूला वन ने जगह बनाने का प्रयास किया। मुझे इसका कोई अफसोस नहीं है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि मैं यहां (फॉर्मूला ई) सही समय पर आया हूं। अब मैं काफी परिपक्व हूं। अभी मैं केवल 25 वर्ष का हूं और काफी युवा हूं।

### मौजूदा दौर के बल्लेबाजों में धैर्य की कमी

**पार्ल (दक्षिण अफ्रीका)।** दक्षिण अफ्रीका के महान क्रिकेटर जाक कैलिस का मानना है कि मौजूदा दौर के बल्लेबाजों में धैर्य की कमी है और टेस्ट मैचों में मुश्किल परिस्थिति में रक्षात्मक बल्लेबाजी की जगह आक्रामक बल्लेबाजी करना पसंद करते हैं। सचिन तेंदुलकर के बाद सबसे ज्यादा टेस्ट शतक (45) लगाने वाले इस बल्लेबाज ने कहा कि इस बात पर अभी विचार जारी है कि मौजूदा समय के बल्लेबाजों का यह रवैया सही है या गलत। कैलिस ने कहा कि मुझे लगता है कि यह बदल गया है। अगर पिच से गेंदबाजों को थोड़ी सी भी मदद मिलती है तो बल्लेबाज धैर्य देखना पसंद नहीं करते है।

# सीरीज जीतने उतरेगा भारत कोहली की होगी वापसी




**एजेंसी, इंदौर**

**अफगानिस्तान** के खिलाफ सीरीज में जीत को अब भी क्रिकेट की बड़ी उपलब्धियां में नहीं गिना जाएगा, लेकिन भारत के कुछ खिलाड़ी रविवार को होने वाले दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में इसे हासिल करने के लिए बेताब होंगे, ताकि वह टीम में अपनी जगह पक्की करने के लिए दावा मजबूत कर सकें।

भारत ने मोहाली में खेले गए पहले मैच में 6 विकेट से जीत दर्ज करके तीन मैच की सीरीज में 1-0 से बढ़त बनाई। ऐसे में जितेश शर्मा, वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल जैसे खिलाड़ियों के लिए यह अनिवार्य हो गया है कि वह अफगानिस्तान के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करके चयनकर्ताओं की नजर में बने रहें, जिनका लक्ष्य टी-20 विश्व कप के लिए अदद टीम का चयन करना है। भारतीय टीम को जून में होने वाले विश्व कप से पहले कोई अन्य टी-20 सीरीज नहीं खेली है और ऐसे में अफगानिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन काफी मायने रखता है।

जितेश ने ईशान किशन को पीछे छोड़कर विकेटकीपर बल्लेबाज की दौड़ में खुद को आगे कर दिया है। उन्होंने निचले मध्यक्रम में कुछ उपयोगी पारियां खेली हैं और वह अपना दावा पक्का करने के लिए बड़ी पारियां खेलने की कोशिश करेंगे। तिलक वर्मा का मामला भी ऐसा ही है। उन्होंने पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैच की सीरीज में 39, 51 और नाबाद 49 रन बनाकर शानदार शुरुआत की थी, लेकिन इसके बाद वह अगली 13 पारियों में केवल एक अर्धशतक लगा पाए। इस 21 वर्षीय बल्लेबाज के लिए यह आंकड़े पर्याप्त नहीं होंगे और उन्हें बड़ी पारी खेलने की जरूरत है। हालांकि यह देखना होगा कि वह अंतिम एकादश में जगह बना पाते हैं कि नहीं, क्योंकि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पहले मैच में नहीं खेल पाने के बाद इस मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। चोटिल होने के कारण वनडे विश्व कप में नहीं खेल पाने वाले अक्षर अब सीमित ओवरों ही नहीं, बल्कि टेस्ट मैचों में खेलने के लिए भी तैयार है। बाएं हाथ के इस स्पिनर को के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है।

### भारतीय टीम अफगानिस्तान को हल्के से लेने की नहीं करेगी कोई गलती

**भारतीय** टीम अफगानिस्तान को हल्के से लेने की गलती नहीं करेगी, क्योंकि उसके पास कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। युवा रहमानुल्लाह गुरबाज, अजमतुल्लाह उमरजई और अनुभवी मोहम्मद नबी किसी भी तरह के गेंदबाजी आक्रमण को तहस नहस करने की क्षमता रखते हैं। गेंदबाजी विभाग में स्टार स्पिनर राशिद खान की अनुपस्थिति के बावजूद अफगानिस्तान के पास मुजीब उर रहमान जैसा उपयोगी स्पिनर है। तेज गेंदबाजी विभाग में नवीन उल हक और फजलहक फारूकी अच्छी भूमिका निभा रहे हैं।

#### भारत

**रोहित** शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान, मुकेश कुमार।

#### अफगानिस्तान

इब्राहिम जादरान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), हजरतुल्लाह जजई, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, करीम जनत, अजमतुल्लाह उमरजई, शराफुद्दीन अशरफ, मुजीब उर रहमान, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद , नवीन उल हक, नूर अहमद, मोहम्मद सलीम, क़ैस अहमद, गुलबदीन नायब, राशिद खान।



## सात्विक और चिराग की जोड़ी मलेशिया ओपन के फाइनल में

**कुआलालंपुर।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल ने शनिवार को कांग मिन ह्युक और सियो सेउंग जे की कोरियाई जोड़ी को सीधे गेम में हराकर मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल फाइनल में प्रवेश किया। पिछले साल एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली दुनिया की दूसरे नंबर की भारतीय जोड़ी ने 47 मिनट तक चले रोमांचक सेमीफाइनल मैच में 21-18 22-20 से जीत दर्ज की। दूसरी वरीयता प्राप्त सात्विक और चिराग ने शुक्रवार को सेमीफाइनल में चीन के रेन जियांग यू और हे जी टिंग को सीधे गेम में हराया था।

## महिला ओलंपिक क्वालीफायर : जर्मनी ने चिली को 3-0 से दी शिकस्त

**एजेंसी, रांची**

**खिताब** के प्रबल दावेदार जर्मनी ने दमदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को अपने से कम रैंकिंग के चिली को 3-0 से शिकस्त देकर एफआईएच महिला ओलंपिक हॉकी क्वालीफायर में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।

विश्व में पांचवें नंबर की टीम जर्मनी ने पूल बी के शुरुआती मैच में सेलिन ओरुज (7वें मिनट), जेटे फ्लेस्कट्ज (10वें) और लिसा नोल्टे (38वें) के गोल की मदद से दुनिया की 14वें नंबर की टीम चिली पर आसान जीत दर्ज की। जर्मनी ने उम्मीद के अनुरूप आक्रामक शुरुआत की और मैच में अधिकतर समय अपना दबदबा बनाए रखा। चिली की टीम टुकड़ों में ही अच्छा प्रदर्शन कर पाई।

जर्मनी ने दूसरे मिनट में ही पेनल्टी कार्नर हासिल किया, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया। ओरुज ने हालांकि जल्द ही दूसरे पेनल्टी कार्नर को गोल में बदल दिया। इसके तीन मिनट बाद फ्लेस्कट्ज ने मैदानी गोल दागा। इसके बाद चिली ने भी दो पेनल्टी कार्नर हासिल किए, लेकिन वह उनका फायदा नहीं उठा पाया। नोल्टे ने 38वें मिनट में मैदानी गोल करके जर्मनी की जीत सुनिश्चित की।




## क्वालीफायर एलेजांद्रो टेबिलो बने ऑकलैंड क्लासिक के चैंपियन

▶ टारो डेनियल को सीधे सेटों में हराया



**ऑकलैंड (न्यूजीलैंड)।** एलेजांद्रो टेबिलो ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को टारो डेनियल को सीधे सेटों में हराकर एटीपी ऑकलैंड क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। टेबिलो ने डेनियल को फाइनल में 6-3, 7-5 से पराजित करके अपने करियर का पहला एटीपी खिताब जीता। टेबिलो क्वालीफाइंग दौर के दो और मुख्य ड्रॉ में तीन मैच जीतकर फाइनल में पहुंचे थे। इस बीच क्वार्टर फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त कैमरन नोरी के कलाई की चोट के कारण हट जाने से भी उनको फायदा मिला। उन्होंने सेमीफाइनल में छठी वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को हराकर अपने दूसरे एटीपी फाइनल में जगह बनाई थी। दोनों खिलाड़ी अब ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लेंगे, जहां डेनियल पहले दौर में क्रिस यूबैंक्स से और टैबिलो अमेरिकी क्वालीफायर अलेक्जेंडर कोवासेविच से भिड़ेंगे।

## एम्मा नवारो ने जीता होबार्ट इंटरनेशनल का खिताब



▶ संघर्षपूर्ण फाइनल में दो बार की चैंपियन एलिस मर्टेंस को किया चित

**एजेंसी, होबार्ट**

**अमेरिका** की दूसरी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो ने शनिवार को संघर्षपूर्ण फाइनल में दो बार की चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त एलिस मर्टेंस को हराकर होबार्ट इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता।

पहली बार किसी डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट के फाइनल में खेल रही नवारो ने मर्टेंस को तीन सेट में 6-1, 4-6, 7-5 से हराकर जीत हासिल की। यह मैच दो घंटे 48 मिनट तक चला।

इस तरह से अमेरिका की किसी खिलाड़ी ने लगातार दूसरे साल इस प्रतियोगिता का खिताब जीता। पिछले साल अमेरिका की ही लॉरेन डेविस यहां चैंपियन बनी थी।

नवारो को ऑस्ट्रेलियाई ओपन में 27वीं वरीयता दी गई है और उनका पहला मुकाबला चीन की वांग जियू से होगा। मर्टेंस को 25वीं वरीयता दी गई है और वह पहले दौर में मिस्र की मेयर शेरिफ से भिड़ेगी।

## कैफ का हरफनमौला प्रदर्शन, पहली पारी में बंगाल की बढ़त 128 रन

**एजेंसी, कानपुर**

**मोहम्मद** कैफ ने जादुई स्पैल डालने के बाद नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 45 रन बनाए, जिससे बंगाल की टीम शनिवार को रणजी ट्राफी ग्रुप बी मैच के दूसरे दिन मेजबान उत्तर प्रदेश पर पहली पारी के आधार से 128 रन की बढ़त बनाने में सफल रही।

बंगाल ने ग्रीन पार्क की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में सुबह पांच विकेट पर 95 रन के स्कोर से खेलना शुरू किया, जिसमें भारतीय तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने 41 रन देकर आठ विकेट झटके।

पहली पारी में 60 रन पर सिमटने वाली उत्तर प्रदेश की टीम ने स्टंप तक बिना विकेट गंवाए 46 रन बना लिए थे। समर्थ सिंह 21 और आर्यन जुयाल 20 रन बनाकर खेल रहे हैं। उत्तर प्रदेश 82 रन से पीछे है, जिससे तीसरा दिन दिलचस्प होने की उम्मीद है।

बंगाल ने सुबह तीन विकेट 15 रन में ही गंवा दिए, लेकिन कैफ ने 79 गेंद खेलकर नाबाद 45 रन बनाए और शीर्ष स्कोरर रहे।

पुछल्ले बल्लेबाज कैफ और सूरज सिंधू जायसवाल (20 रन) ने नौवें विकेट के लिए 52 रन जोड़े और बंगाल को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। कैफ ने पारी के दौरान चार चौके और दो छक्के जड़े। सूरज के आउट होने के बाद कैफ ने इशान पोरेल (10) के साथ अंतिम विकेट के लिए 26 अहम रन जोड़े।

### 41 बार की चैंपियन मुंबई ने आंध्र के खिलाफ बनाया दबदबा

**ग्रुप** के एक अन्य मैच में 41 बार की चैंपियन मुंबई ने आंध्र के खिलाफ दबदबा बनाया। पहली पारी में 395 रन का स्कोर बनाने के बाद मुंबई के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन दिखाया और स्टंप तक आंध्र के 98 रन पर तीन विकेट झटक लिए। इससे आंध्र की टीम 297 रन से पिछड़ रही है। मुंबई ने निचले क्रम के बल्लेबाज तनुष कोटियान और मोहित अवस्थी की बदौलत छह विकेट पर 281 रन के स्कोर से उबरते हुए पहली पारी में अच्छा स्कोर बनाया। कोटियान ने 54 रन और अवस्थी ने 53 रन की अर्धशतकीय पारी खेली।

### पटना ने बनाई 103 रन की बढ़त, बिहार की टीम पहली पारी में 108 रन पर सिमटी

**पटना** में एक अन्य मैच में छत्तीसगढ़ ने स्टंप तक एक विकेट पर 211 रन बनाकर बिहार पर 103 रन की बढ़त बना ली। ऋषभ तिवारी 98 और आशुतोष सिंह 81 रन पर बल्लेबाजी कर रहे हैं। बिहार की टीम पहले दिन पहली पारी में 108 रन पर सिमट गई थी। गुवाहाटी में केरल ने सचिन बेबी (131) के शतक तथा रोहन कुन्नुमल (83), कृष्णा प्रसाद (80) और रोहन प्रेम (50) के अर्धशतकों से पहली पारी 419 रन पर समाप्त की। इसके बाद उसने स्टंप तक असम के 14 रन तक दो विकेट झटक लिए।

## भारतीय फुटबाल टीम को ऑस्ट्रेलिया से हारी



अल रेयान (कतर)। भारत ने शनिवार को यहां एएफसी एशियाई कप फुटबाल टूर्नामेंट के शुरुआती ग्रुप मैच में 50वें मिनट तक मजबूत ऑस्ट्रेलियाई टीम को गोल नहीं करने दिया, लेकिन अंत में उसे 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया के लिए ग्रुप बी के इस मैच में जैक्सन इरविन ने 50वें और जोर्डन ब्रोस ने 73वें मिनट में गोल दागा। भारत 18 जनवरी को दूसरे मैच में उज्बेकिस्तान से भिड़ेगा।